आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

दैनिक अवन्तिका

आज
* भाई दूज

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 298 | उज्जैन, बुधवार 11 नवम्बर, 2026 | कार्तिक शुक्ल 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा ईरान से जंग लगभग खत्म

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने सोमवार को कहा कि फिलहाल अमेरिका मौजूदा स्थिति बनाए रखेगा। किसी भी बदलाव की स्थिति में अमेरिकी सेना तैयार है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, सैन्य तौर पर ईरान का मामला लगभग खत्म हो चुका है। ईरान की लीडरशिप खत्म कर दी गई है। हालांकि, अमेरिका अब भी यह सुनिश्चित करना चाहता है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय के लिए टल जाए।

आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण का तीसरी बार तलाक

हैबदराबाद। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण तथा उनकी पत्नी अन्ना कोनिडेला ने आपसी सहमति से तलाक लिया है। शादी के 13 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया। उपमुख्यमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, यह फैसला आपसी समझ और सम्मान के साथ लिया गया। दोनों ने कहा कि वे अच्छे दोस्त बने रहेंगे। पवन कल्याण और अन्ना अपने बच्चों के लिए समर्पित माता-पिता की भूमिका निभाते रहेंगे। बच्चों की खुशी और भलाई दोनों की साझा प्राथमिकता रहेगी।

हमारे बिना नहीं हो सकता दोनों गुटों का विलय

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों के संभावित विलय को लेकर चर्चाएं तेज हैं। इस बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि शरद पवार और सुनेत्रा पवार ही दोनों गुटों के एक होने पर अंतिम फैसला ले सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में बीजेपी से अभी तक किसी ने कोई औपचारिक चर्चा नहीं की है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास वर्षा में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम के दौरान फडणवीस ने कहा कि दोनों राजनीतिक दल स्वतंत्र हैं और अपने स्तर पर निर्णय ले सकते हैं।

करण जौहर ने शाहिद को स्टेज से धक्का दिया था



कियारा ने साझा किया अपनी शादी का किस्सा
दूसरी बार पेरेंट्स बनने वाले हैं कपल

मुंबई। करण जौहर के चर्चित चैट शो कॉफी विद करण के नए प्रोमो में कियारा आडवाणी ने अपनी शादी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सुनाया है। उन्होंने बताया कि शादी के दौरान करण जौहर ने शाहिद कपूर को स्टेज से नीच धकेल दिया था। इस वाकये को याद करते हुए कियारा ने शो में कई मजेदार बातें साझा कीं। कियारा ने बताया कि उनकी शादी के दौरान करण जौहर स्टेज पर डांस परफॉर्मेंस दे रहे थे। इसी बीच शाहिद कपूर भी उनके साथ स्टेज पर पहुंच गए। लेकिन कुछ देर बाद करण ने शाहिद को स्टेज से नीचे धकेल दिया। कियारा ने जब यह किस्सा सुनाया तो करण, सिद्धार्थ और शो में मौजूद सभी लोग हंसने लगे। करण ने भी इस मजेदार बातचीत में हिस्सा लिया। प्रोमो में यह पल दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। सिद्धार्थ ने मजाकिया अंदाज में कहा कि वे अपने काम को घर पर नहीं लाना चाहते और बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं। उनका यह जवाब सुनकर कियारा और करण हंसने लगे।

नैनो न्यूज

- **उज्जैन** : शहर में 1200 करोड़ से ज्यादा की सौगात, सीएम मोहन यादव बोले- सड़क चौड़ीकरण में घर खोने वाले परिवारों को सरकार देगी मुफ्त आवास।
- **पटना** : जनता की शिकायतों की अनदेखी पड़ी भारी, बिहार में सीओ-बीएलओ समेत 15 सरकारी कर्मचारी सस्पेंड।
- **नई दिल्ली** : आईआरसीटीसी से टिकट बुक करने में परेशानी:ट्रेन सिलेक्ट करने के बाद प्रोसेस आगे नहीं बढ़ रही, हाई लोड एरर बता रहा।
- **वाशिंगटन** : मिडटर्म इलेक्शन में हार से ट्रम्प बौखलाए, अमेरिका 18 हजार भारतीयों को डिपोर्ट कर सकता है, एच-1बी वीजा में और सख्ती।
- **फ्रांस** : ईरान ने सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर हैक किए, प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी, 700 सुपरमार्केट पर हमला हुआ था।
- **ऑस्ट्रेलिया** : विरोध के बीच भारत में शिफ्टिंग, कंगारू एयरलाइन का बड़ा कदम, भारतीयों को सौंपी चाबी।

सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा 2027: 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

12वीं आईएससी की परीक्षा 9 फरवरी 2027 से शुरू होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



सीआईएससीई ने 2027 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। 10वीं कक्षा में करीब 2.70 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 1.1 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षाएं 9 फरवरी से 8 अप्रैल 2027 तक आयोजित होंगी। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने वर्ष 2027 की आईसीएसई कक्षा 10 और आईएससी कक्षा 12 बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस बार दोनों परीक्षाओं में कुल 3,79,980 विद्यार्थी शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, 10वीं आईसीएसई की परीक्षा 15 फरवरी 2027 से शुरू होगी। वहीं, 12वीं आईएससी की परीक्षा 9 फरवरी 2027 से शुरू होगी।

कितने विद्यार्थी देंगे परीक्षा

सीआईएससीई की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, दोनों कक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है:

- **आईसीएसई (कक्षा 10)**: 3,106 संबद्ध स्कूलों के करीब 2.70 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे।
- **आईएससी (कक्षा 12)**: 1,651 स्कूलों के 1.1 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।
- **कुल विद्यार्थी**: दोनों परीक्षाओं में 3,79,980 विद्यार्थी शामिल होंगे।

कितने विषयों की होगी परीक्षा?

वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाओं में दोनों कक्षाओं के लिए अलग-अलग विषय और प्रश्नपत्र निर्धारित किए गए हैं। **कक्षा 10**: कुल 76 विषयों और प्रश्नपत्रों की परीक्षा होगी। **कक्षा 12**: कुल 60 विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। आईसीएसई वर्ष 2027 की परीक्षा सोमवार, 15 फरवरी 2027 से शुरू होगी और बुधवार, 31 मार्च 2027 को समाप्त होगी। यह परीक्षा भारत और विदेशों में बनाए गए कुल 2,835 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार के मुकाबले भारत में सोने की कीमत में कम गिरावट आई

भारत में गोल्ड के 14.9% ही गिरे दाम

दुनिया में 21.4% सस्ता हुआ सोना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



इस साल जनवरी में सोने ने वैश्विक बाजार में अपना ऑल टाइम हाई छुआ था। एक्सिस म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, अब गोल्ड अपने रिकॉर्ड हाई से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 21.4 फीसदी सस्ता हो चुका है। लेकिन, भारतीय बाजार में सोने का रेट केवल 14.9 फीसदी ही गिरा है। आखिर क्यों दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले भारत में सोना अब भी महंगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के दाम काफी टूट चुके हैं। दो ऐसे बड़े कारण है जिन्होंने भारत में सोने की कीमतों को वैश्विक बाजारों के मुकाबले कम गिरने दिया है। पहला और सबसे बड़ा कारण है डॉलर के मुकाबले कमजोर होता रुपया। दूसरे भारत सरकार ने सोने पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी थी। इससे भारत में आयातीत सोना महंगा हो गया। साल 2026 के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया करीब 89 से टूटकर 96 के स्तर तक पहुंच गया। जब रुपया कमजोर होता है, तो डॉलर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय आयात की लागत रुपये के संदर्भ में बढ़ जाती है।

15 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी

मार्च 2026 में सोने पर आयात शुल्क को 6 फीसदी से सीधे बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया। इस 9 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोतरी ने भारत में सोने की लैंडेड कॉस्ट को काफी बढ़ा दिया। इन दोनों कारणों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 21.4% गिरने के बावजूद भारत में सोना ज्यादा सस्ता नहीं हुआ।

हैरी बॉक्सर अमेरिका में गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हैरी बॉक्सर की अमेरिका में गिरफ्तारी के बाद मुंबई पुलिस उसकी कस्टडी हासिल करने की कोशिश करेगी। वह रोहित शेट्टी के घर फायरिंग और रणवीर सिंह से 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी है। अनमोल बिश्नोई का मामला भी चुनौती बढ़ाता है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक और बड़े गुर्गे हैरी बॉक्सर की गिरफ्तारी के बाद अब मुंबई पुलिस के सामने उसकी कस्टडी हासिल करने की चुनौती होगी। हैरी बॉक्सर को तीन दिन पहले अमेरिका में पकड़ा गया है और उसे भारत लाने की कोशिशें चल रही हैं।

सात साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए लगाया जाम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के लुक्का गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहाँ सात साल की एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव में बरगद के पेड़ के खोखले तने के अंदर बरामद हुआ जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। पुलिस को पूरी आशंका है कि आरोपी ने बड़े पत्थर से सिर पर वार कर उसकी निर्मम हत्या की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बालिका कल से लापता थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विजय नामक एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है जिससे फिलहाल कड़ी पूछताछ की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजन और ग्रामीण गरोठ सिविल अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में जमा हो गए और आरोपी को उनके हवाले करने की मांग पर अड़ गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीणा भी गरोठ पहुंचे। कार्रवाई और त्वरित न्याय की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर जाम लगा दिया और पुलिस अधिकारियों की गाड़ियों के सामने लेटकर नारेबाजी की। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि गांव में उत्सव के दौरान उसने बच्ची को संतरा खिलाने का लालच दिया और अपने घर से कुछ दूर स्थित पुराने बरगद के पेड़ के पास ले जाकर इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया।

गणित के शिक्षक की गला रेतकर हत्या

एजेंसी ▸▸ आगरा

आगरा के वीएस प्लाजा में गणित शिक्षक ओमप्रकाश यादव की हत्या के मामले में पुलिस पुराने परिचितों, दोस्तों और विद्यार्थियों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम में शरीर पर नौ चोट के निशान मिले हैं, जबकि सीसीटीवी में एक युवक शिक्षक की स्कूटी लेकर जाता दिखाई दिया है।

आगरा के आवास विकास कॉलोनी के वीएस प्लाजा में शिक्षक ओमप्रकाश यादव की हत्या के मामले में पुलिस दो बिंदुओं पर जांच कर रही है। एक तरफ मृतक के पुराने परिचितों और दोस्तों की जानकारी जुटाई जा रही है तो दूसरी तरफ विद्यार्थियों से पूछताछ चल रही है। गला रेतने के अलावा शिक्षक के शरीर पर सात प्रहार और नौ जगह चोट के निशान मिले। इससे माना जा रहा है कि आरोपी और शिक्षक के बीच संघर्ष हुआ होगा। कानपुर देहात के मूल निवासी गणित शिक्षक ओमप्रकाश यादव (58) आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-7 में शिवालिक कैंब्रिज स्कूल में पढ़ाते थे। 30 साल से आगरा में रह रहे थे।

500 के नोट बंद हों: सीएम चंद्रबाबू

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 500 और 2 हजार रुपए के नोट बंद कर देने चाहिए। सिर्फ 100 और 200 रुपए के नोट ही चलन में रहने चाहिए। बड़े नोटों का चलन कम करने और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि पहले भी डिजिटल करेंसी को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर पीएम नरेंद्र मोदी को सौंपी थी। अब वे फिर इस मुद्दे को उठाएंगे। नायडू ने यह मांग 9 नवंबर को अमरावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उठाई थी। यह बयान 8 नवंबर 2016 की नोटबंदी के 10 साल पूरे होने के अगले दिन आया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 19 मई 2023 को 2000 के नोट चलन से वापस लेने का फैसला किया था, लेकिन ये नोट अभी भी कानूनी रूप से वैध हैं।

बांग्लादेश में बसें फूंकीं थानों के बाहर बम धमाके



एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पिछले कुछ दिनों से हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। 8 और 9 नवंबर को कई जगह धमाके और आगजनी हुई। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के वकीलों ने भारत में उनके नए पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र के लिए आवेदन किया है। हसीना ने कहा है कि वे दिसंबर में बांग्लादेश लौटेंगी। उनके लौटने से पहले ही देश में राजनीतिक तनाव बढ़ने लगा है।

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद अख्तर हुसैन के मुताबिक, रविवार 8 नवंबर की शाम से देर रात तक राजधानी के करीब 10 इलाकों में 15 से 20 घटनाएं हुईं। इनमें देसी बम फेंकने और गाड़ियों में आग लगाने की घटनाएं शामिल हैं।

एनवीडिया पर जेन्सन की इतनी पकड़ कि हटाना आसान नहीं

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन डीसी



एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग पर एक चीनी महिला से अफेयर को लेकर जांच शुरू हो गई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को शक है कि यह महिला चीन के लिए जासूसी कर रही थी। हुआंग ने पत्नी से बेवफाई की बात स्वीकार करते हुए माफी भी मांगी है।

इस मामले में एनवीडिया के बोर्ड के सामने एक बड़ी चुनौती है। कंपनी के ज्यादातर बड़े फैसले हुआंग ही लेते हैं और 60 से ज्यादा अधिकारी सीधे उन्हें रिपोर्ट करते हैं। कंपनी में फिलहाल कोई ऐसा बड़ा अधिकारी नहीं है, जो उनकी जगह ले सके। ऐसे में अगर बोर्ड उन्हें हटाने का फैसला करता है, तो सबसे बड़ा सवाल होगा कि एनवीडिया की कमान किसे सौंपी जाए?

जेन्सन हुआंग ने 1993 में एनवीडिया की स्थापना की थी। शुरूआती दौर में कंपनी वीडियो गेम के लिए ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट यानी जीपीयू चिप बनाती थी। इनका इस्तेमाल गेम में बेहतर ग्राफिक्स दिखाने के लिए होता था। 2006 में हुआंग ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने समझ लिया था कि भविष्य में इन चिप्स का इस्तेमाल एआई तकनीक विकसित करने में भी हो सकता है। इसके बाद उन्होंने एआई के लिए खास चिप और सॉफ्टवेयर बनाने में अरबों डॉलर लगा दिए। उनका यह दाव सही साबित हुआ। आज एआई से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट में एनवीडिया के चिप्स का इस्तेमाल होता है।

यूपी के कन्नौज में भीषण सड़क हादसा

बाइक को वाहन ने मारी टक्कर, तीन की मौत

एजेंसी ▸▸ कन्नौज

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन दोस्तों की जान चली गई, जबकि चौथा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, तभी तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग पर कचाटीपुर गांव के पास सामने से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।



जानकारी के अनुसार, आगौस गांव निवासी 35 वर्षीय विजय कुमार बाइक से अपने गांव के तीन दोस्तों 28 वर्षीय मनीष कुमार सविता, 45 वर्षीय वेदराम पाल और 30 वर्षीय आशीष कुमार सविता के साथ इंदरगढ़ के विशेनेपुर्वा गांव जा रहे थे। जब उनकी बाइक कचाटीपुर गांव के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में विजय कुमार, मनीष कुमार सविता और वेदराम पाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, आशीष कुमार सविता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया।



तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका, 17 की मौत

12 घायल, क्रेन गैस लाइन से टकराई, भट्टी में सामान गिरने से विस्फोट, 6 गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ अंकारा



तुर्किये के इजमिर शहर के पास सोमवार को एक स्टील फैक्ट्री में धमाका हुआ। इसमें 17 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हैं। हादसे के समय फैक्ट्री में काम चल रहा था।

बीबीसी के मुताबिक, बॉयलर ले जा रही एक क्रेन गैस लाइन से टकरा गई। इसके बाद सामान नीचे लगी भट्टी में गिरा और जोरदार विस्फोट हो गया। मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

कुछ लोग अब भी मलबे में दबे हो सकते हैं- स्थानीय गवर्नर सुलेमान एल्बान ने बताया कि हादसा दोपहर के आसपास हुआ। उस समय क्रेन से एक नया बॉयलर ले जाया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

फैक्ट्री चलाने वाली कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि हादसा प्लांट की एक इलेक्ट्रिक आर्क भट्टी में तय रखरखाव के काम के दौरान हुआ। यह फैक्ट्री हबास डेमिर सेलिक कंपनी की है, जो तुर्किये की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल है। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने सोमवार को कैबिनेट बैठक के बाद हादसे में हुई मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और बचाव दल लगातार राहत और बचाव के काम में जुटे हैं।

तुर्किये में फैक्ट्री हादसे बड़ी चिंता

तुर्किये में काम के दौरान होने वाले हादसे लंबे समय से चिंता का विषय बने हुए हैं। स्वतंत्र सामाजिक संगठन तुर्किश हेल्थ एंड सेफ्टी लेबर वॉच ने भी इसे देश की एक बड़ी समस्या बताया है। जिस फैक्ट्री में हादसा हुआ, वह इजमिर के अलियागा इलाके में है। यह इलाका बड़े बंदरगाह के लिए जाना जाता है। यहां पुराने जहाजों को काटकर कबाड़ में बदलने का काम भी होता है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

बार-बार खोदना पड़ेगी सड़क

शहर में सड़कों को बनाने के काम अंजाम दिए जा रहे हैं। चौड़ीकरण को अंजाम देना महापर्व के लिए अति आवश्यक है लेकिन उससे पहले 17 पानी की बनने वाली टंकियों को ध्यान में रखते हुए उनकी राइजिंग एवं सप्लाय लाइनों को भी इन चौड़ीकरण के क्षेत्रों में बन रही सड़कों के नीचे योजनाबद्ध तरीके से डाल दिया जाता तो बेहतर होता। अभी तो मात्र चौड़ीकरण की सड़कों को सिरे से अंजाम दिया जा रहा है धड़ाधड़ काम किया जा रहा है। टंकियों के बनाने को लेकर अभी बहुत कुछ आधार भूत किया जाना है। ऐसे में इनकी लाइनों को लेकर तो तय है कि कोई विचार हुआ ही नहीं है और न ही किया जा रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाली इन टंकियों से शहर के संबंधित क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा। नई टंकियों से सप्लाय के लिए फिर वही पुरानी लाइन को जोड़कर काम चलाया जाएगा तो परिणाम ढांक के तीन पात जैसे होना तय है। नई घोड़ी नया दाम की स्थिति में नई टंकी नई लाइन के लिए बाद में विचार करने पर एक बार फिर से बनने वाली सड़कों को उधेड़ा जाना तय है। इसी के साथ कुछ और मुद्दे भी पनपेंगे और केबल और अन्य हिसाब भी सामने आएंगे। ऐसे में चौड़ीकरण क्षेत्र की कुछ सड़कों को तो खोदा जाएगा यह तय है। पुराने जानकारों का कहना है कि ऐसा होगा ही। इधर खुसूर-फुसूर है कि पुरानी कवायद एक बार सड़क बनती है उसके बाद उसे अनेक बार खोदा जाता है फिर सड़क बनती है फिर नए मुद्दे आते हैं फिर उसे खोदा जाता है यह प्रक्रिया परिवर्तन संसार का नियम है उसे पालन के लिए की जाती है। परिवर्तन बहार लाता है फिर यह बहार अन्यानेक प्रकार की होती है। इसके आने से चेहरे खिल उठते हैं और काम भी चल निकलते हैं।

न्यूज कॉलम

कार्तिक मेला सहित अन्य प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी

उज्जैन। नगर निगम के सम्मेलन में कार्तिक मेला 2026 सहित शेष प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। 30 अक्टूबर को स्थगित हुए प्रस्तावों पर चर्चा के बाद पिछले वर्ष की व्यवस्था के अनुसार कार्तिक मेले के आयोजन के लिए निविदाएं आमंत्रित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सीबीजी और एमआरएफ प्लांट स्थापित करने के प्रस्तावों को भी सदन ने मंजूरी दी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने पर भी सहमति बनी। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण में बाधक शौचालय, यूरिनल, पार्क और बस स्टैंड हटाने के प्रस्ताव भी स्वीकृत किए गए। सम्मेलन के अंत में पूर्व मंत्री पारस जैन और शिवराज सिंह चौहान की माताजी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बस्ती के बच्चों के साथ मनाई दीपावली, बांटे मुस्कान का पिटारा

उज्जैन। दीपावली पर्व पर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के उद्देश्य से श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा फ्रीगंज पुल स्थित बस्ती में 'मुस्कान का पिटारा' सेवा कार्य किया गया। मंडल अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल के नेतृत्व में समाजजनों ने बस्ती के बच्चों को दीपावली हैंपर वितरित किए। सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में अग्रबंधुओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने हाथों से बच्चों को उपहार भेंट किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। आयोजन के अंत में कृष्णा अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नन्हें बच्चों के जीवन में खुशियां बांटने से ही पर्व का वास्तविक आनंद प्राप्त होता है।

नैनो न्यूज

- दिगंबर जैन सामाजिक संसद के चुनाव की तैयारी, सदस्यता अभियान शुरू, समाजसेवी नारायण यादव ने सदस्यता फॉर्म का विमोचन कर इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उज्जैन में सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से मुलाकात की, मुख्यमंत्री ने शहर में स्वास्थ्य सेवा और उद्योग के लिए समर्थन का आश्वासन दिया
- सीएम डॉ. मोहन यादव ने धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से की मुलाकात, उज्जैन में अस्पताल और औद्योगिक विकास का दिया भरोसा, मजार-ए-नजमी पर पहुंचे मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर हुई चर्चा
- सीएम डॉ. मोहन यादव ने धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से की मुलाकात, उज्जैन में अस्पताल और औद्योगिक विकास का दिया भरोसा, मजार-ए-नजमी पर पहुंचे मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर हुई चर्चा
- राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स स्पर्धा में उज्जैन के तीन निर्णायक नियुक्त, मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने अनुज, सत्यम और धर्मेंद्र को सौंपी जिम्मेदारी, 12 नवंबर से शुरू होंगे मुकाबले
- आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करेंगे नवरत्न रूपी संकल्प, जैन साधु-साध्वियों की मौजूदगी में नववर्ष पर धर्म, संस्कार और सदाचार अपनाने का मंगल संदेश

पीएचई ने ऐसी मरम्मत की चार दिनों से लिकेज जारी है

बेहिसाब पानी बह रहा फिजूल में, आमजन को पर्याप्त मिल नहीं रहा

एक लाइन में मरम्मत किया पास की लाइन को छोड़ दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पानी बचाओ का ज्ञान देने वाले विभाग की कहानी कुछ और निकल कर आ रही है। चामुंडा माता मंदिर के सामने की और पिछले चार दिन से बेहिसाब पानी सप्लाय के दौरान फिजूल बह रहा है। एलिवेटड ब्रिज के लिए किए गए सर्वे में इसके क्षतिग्रस्त होने की स्थिति बताई जा रही है। मरम्मत के लिए मशक्कत हुई, खुदाई पूरी हुई लेकिन मात्र एक लाइन को जोड़कर इतिश्री कर ली गई। अब दूसरे लिकेज को लेकर फिर वही कवायद की जा रही है। दिन भर चले अढाई कोस की कहावत चरितार्थ की जा रही है।

करीब 6 दिन पूर्व चामुंडा माता चौराहा के पास एलिवेटेड ब्रिज खुदाई के दौरान पीएचई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। सप्लाय की स्थिति में यहां प्रति दिन बेहिसाब गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नगर निगम ने संधारण कार्य के लिए यहां गड्ढा किया और एक लाइन को जोड़ा भी गया उसके बाद भी लिकेज निरंतर हैं। अब दूसरी लाइन का लिकेज ढूंढने की कवायद की जा रही है।



अधुरा संधारण कार्य

6 दिन पूर्व लाइन क्षतिग्रस्त होने के मामले में पीएचई ने यहां संधारण के लिए कवायद की है। इसके बाद भी पिछले चार दिनों से बेहिसाब पानी फिजुल बह रहा है। यानिकी की पीएचई विभाग ने संधारण कार्य अधुरा ही अंजाम दिया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यहां एक लाईन को तो दुरूस्त करदिया गया लेकिन पास ही दूसरी लाइन भी इससे क्षतिग्रस्त हुई है उसे चेक किए बिना ही काम को पूरा मान लिया गया। इसका परिणाम यह सामने आया कि सुबह होने वाले जलप्रदाय के समय में यहां प्रतिदिन पानी है अनमोल सोच समझकर ढोल की फिजुल बबार्दी हो रही है।

कम दबाव से जलप्रदाय- लिकेज के बराबर बने रहने से क्षेत्र की टंकियों एवं सप्लाय पर असर हो रहा है। सुदामा नगर, क्षीर सागर, बहादुरगंज, कुशलपुरा क्षेत्र में पर्याप्त दबाव से जलप्रदाय नहीं हो पा रहा है। आमजन को इससे परेशानी हो रही है।

नए अधिकारी, ब्लू मेप नहीं- विभागीय सूत्रों का कहना है कि लाईन क्षतिग्रस्त होने के अधिकांश मामले इसलिए भी हो रहे हैं कि पीएचई विभाग की लाईनों का कोई ब्लू मेप नहीं है। न ही इसे लेकर कोई तैयारी ही की जा रही है। जब भी समस्या आती है तो मात्र तात्कालिक हल निकाल कर काम किया जा रहा है। ऐसे में सिंहस्थ के लिए आए नए अधिकारी भी परेशान हो रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में क्रास लाईन की बातें भी बताई जा रही है। इसे लेकर भी समस्या की कहानी खड़ी होने की स्थिति बन रही है।

एलिवेटेड ब्रिज के क्षेत्र में देवासगेट नाला भी

इधर देवासगेट क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि एलिवेटेड ब्रिज के कुछ क्षेत्र में देवासगेट का बड़ा नाला भी एक दो स्थान पर स्पान के पास ही आ रहा है। ऐसे में अगर स्पान सर्वे के लिए मशीन लगाई गई और काम शुरू किया गया तो नाले का सिवरेज की नई समस्या खड़ी हो सकती है। पूर्व में भी इस नाले की सफाई के दौरान हादसा हो चुका है।

अधिकारी नो रिप्लाय

लिकेज की समस्या को लेकर सहायक यंत्री शिवम दुबे से संपर्क कर मूल स्थिति एवं समस्या से पाठकों को अवगत करवाने की कोशिश उनके मोबाइल नो रिप्लाय होने से सार्थक नहीं हो सकी है। नए आए कार्यपालन यंत्री राहुल सूर्यवंशी से भी उनका मोबाइल नो रिप्लाय होने से संपर्क सार्थक नहीं हो सका है।

आज बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करेगी

राणिक मान्यताओं के अनुसार, भाई दूज का यह पर्व यमराज और उनकी बहन यमुना के मिलन की स्मृति में मनाते हैं पर्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भाई दूज का पर्व दिवाली का आखिरी त्योहार होता है। भाईदूज को यम द्वितीया, भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती है।

दीपावली के दो दिन बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाईदूज का त्यौहार भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक माना गया है। भाईदूज को यम द्वितीया,भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती है। मत्स्य पुराण के अनुसार, 'भाईदूज' को मृत्यु के देवता 'यम' को प्रसन्न करने के लिये उनका षोडशोपचार विधि से पूजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है आज के दिन जो भाई-बहन मथुरा में यमुनाजी के विश्राम घाट पर स्नान करते हैं, उन्हें अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यमराज उनके सभी पापों को क्षमा कर देते हैं। स्नान के बाद दोपहर में बहन के घर भोजन करने और उसे उपहार देने से भाई-बहन दोनों पर यम और यमुना मैया की कृपा रहती है।



यम द्वितीया से जुड़ी कथा

पौराणिक कथा के अनुसार भाई-बहन के इस पवित्र पर्व के कारक सूर्यदेव की पुत्री यमुना और पुत्र यमराज हैं। भगवान सूर्य देवता और उनकी पत्नी संज्ञा के एक पुत्र यम और पुत्री यमुना दो संतान थीं। देवी संज्ञा अपने पति सूर्यदेव के ताप को सहन कर सकें इसलिए वह सूर्यदेव के पास अपनी छाया को छोड़कर खुद तप करने चली गईं। देवी छाया से दो और संतानें तापी और शनि का जन्म हुआ। छाया को यम और यमुना से किसी प्रकार का लगाव न था, किंतु यम और यमुना में बहुत प्रेम था। देवी छाया यम तथा यमुना से बुरा व्यवहार करने लगीं। इससे दुखी होकर यम ने यमपुरी नामक अपनी एक नई नगरी बसाई और वहां चले गए।
यमपुरी में यम को पापियों को दण्ड देने का काम करते देखकर यमुना जी गोलोक आ गईं। शास्त्रों के अनुसार यमुनाजी अपने भाई 'यम' से बड़ा स्नेह करतीं थीं, वे अपने भाई यम से बार-बार आग्रह करती कि वह उसके घर आयें और भोजन करें। चाहते हुए भी यमराज अपने काम में व्यस्त रहने के कारण बहन यमुना के घर नहीं जा पाते। बहुत समय बीत जाने पर एक दिन 'यम' को बहन यमुना की बहुत याद आई और उन्होंने बहन के घर जाने की ठान ली। यम ने अपने दूतों से यमुना को ढूंढ़ने के लिए कहा, लेकिन उन्हें तलाशने में दूत सफल नहीं रहे तब यमराज स्वयं ही गोलोक गए जहाँ विश्राम घाट पर यमुना जी से भेंट हुई, भाई को देखते ही यमुना ने भावविभोर होकर उनका बड़ा स्वागत सत्कार किया तथा उन्हें अनेकों प्रकार के परम स्वादिष्ट व्यंजन भोजन में परोसे।

- इससे यमदेव बहुत प्रसन्न हुए और बहन से कहा-बहन! आज तुम कोई भी मनोवांछित वर मांग लो, बहन यमुना के मन में कलयुग में जन कल्याण की चिंता हुई और उन्होंने कहा, भैया मुझे वरदान दो कि जो भाई-बहन यम द्वितीया के दिन मेरे जल में स्नान करें उन्हें यमलोक की कठोर यातनायें न सहन करनी पड़े। जनकल्याण के लिए अपनी बहन की ऐसी इच्छा देख यमदेव ने कहा, 'तथास्तु'! ऐसा ही हो! परन्तु जो भाई अपनी बहन का तिरस्कार करेंगें या उन्हें बार-बार अपमानित करेंगे।
- उन्हें मैं यमपाश में बांधकर यमपुरी ले जाऊँगा।लेकिन फिर भी यदि वह तुम्हारे जल में स्नान करके सूर्यदेव को अर्घ्य देगा तो उसे स्वर्गलोक में स्थान मिलेगा। जिस दिन मृत्यु के देवता यम यमुना से मिलने आए वह कार्तिक शुक्ल द्वितीया का दिन था, तभी से ऐसा माना जाने लगा कि जो भाई बहन इस दिन हाथ पकड़ कर यमुना में डुबकी लगाएंगे उन्हें नरक से मुक्ति मिल जाएगी।यही कारण है कि सदियों से भाई-बहन आज भी यानि भाई दूज के दिन यमुना नदी में एक साथ डुबकी लगाने के लिये आते हैं।

गजलक्ष्मी मंदिर में सिंदूर के लिए महिलाओं की उमड़ी भीड़

वर्ष में एक बार सुहाग पड़वा पर पुजारी परिवार द्वारा सिंदूर वितरित किया जाता है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लखेरवाड़ी के समीप माता गजलक्ष्मी के मंदिर में मंगलवार को सुहाग पड़वा के अवसर पर महिलाओं की दर्शन के लिए जमकर भीड़ उमड़ी। यहां मंदिर में सुहाग पड़वा के दिन पुजारी परिवार द्वारा महिलाओं को सुहाग का सिंदूर दिया जाता है। जिसे लेकर मंदिर में सुबह से की महिलाओं की भीड़ लगी रही।

दीपावली के बाद मंगलवार को सुहाग पड़वा के अवसर पर लखेरवाड़ी के समीप गज लक्ष्मी माता मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए महिलाओं की जमकर भीड़ लगी थी। यहां पुजारी परिवार की तरफ से सुहाग पड़वा के दिन महिलाओं को सुहाग का सिंदूर दिया जाता है। मान्यता यह है कि यहां का सिंदूर घर में संभाल कर रखने से माता जी की कृपा हमेशा बरसती है। घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। हालांकि दीपावली के एक दिन बाद यह सिंदूर महिलाओं को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। लेकिन रविवार को दीपावली का त्यौहार व सोमवार को अमावस्या होने की वजह से मंगलवार को सुहाग पड़वा मनाई गई है बताया जाता है कि श्रद्धालु द्वारा चढ़ाए जाने वाला सिंदूर पुजारी परिवार संभाल कर रखते हैं। इसके बाद साल में एक बार सुहाग पड़वा के अवसर पर यह सिंदूर महिलाओं को वितरित किया जाता है। मंदिर के पुजारी अवधेश शर्मा ने बताया कि गज पर सवार लक्ष्मी जी की प्रतिमा लक्ष्मी के आठ रूपों में से एक है। शहर के मुख्य बाजार लखेरवाड़ी के समीप यह गज लक्ष्मी का मंदिर अति प्राचीन है। दीपावली पर्व पर यहां मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। धनतेरस पर गज लक्ष्मी मंदिर के गर्भग्रह को 40 लाख रुपए के नोटों से भी सजाया गया था यह मंदिर 2000 वर्ष पुराना है और इस मंदिर का स्कंद पुराण में भी उल्लेख है।



समस्या निराकरण के लिए बनाया कंट्रोल रूम, इससे आई प्रोग्रेस

15 दिन में कर दी 76 हजार स्वामित्व रजिस्ट्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वामित्व योजना के तहत फ्री रजिस्ट्री करने में उज्जैन के पटवारियों ने कमाल कर दिखाया है। जिले के 575 पटवारियों ने 15 दिन में ही 76 हजार से ज्यादा रजिस्ट्री कर दी। सबसे ज्यादा रजिस्ट्री करने वाले जिलों की सूची में उज्जैन दूसरे नंबर पर आ गया।

योजना के तहत जिले के कुल 1 लाख 93 हजार 535 प्लॉट्स है। इनमें से गैर विवादित प्लॉट्स की रजिस्ट्री होना है। प्रतिशत के हिसाब से उज्जैन में अब



तक जो 76 हजार रजिस्ट्री हुई है। यह 39.27 प्रतिशत ही है। यहां के पटवारियों को अभी 1.20 लाख प्लॉट्स की रजिस्ट्री करना बाकी है, जो लक्ष्य का 60% से ज्यादा है। बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उज्जैन प्रशासन ने प्लान बनाया और पटवारी का लक्ष्य तय कर दिया गया। लक्ष्य की पूर्ति हुई या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग के लिए हर शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था बनाई। यही वजह है कि जिले में 15 दिनों में रजिस्ट्रियों का आंकड़ा इतना ज्यादा हो गया। 81 हजार रजिस्ट्री करते हुए छिंदवाड़ा अभी पहले स्थान पर है।कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने बताया कि 76 हजार से ज्यादा रजिस्ट्री हो चुकी है। यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। ग्राउंड स्तर पर पटवारियों को आ रही तकनीकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए भी अलग से कंट्रोल रूम बना है।

सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी का किया औचक निरीक्षण

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने मंगलवार को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं और आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणा बंद मिला। इस पर सीएमएचओ ने नाराजगी जताते हुए पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ.



भूपेंद्र चौधरी की अनुपस्थिति को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. शोभना भाबर को भी तलब किया गया।

सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणा के अलावा उप स्वास्थ्य केंद्र कालूहेड़ा और आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-2 पानबिहार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. रघुवंशी ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन किया जाए। उनकी निर्धारित समय पर आवश्यक जांचें कराई जाएं। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर नियमित फॉलोअप किया जाए। साथ ही प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में ऐसी महिलाओं की सूची चस्पा करने के निर्देश दिए, ताकि उनकी लगातार निगरानी और समय पर उपचार सुनिश्चित हो सके।

दीपावली पर खूब डिमांड रही गोबर के दियों की

जेन जी ने स्वीकारा गोबर के महत्व को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गोमय वसते लक्ष्मी अथार्त गोबर में मां लक्ष्मी का वास होता है इस बात को नई पीढ़ी ने स्वीकार करते हुए इस दीपावली गोबर से निर्मित दीपक खरीदे और उनको प्रज्जवलित करके अपने घरों को सजाया। गोबर से निर्मित दीपकों से बहुत से लाभ हैं। इसके विभिन्न फायदों से ही प्रभावित होकर युवाओं ने इन्हें अपनाया और दीपावली के आनंद मे चार चांद लगा दिए जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाहित नजर आया।

विद्यानगर निवासी बी टेक छात्र हनु ने इस दीपावली कुछ गोबर निर्मित दिये खरीदे और दैनिक अवन्तिका को बताया कि गोबर एक अच्छी जैविक खाद है। दीपावली के बाद मिट्टी के दिये इधर-उधर बिखर कर टूट जाते हैं जबकि गोबर के दिए गमले या क्यारी में डालने से ये सरलता से घुलकर मिट्टी में मिल जाते हैं और पौधों के लिए जैविक खाद का काम करते हैं।



गोबर में जलाई बाती एंटी बैक्टीरियल

गोबर में बहुत से ऐसे तत्व मौजूद होते हैं जिसमे कपूर या तेल की बाती जलाने पर वे वातावरण के कई बैक्टीरिया को नष्ट करते हैं ये कहना है मेडिकल के छात्र शुभम बामनिया का। जबलपुर मेडिकल कालेज के एमडी छात्र शुभम का मानना है कि बदलते दौर मे युवाओं को पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं को आत्मसात करते हुए त्योहार मनाने चाहिए ताकि पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान न हो।

ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहन

गोबर से निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित करना पढ़े लिखे युवाओं की नैतिक जिम्मेदारी है। सभी को पर्यावरण सहेजने मे अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए उक्त उद्गार भोपाल से मेडिकल की पढ़ाई कर रही जीविशा पांडे ने व्यक्त किए। एम बी बी एस प्रथम वर्ष की छात्र जीविशा ने बताया कि उन्होंने इस दीपावली गोबर के दिये क्रय किए इससे ग्रामीण क्षेत्र की सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को प्रोत्साहन मिलता है जो उनकी आर्थिक उन्नति में सहायक है। जीविशा का कहना है कि गोबर के ढेर सारे वैज्ञानिक लाभ हमे पता हैं तो फिर इसे मूर्तरूप मे स्वीकार करने मे हिचक क्यों हो ?

पानी में मछलियों का खाना

बी एस सी तृतीय वर्ष की छात्रा आयुषी सक्सेना ने दीपावली से पूर्व ही आगर निवासी अपने चाचा से गोबर के दीपक मंगवा लिए थे। आयुष ने बताया कि दीपावली बाद लोग पकी मिट्टी के दीपक इधर-उधर फैंक देते हैं उसकी जगह गोबर के दीपक यदि उपयोग के बाद नदी या जलाशय में विसर्जित किए जाते हैं तो गोबर घुलकर मछली का अच्छा आहार बनता है। गोमय निर्मित दिये बायोडिग्रेडेबल हैं और इससे पुनर्चक्रण हो जाता है जो प्रकृति संरक्षण मे सहायक है। पर्यावरण सहेजते हुए यदि देश के जेन जी इस प्रकार की सोच रखकर अपने त्योहार मनाता है तो ये एक शुभ आहट है भविष्य के भारत की।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 11 नवंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

उल्लास के साथ मनाया गया राज्यस्तरीय गोवर्धन पर्व

धार। जिले में गोवर्धन पर्व के अवसर पर जिले में गौ-पूजन एवं पशुपालक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रवीन्द्र भवन से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश की 3 हजार से अधिक पंजीकृत गौशालाओं में संरक्षित 5.51 लाख निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण के लिए 60 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि का सीधा अंतरण किया गया। श्री लक्ष्मी गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक नीना वर्मा, कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, उप संचालक पशुपालन विभाग राकेश सिसोदिया, गोशाला संचालक मंडल के सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

वार्ड 37 में सफाई मित्रों और कर्मचारियों का हुआ सम्मान

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 37 में पिछले पांच वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जोन क्रमांक 4 के अध्यक्ष एवं पार्षद सुरेंद्र मेहर के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में वार्ड के सफाई मित्रों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और प्रकाश विभाग के कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति कलावती यादव और वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर डॉ. प्रभुलाल जाटवा, जयप्रकाश जूनवाल, प्रेमलता बैंडवाल, राजेंद्र ललावत, नितिन मेहर, गोपाल वाडिया, मनोज धवन, किशोर मरमट, प्रशांत मेहर, तपन वासेन, शीला जाटवा, ममता बैंडवाल, महेंद्र जाटवा, सुरेश बालोटिया, प्रकाश माली, बबलू वासन, सुनील नवलानी और दीपक पेड़वा उपस्थित रहे।

गोवर्धन पूजा एवं गो-संवर्धन दिवस पर हुआ पूजन

इंदौर। दीपावली पर्व की पावन श्रृंखला में मध्यप्रदेश शासन के निदेशानुसार जिले में गोवर्धन पूजा एवं गो-संवर्धन दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देवास की जिला जेल स्थित गौशाला में आयोजित मुख्य गौ-पूजन कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट शामिल हुए। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से गोवर्धन भगवान एवं गौ-माता की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार सुसज्जित गौ-माता को रोली-चंदन का तिलक लगाया, पुष्पमाला अर्पित की तथा आरती उतारकर गौ-ग्रास व भोग समर्पित किया। इस अवसर पर संपूर्ण परिसर 'जय गौ-माता' और 'गोवर्धन महाराज की जय' के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

प्रतियोगिता के विजेता गोपालकों का सम्मान



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण, जल संरक्षण और गौ-संवर्धन का महत्वपूर्ण संदेश दिया था। गौमाता हमारी सनातन संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था का आधार हैं। गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गौमाता के बिना हम अधूरे हैं और हमारे बिना गौमाता का जीवन भी अधूरा है। गौसेवा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर जिले के ग्राम आशापुरा, (महू) में जन सहयोग से विकसित तथा अत्याधुनिक कामधेनु गौशाला के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौशाला का अवलोकन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा की तथा गोपाल कृष्ण ग्राम प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह गौशाला गोवर्धन पर्वत की भावना के अनुरूप सामूहिक सहयोग और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस गौशाला के निर्माण में समाजसेवी श्री विनोद अग्रवाल द्वारा सीएसआर मद से 6 करोड़ रुपये तथा श्री नितिन अग्रवाल द्वारा 2.5 करोड़ रुपये का योगदान दिया गया है। अन्य जन सहयोग के साथ शासन विभिन्न मदों से भी राशि व्यय की गई है।

नैनो न्यूज

- **मिलावट के खिलाफ खाद्य विभाग की कार्रवाई तेज-** देवास में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्वदेशी स्वीट्स से करीब 550 किलो मिठाई जब्त की। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए नमूने लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।
- **नलखेड़ा में बनेगा भव्य बगलामुखी देवी लोक-** नलखेड़ा में 55 एकड़ क्षेत्र में बगलामुखी देवी लोक विकसित किया जाएगा। परियोजना पर करीब 85 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे धार्मिक पर्यटन और स्थानीय कारोबार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।
- **शुजालपुर में कब्रिस्तान विवाद पर संघर्ष-** शाजापुर जिले के टपका बसंतपुर गांव में कब्रिस्तान की जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद पथराव और मारपीट हुई। घटना में 26 लोग घायल हुए तथा 39 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।
- **सुसनेर मंडी में सोयाबीन कारोबार सक्रिय-** सुसनेर कृषि उपज मंडी में सोयाबीन, गेहूं और मक्का प्रमुख व्यापारिक फसलें बनी हुई हैं। मंडी के उपलब्ध रिकॉर्ड में सोयाबीन का भाव 6,640 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज हुआ।
- **रतलामी सेव की ब्रांड पहचान सुरक्षित होगी-** रतलाम कलेक्टर ने रतलामी सेव के जीआई टैग और ब्रांड पहचान का दुरुपयोग करने वाली अपंजीकृत फर्मों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

5 किलो के लिए 1585 और 10 किलो के लिए खर्च करने पड़ रहे 4700

14.2 किलो के सिलिंडर का नया कनेक्शन मार्च से बंद, एजेंसियों पर रोज चक्कर लगा रहे उपभोक्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रसोई गैस का संकट अब पुराने उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रह गया है। नए गैस कनेक्शन की बाट जोह रहे हजारों बनी परिवार भी इसकी मार झेल रहे हैं। घरेलू गैस के 14.2 किलो वाले नए कनेक्शन मार्च से बंद हैं। करीब आठ महीने बीतने के बावजूद इनकी आपूर्ति दोबारा शुरू नहीं हो सकी है। शहर की गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं को निराश लौटना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि नए कनेक्शन के लिए 20 हजार से अधिक कि आवेदन लंबित हैं। गैस कंपनियों ने संकट उतारा, लेकिन इनकी कीमत ने उपभोक्ताओं का गणित बिगाड़ दिया।

मार्च से पहले रोजाना 150 से 200 नए घरेलू गैस कनेक्शन जारी होते थे। लेकिन मार्च में गैस संकट शुरू होने के बाद 14.2 किलो के नए कनेक्शन देने की प्रक्रिया बंद हो गई। इसके बाद से उपभोक्ताओं को लगातार इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों पर रोजाना आठ से 10 लोग नए कनेक्शन की उम्मीद लेकर पहुंच रहे हैं। कोई आवेदन की स्थिति पूछ रहा है तो कोई जल्द कनेक्शन मिलने की गुहार लगा रहा है। लेकिन एजेंसियों के पास फिलहाल उन्हें देने के लिए स्पष्ट समयसीमा नहीं है। इस बीच नए कनेक्शन की मांग में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है। घरेलू गैस की उपलब्धता पर दबाव कम करने के लिए इंडेन, एचपी और भारत गैस ने जून-जुलाई में पांच और 10 किलो के सिलिंडरों के कनेक्शन शुरू किए थे। उम्मीद थी कि छोटे सिलिंडरों से नए उपभोक्ताओं की जरूरत पूरी हो सकेगी, लेकिन शुरूआती कीमत ने इस विकल्प को सीमित कर दिया। पांच किलो के सिलिंडर रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि 10 किलो के कनेक्शन की कीमत 4700 रुपए है। नया कनेक्शन लेने के लिए 1585 इसके मुकाबले पहले 14.2 किलो के घरेलू सिलिंडर का नया कनेक्शन करीब 3000 से 3500 रुपए में मिल जाता था।

बड़े परिवारों के सामने दोहरी परेशानी

छोटे सिलिंडर की कीमत ने बिगाड़ा बजट

नए कनेक्शन नहीं मिलने का सबसे ज्यादा असर पांच या उससे अधिक सदस्यों वाले परिवारों पर पड़ रहा है। ऐसे परिवारों में 14.2 किलो का एक सिलिंडर महीनेभर या उससे पहले ही खत्म हो जाता है। अतिरिक्त कनेक्शन नहीं मिलने से उन्हें घरेलू जरूरतों के लिए गैस का इंतजाम करने में परेशानी हो रही है।

इसके अलावा जिन परिवारों में बेटे शादी के बाद अलग रहने लगे हैं, उन्हें भी स्वतंत्र गैस कनेक्शन की जरूरत है। ऐसे परिवारों के आवेदन भी लंबित हैं। पुराने कनेक्शन से अलग नई रसोई शुरू करने की योजना बना रहे लोगों को एजेंसियों से फिलहाल राहत नहीं मिल रही। कम गैस के लिए उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत ज्यादा शुरूआती रकम खर्च करनी पड़ रही है। यही वजह है कि छोटे सिलिंडरों की बिक्री उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ी।

ब्लैक मार्केट में 2100 रुपए तक कीमत



नए कनेक्शन की लंबी प्रतीक्षा और गैस की जरूरत के बीच उपभोक्ताओं के सामने महंगे विकल्प अपनाने की मजबूरी है। बाजार में ब्लैक से सिलिंडर खरीदने पर 1800 से 2100 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। इससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। गैस संकट का असर केवल नए कनेक्शन पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पुराने उपभोक्ताओं की बुकिंग व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। पहले 19 दिन बाद दोबारा सिलिंडर बुक कराने की सुविधा थी। संकट के दौरान इस अवधि को बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया। इससे जिन परिवारों में गैस की खपत ज्यादा है, उनकी मुश्किल और बढ़ गई है।

करौंदी विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियों के ढलान पर बसा

मप्र में बढ़ी ठंडः पचमढ़ी से भी ठंडा कटनी, पारा 10.4 डिग्री पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में दिवाली के बाद ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रात के तापमान में लगातार गिरावट के बीच कटनी का करौंदी प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका बन गया है। यहां न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खास बात यह है कि प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी रात का तापमान इससे ज्यादा रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में पारा 1 से 2 डिग्री तक और नीचे जा सकता है। इस बार नवंबर की शुरूआत में ही ठंड का असर तेज होने लगा है। करौंदी के अलावा अमरकंटक और कल्याणपुर में भी रात का तापमान 12 डिग्री से नीचे बना हुआ है। बीती रात दर्ज तापमान के आंकड़ों में कई शहरों में ठंड बढ़ने के संकेत मिले हैं।

कटनी जिले का करौंदी इन दिनों तापमान के मामले में पचमढ़ी को भी पीछे छोड़ रहा है। इसकी एक वजह यहां की भौगोलिक स्थिति है। करौंदी विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियों के ढलान पर बसा है। रात में पहाड़ियों की ऊपरी सतह की हवा ठंडी होकर भारी हो जाती है और नीचे की ओर बहने लगती है। इस प्रक्रिया को कैटाबेटिक विंड्स और थर्मल इन्वर्जन से जोड़कर देखा जाता है। इसके चलते ढलान और निचले इलाकों में रात के समय तापमान तेजी से गिर सकता है।

प्रमुख शहरों और इलाकों का न्यूनतम तापमान इस प्रकार रहा

करौंदी :	10.4 डिग्री
अमरकंटक :	11.4 डिग्री
कल्याणपुर :	11.8 डिग्री
दमोह :	12.5 डिग्री
रायसेन :	12.6 डिग्री
उमरिया :	13 डिग्री
जबलपुर :	13.4 डिग्री
पचमढ़ी :	13.4 डिग्री
छिंदवाड़ा :	13.5 डिग्री
मलाजखंड और रीवा :	13.6 डिग्री
मंडला :	13.8 डिग्री
भोपाल और इंदौर :	14 डिग्री
नौगांव :	14.5 डिग्री

पश्चिमी विक्षोभ के बाद बदलेगा मौसम



मौसम विभाग के मुताबिक, 10 नवंबर की रात से उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसका असर मध्य प्रदेश में दो दिन बाद दिखाई दे सकता है। हालांकि फिलहाल प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है। पूर्वी हिस्से में ट्रफ गुजरने के कारण कुछ स्थानों पर हल्के बादल छा सकते हैं। अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की और गिरावट होने का अनुमान है। नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड का असर विशेष रूप से ग्वालियर-चंबल संभाग में बढ़ सकता है। यहां उत्तर दिशा से आने वाली ठंडी हवाओं का असर ज्यादा रहता है। प्रदेश में नवंबर के दौरान तापमान में गिरावट के साथ मौसम में बदलाव भी देखने को मिल सकता है। भोपाल, इंदौर और जबलपुर में नवंबर के दौरान बारिश का पुराना ट्रेंड रहा है। महीने के तीसरे और चौथे सप्ताह में मौसम प्रणालियां सक्रिय होने पर कुछ इलाकों में बारिश की संभावना बन सकती है। ग्वालियर में नवंबर के दौरान न्यूनतम तापमान का ऐतिहासिक रिकॉर्ड 3 डिग्री और उज्जैन में 2.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में इस महीने आगे भी रात की ठंड बढ़ने के संकेत हैं।

इंदौर की अनादि तागड़े भारत अंडर-19 की कप्तान बनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश की क्रिकेटर अनादि तागड़े को भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम की आगामी त्रिकोणीय टी-20 श्रृंखला के लिए इंडिया अंडर-19 बी टीम की कप्तानी सौंपी गई है। भारत की अंडर-19 ए और बी टीमों के साथ नेपाल की अंडर-19 टीम भी इस श्रृंखला में हिस्सा लेगी। यह प्रतियोगिता आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

हाल ही में बिलासपुर में आयोजित महिला अंडर-19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में अनादि ने अपनी तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया। टूर्नामेंट में उन्होंने 10 ओवर में 41 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। फाइनल मुकाबले में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 4 ओवर में महज 18 रन देकर 3 विकेट झटके। इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने चयनकताओं का ध्यान आकर्षित किया। मध्यप्रदेश से इस श्रृंखला के लिए चयनित होने वाली वह एकमात्र खिलाड़ी हैं। अनादि के गेंदबाजी आंकड़े भी उनकी क्षमता को दशार्ते हैं। 10 ओवर में 41 रन देकर 4 विकेट लेने के आधार पर उनका गेंदबाजी औसत 10.25 और इकॉनमी रेट 4.10 रहा। वहीं, उनका गेंदबाजी स्ट्राइक रेट 15 गेंद प्रति विकेट रहा। पहले तीन मुकाबलों के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने एक भी वाइड या नो-बॉल नहीं की और केवल एक चौका दिया। उनके नाम एक मेडन ओवर भी रहा।

गूंजा मौला-मौला का जयघोष, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की मुलाकात

सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के दीदार को उमड़ा बोहरा समाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना डॉ. मुफद्दल सैफुद्दीन साहब मंगलवार को उज्जैन पहुंचे। उनके नगर आगमन की खबर से ही आसपास के शहरों से बोहरा समाजजनों के उज्जैन पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह खाराकुआं और कमरी मार्ग पर बड़ी संख्या में समाजजन जुट गए थे। हर कोई अपने आकामौला की एक झलक पाने को आतुर नजर आ रहा था।

जैसे ही सैयदना साहब उज्जैन पहुंचे, मौला-मौला के हर्ष घोष से गगन गुंजायमान हो गया। समाजजनों की आंखें अपने धर्मगुरु के दीदार की खुशी से छलक पड़ीं। भीड़ नियंत्रण के लिए खाराकुआं व कमरी मार्ग पर व्यवस्था संभालने में कुशल बुरहानी गार्डों को तैनात किया गया था। उज्जैन पहुंचते ही सैयदना साहब सबसे पहले खाराकुआं स्थित हसनजी बादशाह की दरगाह पहुंचे और वहां जियारत की। इसके बाद वे मजार-ए-नजमी पहुंचे। यहां उन्होंने अपने पूर्वजों की मजार पर जियारत की और समाजजनों से मुलाकात कर उन्हें आशीर्वचन दिए। मजार-ए-नजमी में ही सैयदना साहब के पूर्वजों की मजार है। वे जब भी उज्जैन आते हैं, यहां जियारत जरूर करते हैं। जियारत के बाद वे नजमी परिसर स्थित भवन में रात्रि विश्राम के लिए चले गए।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने की मुलाकात

सुबह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कमरी मार्ग स्थित मजार-ए-नजमी दरगाह पहुंचे और सैयदना साहब से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे को दीपावली की आत्मीय शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सैयदना साहब को उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ 2028 का आधिकारिक न्योता भी दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर सार्थक चर्चा की। सैयदना ने दीपावली के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और मध्यप्रदेश की प्रगति एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन के कायाकल्प एवं विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री से भेंट के बाद सैयदना साहब तराना में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। बताया जाता है कि सैयदना साहब इंदौर, देपालपुर व गौतमपुरा के प्रवास पर हैं। इसी दौरान उनका उज्जैन और आगर क्षेत्र का दौरा भी तय हुआ था। आगर जाने के कार्यक्रम को लेकर भी समाजजनों में उत्साह है। समाज के जनसंपर्क अधिकारी अली असगर मोय्यदी ने बताया कि धर्मगुरु सैयदना साहब के आने की सूचना से समाज में हर्ष व्याप्त है। समाज के लोग अपने आकामौला के स्वागत और दर्शन की आस को लेकर उत्साहित हैं।

उज्जैन में चलती कार में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चलती कार में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई चालक ने बाहर निकाल कर अपनी जान बचाई। कुछ देर में ही आग की लपटो ने कार को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। फायर ब्रिगेड में मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया।

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख चौराहा समुद्र मंथन के पास सुबह 11 के लगभग अचानक चलती कार में आग लग गई थी चालक ने ब्रेक लगाया और बाहर निकल कर अपनी जान बचाई इस दौरान पूरी कार आग की लपटों में घिर गई थी। चौराहा से गुजरने वाले लोगों ने जलती कार को देखा तो उनके वाहनों के पहिए थम गए। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। चालक राहुल पिता राधेश्याम निवासी बड़नगर ने बताया कि अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से धुआं निकला था और आग लगी है वह सवारी लेने के लिए नानाखेड़ा आ रहा था। पुलिस के अनुसार कार में चालक के अलावा कोई सवार नहीं था चालक ने भी समझदारी से कार रोक अपनी जान बचा ली जिसके चलते बड़ा हादसा नहीं हुआ। पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रहा है कि चलते वाहनों में आगजानी की घटना होना सामने आ रहा है जिसके पीछे वजह लंबी दूरी का सफर तय करना और वाहन की वायरिंग गर्म होने पर आग लगा सामने आ रहा है।

भारी धातुओं का पाउडर मिलाकर बढ़ा रहे वजन

सोने में मिलावट का नया खेल, सामान्य जांच भी फेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



सोने की बढ़ती कीमतों के बीच मिलावटखोरों ने ग्राहकों को ठगने का नया तरीका निकाल लिया है। अब सोने में दूसरी धातुओं की मिलावट केवल सतह पर नहीं, बल्कि बेहद महीन पाउडर के रूप में की जा रही है। रुथेनियम, इरिडियम और आस्मियम जैसी भारी धातुओं का पाउडर सोने में मिलाकर उसका वजन बढ़ाया जा रहा है।

खास बात यह है कि देखने में यह सोना असली जैसा ही नजर आता है और सामान्य जांच में भी मिलावट पकड़ में नहीं आती। इसका खुलासा तब हो रहा है, जब इसी सोने से गहने बनाए जाते हैं। कारीगर जब सोने को गलाकर प्रसंस्करण करते हैं तो अपेक्षा से कम शुद्ध सोना निकलता है। यानी ग्राहक ने जितने वजन का सोना खरीदा, उसमें उतनी मात्रा में असली सोना मौजूद ही नहीं होता।

सराफा कारोबारियों के अनुसार, पिछले दो-तीन वर्षों से सोने में भारी धातुओं का पाउडर मिलाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। रुथेनियम, इरिडियम और आस्मियम जैसी धातुओं का घनत्व सोने से अधिक होता है। ऐसे में थोड़ी मात्रा मिलाने पर भी सोने का कुल वजन बढ़ जाता है। मिलावट इतनी बारीक होती है कि सामान्य तौर पर इसे पहचानना आसान नहीं है।

एसिड टेस्ट और कसौटी भी नहीं दे रहे सही नतीजे

अब तक सोने की शुद्धता जांचने के लिए एसिड टेस्ट, कसौटी और कैरेट जांच मशीनों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन भारी धातुओं के पाउडर की मिलावट गुलाब बिक गया। शुद्धता के मामले में ये तरीके भरोसेमंद साबित नहीं हो रहे हैं। मिलावटी सोना रंग और बाहरी रूप में असली जैसा दिखाई देता है। इससे खरीदारी के समय ग्राहक के लिए असली और मिलावटी सोने में अंतर करना मुश्किल हो जाता है। कारोबारियों के मुताबिक, इस तरह का कथित गोल्ड पाउडर महाराष्ट्र और बंगाल के रास्ते बाजारों तक पहुंच रहा है। आशंका है कि इसे चीन में तैयार किया जा रहा है। इसकी लागत सोने की मौजूदा कीमत से करीब 10 प्रतिशत कम बताई जा रही है।

आधुनिक तकनीक से ही पकड़ में आएगी मिलावट

विशेषज्ञों के मुताबिक, इस तरह की मिलावट की पहचान के लिए हर्ष एक्स-रे फ्लोरेसेंस (एक्सआरएफ) और इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोपी जैसी आधुनिक तकनीकों की जरूरत है। सामान्य जांच के बजाय धातुओं की संरचना और उनकी वास्तविक मात्रा का विश्लेषण करना जरूरी है। ग्राहकों के लिए चिंता की बात यह है कि अब सोने की शुद्धता का भरोसा केवल रंग, वजन या सामान्य जांच के आधार पर नहीं किया जा सकता। ऐसे में खरीदारी के समय हॉलमार्क, विश्वसनीय विक्रेता और जरूरत पड़ने पर आधुनिक तकनीक से शुद्धता की जांच का महत्व और बढ़ गया है।

शिप्रा नदी के रामघाट पर टला बड़ा हादसा

होमगार्ड जवानों ने बचाई चार श्रद्धालुओं की जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिप्रा नदी के रामघाट पर मंगलवार दोपहर आस्था की डुबकी लगाने उतरे कर श्रद्धालु गहरे पानी में चले गए होमगार्ड जवानों ने उन्हें डूबता देख तो नदी में छलांग लगे और चारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ समय की देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

महाराष्ट्र नागपुर के रहने वाले चार दोस्त विराट हिंगोल, हेमंत, याबुल लोहारे और विनोद कप्परे उज्जैन आए थे। दोपहर 1 बजे शिप्रा नदी के रामघाट पर स्नान करने पहुंचे थे। चारों नदी में अटखेलिया करने लगे उन्हें होमगार्ड जवानों ने देखा तो दो बार गहरे पानी में नहीं जाने की समझाइश दी। बावजूद चारों नहीं माने इसी दौरान विनोद और हेमंत अचानक गहरे पानी में चले गए दोनों को बचाने के लिए दो साथी भी पहुंचे लेकिन चारों डूबने लगे। होमगार्ड जवान उन पर नजरें बनाए हुए थे उन्हें डूबता देख तत्काल जवान सुनील मेवाडा ने नदी में छलांग लगा दी और बचाने के प्रयास शुरू किये, इसी दौरान संतोष सोलंकी और धीरेन्द्र चौहान ने लाइफ जैकेट फेंककर बचाव में मदद की। तीनों जवानों के संयुक्त प्रयास से चारों श्रद्धालुओं को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। होमगार्ड/एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि होमगार्ड जवानों की सतर्कता से सुरक्षित बाहर निकाला गया है। शिप्रा नदी के सभी घाटों पर तीन शिफ्ट में होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है जो लगातार पेट्रोलिंग कर आस्था का नहान करने आ रहे श्रद्धालुओं को गहरे पानी में नहीं जाने की हिदायत देते हैं अचानक होने वाली आपदा में तत्काल नदी में छलांग लगाकर रेस्क्यू करते हैं।

न्यूज कालम



प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने किया थाना निवाली का आकस्मिक निरीक्षण

बड़वानी/निवाली जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्यालयों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रभारी पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा लगातार थानों का भ्रमण और निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 9 नवम्बर को उन्होंने थाना निवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने थाने की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धार्मिक व सात्विक शुरूआतः निरीक्षण की शुरूआत में उन्होंने थाना परिसर स्थित महादेव मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। परिसर व बुनियादी निरीक्षणः थाना परिसर, पुलिस लाइन, हवालात, विवेचक कक्ष, कंप्यूटर कक्ष और मालखाना का गहनता से निरीक्षण किया गया। स्वच्छता पर जोरः थाना परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के लिए संबंधितों को कड़े निर्देश दिए गए।

उमंग और उल्लास के साथ मनाया दीपों का पर्व दीपावली

खरगोन। दीपों का त्यौहार दीपावली शहर सहित समूचे अंचल में उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। दीपावली के दिन सुबह से ही व्यापार-व्यवसाय में उठाव शुरू हो गया था। धनतेरस के बाद से बाजार में जो रौनक बनना शुरू हुई वही दीपावली की शाम तक बाजार में बनी रही। दीपोत्सव पर लोगों ने अपने घरों को केले के पत्तों आम के पत्तों और पुष्प मालाओं से खूब सजाया। मुहुर्त के अनुसार धन की देवी महालक्ष्मी की पूजन-अर्चन की गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खुशी की लहर बनी रही। पूजन के बाद हर तरफ दीपावली की देर रात तक फटाकों की गूंज गूंजती रही। खुशियों से भरे इस त्योहार के अवसर पर हर घर में दीपोत्सव मनाया गया। वर्ष भर अपने प्रतिष्ठान में कमाई करने वाले व्यापारियों ने अपनी दुकानों में ग्राहकों की भीड़ रहने के बाद भी लक्ष्मी जी को सिंहासन पर विराजमान कर विधि-विधान से पूजन अर्चन की दुकान में ही दीपावली मनाई। इसके बाद घर पहुंच कर घर में भी धन की देवी की पूजन की। इसके अलावा राजनेताओं ने भी अपने कार्यालयों में विधि-विधान से पूजन कर लक्ष्मी जी का आह्वान किया।



विधायक नारायण पटेल ने किया गौमाता एवं भगवान श्रीगोवर्धन का पूजन



मुंदी। सोमवार को ग्राम खुटला कला में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत गोपाल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मांधाता विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल विशेष रूप से सम्मिलित हुए।इस अवसर पर विधायक नारायण पटेल ने विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ गौमाता का पूजन किया तथा भगवान श्रीगोवर्धन जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।गोपाल महोत्सव के माध्यम से गौसेवा, पशुपालन एवं डेयरी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं पशुपालकों की सहभागिता रही।

पूर्व विधायक और समाजसेवी जगदीश मोराण्या पंचतत्व में विलीन

सनावद। बड़वाह विधानसभा के पूर्व विधायक और समाजसेवी जगदीश मोराण्या टोकसर का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। श्री मोराण्या कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री मोराण्या ने पहले ग्रामीण सहकारी संस्था के अध्यक्ष फिर कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसाइटी सनावद के अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी और किसानों के हितों के लिए कार्य किया। तत्पश्चात 1998 में बड़वाह विधानसभा से कांग्रेस से विधायक चुने गए। अपने पांच साल के कार्यकाल में श्री मोराण्या ने अपनी विधानसभा में कई ऐतिहासिक कार्य किए जिससे वह जन जन और सर्वसमाज के प्रिय बने। उसके बाद उन्होंने राजनीति के साथ साथ स्वयं को पूरी तरह समाजसेवा में समर्पित कर दिया। श्री मोराण्या के माता पिता ओंकार और गोदावरी बाई भी अपने नर्मदा तट पर बसे गृहग्राम टोकसर के गौतमेश्वर महादेव मंदिर में सेवा और धार्मिक कार्यों में सलग्न रहते थे। इसी परम्परा को स्वर्गीय जगदीश मोराण्या ने आगे बढ़ाया और पूरी तरह गौतमेश्वर महादेव मंदिर गौमुख आश्रम और समाजसेवा में जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने गौमुख आश्रम और मंदिर टोकसर को पर्यटन और धार्मिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया। उनके मार्गदर्शन में यहां पर मंदिर का जीर्णोद्धार सहित सुंदर घाट,मुक्ति धाम,भोजन शाला,धर्मशाला सहित कई बड़े निर्माण कार्य किए गए। जहां पर हजारों नर्मदापरिक्रमा वासियों के लिए भोजन वितरण,आवास सुविधा सहित वर्ष में कई बार धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं। प्रतिदिन सैकड़ों श्रृद्धालु यहां पर मंदिर और नर्मदा जी के दर्शन करने और आश्रम की खूबसूरती देखने आते हैं। श्री मोराण्या ने अपने राजनीतिक और सामाजिक गुरु पूर्व सांसद और समाजसेवी स्वर्गीय ताराचंद पटेल के साथ मिलकर गुर्जर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनके कार्यों को आगे बढ़ाया। समाज को एकजुट रखने और समाज में शिक्षा व संस्कारों का व्यापक प्रचार प्रसार, फिजूलखर्ची पर नियंत्रण जैसे कार्यों में उन्होंने स्वर्गीय पटेल के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख (रजिस्ट्री) वितरण कार्यक्रम

बड़वानी । पानसेमल विधायक श्री श्याम बरडे ने शुक्रवार को ग्राम पुरुषखेड़ा, जनपद पंचायत निवाली में स्वामित्व योजना अंतर्गत 36 हितग्राहियों को उनके आवासीय भूमि के अधिकार अभिलेख (रजिस्ट्री) वितरित किए। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति का कानूनी स्वामित्व प्राप्त हो रहा है। इससे संपत्ति संबंधी अधिकारों की सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण एवं ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी।

कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों का लिया जायजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



सोमवार को कलेक्टर विवेक कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने फोफनार, शाहपुर एवं ग्राम चापोरा में संचालित विभिन्न इकाइयों एवं केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित हितग्राहियों एवं कृषकों से चर्चा की।

हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट का किया निरीक्षण

कलेक्टर कुमार ने फोफनार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत स्थापित हितग्राही योगेश पाटिल की हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने हल्दी प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया तथा हल्दी की सफाई, प्रसंस्करण एवं तैयार उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने हितग्राही से यूनिट की उत्पादन क्षमता, संचालन, आवश्यक निवेश एवं स्थापना में आई लागत के बारे में चर्चा की। साथ ही, तैयार उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं और वर्तमान स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को जिले में हल्दी प्रसंस्करण गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा अधिक से अधिक किसानों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

केला चिप्स यूनिट में चिप्स बनाने की प्रक्रिया देखी, स्वाद भी चखा

इसी क्रम में कलेक्टर विवेक कुमार ने शाहपुर में पीएमएफएमई के हितग्राही हर्षल की केला चिप्स यूनिट का अवलोकन किया। उन्होंने यूनिट में केले से चिप्स तैयार करने की प्रक्रिया तथा इसमें उपयोग की जाने वाली मशीनों एवं उत्पादन संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने तैयार केला चिप्स का स्वाद भी चखा और इकाई के संचालन के संबंध में हितग्राही से चर्चा की।

बायो रिसर्च सेंटर में जैविक उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया जानी

भ्रमण के दौरान कलेक्टर कुमार ग्राम चापोरा में संचालित बीआरसी भी पहुंचे। यहां उन्होंने तैयार किए जा रहे विभिन्न जैविक उत्पादों एवं उनके उपयोग की जानकारी ली। उन्होंने कृषक धीरज पवार से जैविक कृषि पद्धतियों, उनके लाभ एवं खेती में जैविक उत्पादों के उपयोग के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कृषक पवार द्वारा केंद्र में जीवामृत, घनजीवामृत, नीम एवं सप्तपर्णी आधारित जैविक उत्पाद सहित अन्य जैविक बैक्टीरिया का स्वयं निर्माण किया जा रहा है। कृषक इन जैविक उत्पादों का उपयोग अपनी खेती में करते हैं तथा रासायनिक उर्वरकों का उपयोग किए बिना जैविक पद्धति से खेती कर रहे हैं। इस अवसर पर कृषक ने कलेक्टर कुमार को जीवामृत तैयार करने की विधि भी विस्तारपूर्वक बताई तथा इसके निर्माण एवं खेती में उपयोग की प्रक्रिया से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर विवेक कुमार ने भवसा डैम का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



माधव आश्रम गौशाला में विधायक मेव ने विधि-विधान से की गोवर्धन पूजा

मंडलेश्वर। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर माधव आश्रम गौशाला में महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने विधि-विधान से गोवर्धन पूजन कर गौमाता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान विधायक मेव ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान गौसेवा और गौ संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया।विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि गौमाता सनातन संस्कृति की आधारशिला हैं। भारतीय परंपरा में गौसेवा को विशेष महत्व दिया गया है। गौमाता की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सर्व सुखदायिनी गौमाता की सेवा का भाव हमारे जीवन में सदैव बना रहे और समाज में गौसेवा के प्रति समर्पण की भावना मजबूत हो, यही गोवर्धन पूजा का मूल संदेश है।उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और गौवंश के संरक्षण का संदेश देने वाला पर्व भी है। हमें अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए गौशालाओं के संरक्षण तथा गौवंश की सेवा के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।पूजन के दौरान गौशाला परिसर में श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण रहा।

प्रतिबंध के बावजूद शाहपुर में हुई हेला टक्कर, 60 हजार से अधिक लोग पहुंचे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



दीपावली के मौके पर शाहपुर में अमरावती नदी के तट पर प्रतिबंध के बावजूद हेला टक्कर का आयोजन हुआ। प्रशासन के आदेश और अपील के बाद भी इस आयोजन को देखने के लिए हजारों लोग जुटे।

कलेक्टर विवेक कुमार ने जिले में इस आयोजन पर ५ जनवरी 2017 तक रोक लगाई है। कलेक्टर ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रतिबंध का आदेश जारी किया था। जिला और पुलिस प्रशासन ने भी लोगों से हेला टक्कर आयोजित न करने की अपील की थी। प्रशासन ने पशुओं के साथ क्रूरता रोकने के लिए प्रतिबंध लगाया था। आयोजन में हजारों लोगों के जुटने से भगदड़ और कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका भी जताई गई थी। मेले के नाम पर जिले में अलग-अलग मौकों पर हेला टक्कर आयोजित होती रही है। पिछले सालों में आयोजन के बाद पुलिस ने आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद इस बार आयोजन करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिबंध के बावजूद दीपावली की पड़वा पर सोमवार को शाहपुर स्थित अमरावती नदी में पाड़ों की टक्कर कराई गई। अनुमति मेले की ली गई थी, लेकिन इसके नाम पर यह आयोजन हुआ। हर साल की तरह जनप्रतिनिधि भी इस पशु क्रूरता के साक्षी बने। शाहपुर पुलिस ने आयोजन समिति के 11 लोगों पर नामजद और पाड़ा मालिकों पर केस दर्ज किया है।

दोपहर 12 बजे से शुरू हुई इस टक्कर को देखने 60 हजार से अधिक लोग पहुंचे। सुरक्षा के लिए पुलिस और निजी बाउंसर्स तैनात रहे। मैदान की जाली तोड़ने का प्रयास करने पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। करीब 40 पाड़ों (10 बड़े पाड़े) की टक्कर के दौरान मची भगदड़ और भीड़ के मैदान में घुसने के बाद पौने चार बजे आयोजन समाप्त घोषित किया गया।

वृंदावन ग्राम बोरलाय में हुआ गोवर्धन पूजा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



गोवर्धन पूजा के अवसर पर वृंदावन ग्राम बोरलाय में जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा एवं गोपाल कृष्ण पुरस्कार का आयोजन श्री कृष्ण गौशाला बोरलाय में किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा अध्यक्षता की गई कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, गौशाला के अध्यक्ष दीपेंद्र पाटीदार, प्रगतिशील पशुपालक सहित पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. राजेश प्रधान सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की उपस्थिति में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया।

अतिथियों द्वारा श्री कृष्ण गौशाला बोरलाय में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए की राशि श्री अश्विन महेश पाटीदार, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार की राशि श्री जितेंद्र बद्री परमार एवं तृतीय पुरस्कार 25 हजार की राशि राजेश भगवान परमार को प्रमाण पत्र के साथ प्रदान की गई । उक्त तीनों विजेताओं द्वारा पुरस्कार की राशि में से 50 प्रतिशत की राशि स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला में दान दी गई । साथ ही सांसद श्री पटेल द्वारा गौशाला की बाउंड्रीवाल हेतु सांसद निधि से 15 लाख रुपए देने की घोषणा भी की गई ।

कार्यक्रम के दौरान लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा गौ माता के संवर्धन, पालन, पोषण कर ग्राम में दुग्ध पालन बढ़ाने हेतु सभी से अपील की गई । वही कार्यक्रम में उपस्थित पशुपालन मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल द्वारा भी गोरक्षा संकल्प दिलाया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर महेंद्र बघेल ने किया आभार डॉ. राजेश प्रधान द्वारा व्यक्त किया गया।



ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया दीपावली पर्व

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मुंदी

प्रकाश पर्व दीपावली मुंदी नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। दीपावली को लेकर नगर में कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। शनिवार को स्थानीय बाजारों में सुबह से देर शाम तक लोगों की बड़ी संख्या में आवाजाही देखने को मिली। बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही और दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। दीपावली के अवसर पर लोगों ने नए वाहनों सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, आभूषण, सजावटी सामग्री और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। वहीं पटाखा बाजार में भी बच्चों से लेकर बड़ों तक में खासा उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने अपनी पसंद के पटाखे और आतिशबाजी की सामग्री खरीदी। शाम होते ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के घर-आंगन दीपों, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से जगमगा उठे। घरों में महिलाओं ने रंगोली सजाई तथा परिवार के सदस्यों ने विधि-विधान और श्रद्धा-भक्ति के साथ मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश का पूजन कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देकर मिठाइयां बांटीं।

गोवर्धन पूजा पर प्रकृति और गौमाता की आराधना दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा का पर्व भी परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना करने की परंपरा है।



मूंदी में दीपावली की रात आग का तांडव, श्याम मोबाइल दुकान में लाखों का नुकसान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मूंदी

दीपावली की रात मूंदी नगर में आगजनी की घटनाओं से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नगर के सुभाष चौक स्थित श्याम मोबाइल दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग दुकान की प्रथम मंजिल पर लगी, जिसमें रखे कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर परिषद की दमकल टीम मौके पर पहुंची। नगर परिषद के कर्मचारियों ने दमकल की मदद से काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच नगर के अटल चौक स्थित यज्ञशाला के पंडाल में भी आग लगने की घटना सामने आई। तालाब मोहल्ला स्थित बनी यज्ञशाला में भी आग लगने की सूचना से नगर में हड़कंप मच गया। इन घटनाओं के चलते दीपावली की खुशियों के बीच नगरवासियों में चिंता का माहौल रहा।

विधायक नारायण पटेल पहुंचे घटनास्थल, पीड़ित को आर्थिक सहायता का भरोसा। दुकान संचालक श्याम गुर्जर ने बताया कि गोडाउन में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा हुआ था। कितना नुकसान हुआ है इसका आकलन कर रहे हैं। अनुमानित 10 से 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ श्याम मोबाइल दुकान में आगजनी से लाखों रुपये के नुकसान की जानकारी मिली है।

45 साल की पत्रकारिता और राज नीतिक अनुभव को मिली नई जिम्मेदारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

पत्रकारिता, समाजसेवा और राजनीति के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय विजय जैन को मिशन न्यू इंडिया का खरगोन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय संयोजक रवि चाणक्य एवं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन सिंह मंडलोई की सहमति और अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष आशीष मेवानी ने 4 नवंबर 2026 को नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें जिले की जिम्मेदारी सौंपी।

विजय जैन का सार्वजनिक जीवन करीब 45 वर्षों की पत्रकारिता और सामाजिक-राजनीतिक सक्रियता का अनुभव समेटे हुए है। वे सनावद नगर पालिका में पार्षद, भाजपा नगर महामंत्री और भाजपा निवेशक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जैसे दायित्व निभा चुके हैं। जन समस्याओं, क्षेत्रीय विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता रही है। वर्तमान में वे साप्ताहिक समाचार पत्र लोक अभिव्यक्ति स्वर के प्रधान संपादक हैं।

अपनी लेखनी के माध्यम से उन्होंने पीड़ितों, शोषितों और वंचितों की आवाज उठाने के साथ भ्रष्टाचार, अन्याय और प्रशासनिक लापरवाही जैसे मुद्दों को प्रमुखता से सामने रखा है।

नियुक्ति के साथ विजय जैन को खरगोन जिले में संगठन का विस्तार करने, विभिन्न इकाइयों और पदाधिकारियों के बीच समन्वय बनाने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें संगठन की गतिविधियों और प्रगति की जानकारी राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचानी होगी। संगठन ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव से जिले में मिशन न्यू इंडिया की गतिविधियों को गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि मिशन न्यू इंडिया एक पंजीकृत संगठन है, जिसका पंजीयन क्रमांक ३२५ है। संगठन का ध्येय वाक्य 'राष्ट्र प्रथम, राष्ट्र हितम' है। विजय जैन की नियुक्ति पर पत्रकारिता, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

दीपोत्सव पर रोशनी में नहाया सनावद, लक्ष्मीनारायण मंदिर में रातभर उमड़े श्रद्धालु

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

दीपों की जगमगाहट, रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी के बीच रविवार को सनावद में दीपावली का पर्व परंपरा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से बाजारों में चहल-पहल रही तो शाम ढलते ही पूरा शहर दीपोत्सव के रंग में रंगा नजर आया। घरों की देहरी से लेकर व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक दीप जलाए गए। परिवारों ने विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश का पूजन कर खुशहाली और कारोबार में बरकत की कामना की।

दीपावली की सबसे खास छटा नगर की लक्ष्मी गली स्थित प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर में देखने को मिली। मंदिर में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का स्वर्ण एवं रजत आभूषणों से मनोहारी श्रृंगार किया गया।

विशेष सजावट और दीपों की रोशनी ने मंदिर परिसर को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। दर्शनार्थियों की आस्था को देखते हुए मंदिर के पट पूरी रात खुले रखे गए। देर रात तक श्रद्धालु भगवान के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते रहे।

पंडित जयप्रकाश दुबे ने बताया कि नगर की स्थापना के समय से मौजूद यह मंदिर सनावद की प्राचीन धार्मिक धरोहर और श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। भगवान विष्णु का विग्रह विशेष आकर्षण का केंद्र है, वहीं माता लक्ष्मी पद्मासन मुद्रा में विराजित हैं। वैष्णव परंपरा के अनुरूप यहां सभी प्रमुख पर्व विशेष धार्मिक आयोजनों के साथ मनाए जाते हैं।

दीपावली पर महिलाओं और बालिकाओं ने घरों के आंगन में आकर्षक रंगोलियां सजाईं। कहीं पारंपरिक आकृतियां नजर आईं तो कहीं धार्मिक प्रतीकों के जरिए पर्व की खुशियां बिखेरी गईं।

भगवान महावीर स्वामी का 2553वां निवाणोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2553वां निवाणोत्सव नगर में धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। दीपावली के अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन कर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

सन्मति जैन काका ने बताया कि कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन भगवान महावीर स्वामी को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। इसी दिन उनके प्रथम गणधर गौतम स्वामी को कैवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसी पावन स्मृति में जैन समाज प्रतिवर्ष दीपमालिका सजाकर निवाणोत्सव मनाता है। भगवान महावीर का संदेश 'जियो और जीने दो' इस पर्व का मूल आधार है। निवाणोत्सव के तहत दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में सुबह पंचामृत अभिषेक एवं पूजन के बाद परंपरानुसार निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

शांतिधारा का सौभाग्य निलेश कुमार चांदमल जैन एवं श्रीकांत कमल कुमार जटाले परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं मुख्य निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य श्रीमती किरणबाई, सलित-सुजाता जैन, प्रफुल्ल-रीना तथा सार्थक-अर्चिता जैन परिवार को मिला।

इसके अलावा सुपार्श्वनाथ मंदिर, श्री खंडेलवाल आदिनाथ छोटा जैन मंदिर, श्रीमंदर जिनालय, महावीर जिनालय सहित पोदनपुरम, णमोकार धाम, मोरटक्का और सिद्धवरकूटजी में भी श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

जैन परंपरा में निर्वाण लाडू अर्पित करना भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का प्रतीक है।

न्यूज -कॉलम

17 साल की बालिका ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत



उज्जैन। देवासरोड ग्राम चंदेसरा में रहने वाले कमल बागवान की 17 साल की बालिका आशा बागवान ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद बालिका की मौत हो गई। सूचना मिलने पर नागझिरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव निजी अस्पताल से चरक अस्पताल लाया गया। बालिका ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी वजह परिजन स्पष्ट नहीं कर पाये। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू की है। एक अन्य मामले में बापूनगर में रहने वाले ईश्वर पिता तोलाराम 70 साल ने जहर खा लिया था। सोमवार रात 10 बजे ईश्वर कर हालत बिगड़ने लगी तो परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मंगलवार तडके मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि पैर में लगी चोंट की वजह से घाव गहरा हो गया था। उपचार के बाद भी ठीक नहीं हो रहा था। जिसके चलते काफी परेशान रहने लगे थे। संभवत इसी के चलते उन्होने आत्मघाती कदम उठाया है। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के बयान दर्ज आगे की जांच शुरू की जायेगी।

पुराने विवाद में 61 साल के बुजुर्ग को मारा पत्थर

उज्जैन। शंकरपुर माधोपुरा मक्सी रोड पर रहने वाले 61 साल की भागीरथ पिता कान्हा मालवीय पोल फैक्ट्री के पास से पैदल गुजर रहे थे। उसी दौरान रणसिंह ने रास्ता रोका और बोला कि इधर मत आया कर घर में महिलायें रहती है। भागीरथ ने घर का रास्ता होने की बात कहीं तो रणसिंह ने गाली-गलौच करते हुये पत्थर मार दिया। चोंट लगने पर भागीरथ घायल हो गया। पंवासा पुलिस ने मामले में घायल के बयान दर्ज कर रणसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि घायल और आरोपी के बीच पुराना विवाद भी चला आ रहा है।

पुरानी रंजीश में घर में घुसकर बदमाशों ने की तोड़फोड़

उज्जैन। पुरानी रंजीश के चलते एकतानगर में सोमवार-मंगलवार रात तीन बदमाशों ने राजकुमार पिता दयाराम जाटवा के घर में घुसकर तोड़फोड़ की और पत्थरों से हमला कर घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड दिये। बदमाशों ने मारपीट कर राजकुमार, उसकी पत्नी शीतल और पुत्र राजा जाटवा को घायल कर दिया। बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने राजकुमार जाटवा की शिकायत पर गौरव उर्फ गणवत केवट, सोनू काछी और गणेश केवट के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। नीलगंगा थाना क्षेत्र के विष्णुपुरा में शराब पीकर 3 बदमाशों ने राजेन्द्र पिता महेन्द्र जाटवा के साथ मारपीट कर घर के बाहर खड़ी दो पहिया गाड़ियों में तोडफोड़ की। पुलिस ने राजेन्द्र की शिकायत पर तीनों बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर 2 नाबालिग बदमाशों को हिरासत में लिया है। उनका एक साथी फरार है।

सिगरेट नहीं देने पर युवक को बदमाशों ने मारे लात-घूंसे

उज्जैन। प्रजापत नगर पिलियाखाल में रहने वाला रोहित पिता जितेन्द्र प्रजापत 26 साल रात में तिरूपति एवेन्यू गेट के सामने पंचक्रोशी मार्ग स्थित अपने प्लाट पर गया था। उसी दौरान कुछ युवकों ने सिगरेट मांगी, मना करने पर युवकों ने रोहित के साथ मारपीट की और घायल कर दिया। चिमनगंज थाना पुलिस ने मारपीट करने वाले कुलदीप, बाला, हरिओम, धीरज, राजा, सक्षम और देबु के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। सभी आरोपी तिरूपति एवेन्यू क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे है।

छह दिनों से लातपा वृद्ध, पुत्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट

उज्जैन। मक्सीरोड हरसोदन में रहने वाला 60 वर्षीय बालाराम पिता नारायण सिवालिया 4 नवम्बर को घर से निकले थे। जिसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तलाश शुरू की और सभी रिश्तेदारों के यहां पूछताछ की। मंगलवार तक बालाराम का पता नहीं चलने पर पुत्र रोशन सिवालिया ने पंवासा थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है।

कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर, 2 युवक घायल

उज्जैन। सारीबारी मोड़ सोड़ग के समीप उन्हेल रोड पर सोमवार रात कार क्रमांक एमपी 13 झेड झेड 6770 के चालक ने बाइक पर सवार शिवम पिता ईश्वर आंजना और आयुष पिता गिरधारी आंजना निवासी चकरावदा को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये। लोगों की मदद से उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने टक्कर मारकर भागे कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

एक युवक की मौत, दूसरा कुएं में गिरकर हुआ घायल.....

बाइक- कार भिडंत के बाद स्टेट हाइवे पर चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जावरा-उज्जैन स्टेट हाइवे 17 पर सोमवार-मंगलवार रात कार-बाइक की भिड़ंत हो गई। बाइक में आग लग गई, एक युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। भिड़ंत में दूसरा समीप के कुएं में जा गिरा था, जो घायल हुआ है। दुर्घटना के बाद लोगों का आक्रोश बड़ गया। उन्होने स्टेट हाइवे पर चक्काजाम कर दिया।

खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बेडावन्या जावरा-उज्जैन स्टेट हाइवे पर रात में कार और बाइक में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई थी। कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, दूसरा उछलकर सड़क किनारे कुएं में जा गिरा था। बाइक काफी दूर तक घीसती हुई गई। इस दौरान उसमें आग लग गई थी। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होने कुएं में गिर युवक को बाहर निकाला और एम्बुलेंस को कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस आने में देरी हो गई। इस बीच मौके से गुजर रहे भाजपा नेता लखन गुर्जर ने दुर्घटना में घायल युवक को देखा तो अपनी कार से शासकीय अस्पताल पहुंचा। दुर्घटना का जाम की खबर लगते खाचरौद



थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक की पहचान गजानंद पिता हितेन्द्र निवासी सी ब्लॉक टापरी बिरलाग्राम के रूप में हुई। घायल साथी नीरज पिता संतोष था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया और मृतक का मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया।

पूर्व विधायक पहुंचे दुर्घटनास्थल

सड़क दुर्घटना और लोगों द्वारा किये गये चक्काजाम की खबर मिलने पर पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत मौके पर पहुंचे। स्टेट हाइवे पर लगातार हो रही दुर्घटना को लेकर उन्होने पर्याप्त संकेतक और स्पीड ब्रेकर बनाने के साथ सड़क सुरक्षा से जुडे इंतजाम को एक सप्ताह में पूरा करने की बात पुलिस के समक्ष रखी। उन्होने कहा कि अगर सुरक्षा इंतजाम नहीं हुये तो आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान चक्काजाम करने वाले लोगों को कहना था कि उक्त मार्ग पर मोड है, जिसे चौडा किया जाये।



पुलिस ने मामला शांत कराकर खुलवाया जाम

दुर्घटनास्थल पर लगी भीड और ग्रामीणों चक्काजाम को खुलवाने के लिये खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया टीम के साथ पहुंचे थे। इस दौरान तहसीलदार भी मौके पर आ गये थे। पुलिस ने मामला शांत कराकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटाया और लोगों को समझाईश देकर जाम खुलवाकर यातायात व्यवस्था को शुरू कराया। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग चुकी थी।

गिरफ्त में यात्रियों के मोबाइल चुराने वाले आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले 2 आरोपी जीआरपी की गिरफ्त में आ गये। दोनों ने यात्रा करने की आड़ में चोरी को अंजाम दिया था। उनसे चोरी किये मोबाइल जप्त किये गये है।

जीआरपी ने बताया कि कुछ दिन पहले झारखंड निवासी उपेन्द्र कुमार कलकत्ता-अहमदाबाद के एसी कोच में यात्रा कर उज्जैन आ रहे थे। इसी दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया था। उन्होने जीआरपी थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला जांच में लिया था। तभी उज्जैन निवासी शिवनारायण सिसौदिया ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि वह पैसेंजर ट्रेन से उज्जैन आ रहा था। मक्सी रेलवे स्टेशन के पास भीड़ का फायदा उठाकर



बदमाश ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया है। उक्त मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और दोनों मामलों की जांच के लिये सायबर टीम की मदद लेकर लोकेशन ट्रेस की गई। पता चला कि दोनों मोबाइल उत्तरप्रदेश के आगरा में चलाये जा रहे है। लोकेशन के आधार पर प्रधान आरक्षक मनोज परिहार, आरक्षक रवि बघेल और जीआरपी सायबर टीम उत्तरप्रदेश पहुंची। एक मोबाइल नीलम पति चंद्रप्रकाश 32 वर्ष निवासी ग्राम कुशियापुर के पास मिला। दूसरा मोबाइल अरुण पिता जगदीश परिहार (48) निवासी ग्राम बीच का पुरा आगरा से बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि यात्रा के दौरान मोबाइल चोरी किये थे। जीआरपी के अनुसार दोनों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। उनके पूर्व में अपराध दर्ज होना सामने नहीं आये। जिसके दोनों को जमानत पर रिहा किया गया है।

42 दुकानों एवं ऑफिसों की ई-निविदा...

श्री मंशापूर्ण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की निविदा का आज अंतिम दिन

नागरिकों की मांग एवं आगामी त्योहारों को देखते हुए आनलाईन आवेदन की तिथि बढी थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर पालिक निगम, उज्जैन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47, अलखधाम नगर में निर्मित श्री मंशापूर्ण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों एवं ऑफिसों के विक्रय हेतु जारी ई-निविदा की अंतिम तिथि में 7 दिवस की वृद्धि बुधवार को पूर्ण हो रही है। नगर निगम ने नागरिक एवं व्यापारियों की मांग पर इसके आवेदन की तिथि में वृद्धि की थी।

निगम द्वारा उक्त कॉम्प्लेक्स में निर्मित 42 दुकानों एवं ऑफिसों के विक्रय हेतु 21 अक्टूबर 2026 को ई-निविदा जारी की गई थी।नागरिकों की मांग एवं आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 11 नवंबर 2026 निर्धारित की गई थी।

काम्पलेक्स में सब कुछ मानदंड अनुरूप- श्री मंशापूर्ण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एक अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक परिसर है। यहां आवागमन के लिए दो आधुनिक लिफ्ट, अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, बेसमेंट पार्किंग एवं सरफेस पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। परिसर के संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी नगर निगम द्वारा निभाई जाएगी। साथ ही इच्छुक क्रेताओं को बैंक ऋण प्राप्त करने में सुविधा के लिए निगम द्वारा एनओसी भी प्रदान की जाएगी। ई-निविदा के लिए आवेदन एवं विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

भाई को मंगल तिलक लगाकर बहिनें मनायेगी भाई दूज का पर्व

महिदपुर रोड। आज बुध वार को नगर में भाई दूज का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। नगर में निवास रत बहुओं के भाई आज विभिन्न शहरों गांव से अपनी बहिनों से मंगल तिलक लगवाने यहां पहुंचें गे बहिनों उनके मायके से आये भाई भाभि यों तथा भांजो का मुंह मीठा कराते हुए भाई को मंगल तिलक लगाकर उनके सुखद दीर्घायु मंगलमय जीवन की कामना करेगी। मान्यता है कि दीपावली के दूसरे दिन आने वाली भाई दूज यम द्वितीया के नाम से जानी जाती है इस दिन जो बहिन अपने भाई को उनका मुंह मीठा कराती है उन भाईयों को किसी प्रकार का अनजाना अज्ञात भय नहीं सताता तथा भाई के जीवन में किसी प्रकार की विपत्ति नहीं आती। मंदसौर से नगर में ब्याह कर आई से मालती पोरवाल ने कहा वे भाई दूज के दिन अपने भाई का इंतजार करती है बगुनिया की कविता फरक्या अपने भाई भोजाई भांजे को सोमवार को ही आने का बुलावा भेज चुकी है आगर से विपुल पोरवाल नीमच से जितेंद्र चंद्रावत अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ अपनी बहिनों से मंगल तिलक लगवाने अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ अपनी बहिनों से भाई दूज पर मंगल तिलक लगवाने मिठाइयां लेकर आ रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



विद्यापति नगर में सोमवार शाम को स्वास्थ्य विभाग की महिला अधिकारी के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हो गई। 2 बदमाश बाइक से आये थे। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है।

बताया जा रहा है कि शिवाजी पार्क में रहने वाली शोभा चौहान स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारी है। वह पैदल साकेत नगर में रहने वाले भाई के घर जा रही थी। उसी दौरान बाइक से आये 2 बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन पेंडल लगी खींची और भाग निकले। शोभा चौहान ने शोर मचाया लेकिन बदमाश मुख्य मार्ग से नानाखेडा की ओर भाग निकले थे। चेन स्नेचिंग की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस विद्यापति नगर पहुंची और बदमाशों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। दोनों बदमाश कैमरे में दिखाई दिये है। मामले में पुलिस ने रात में नर्सिंग अधिकारी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया। उनका कहना था कि वारदात अचानक होने पर वह बदमाशों का चेहरा और उनकी बाइक ठीक से नहीं देख पाई थी। आशंक जताई जा रही है कि बदमाश बाहरी हो सकते है।

अगस्त में पकडाये थे देवास के बदमाश

अगस्त माह में बाइक सवार 2 बदमाशों ने देवास और उज्जैन में 3 से 4 घंटे में तीन चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम दिया था। बदमाश देवास से स्नेचिंग कर उज्जैन पहुंचे थे, जहां उन्होने पहले कोठी रोड और उसके बाद फव्वारा चौक पर वारदात को अंजाम दिया था। दोनों बदमाशों को देवास पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिनसे तीनों स्नेचिंग का खुलासा हुआ था। अगस्त माह के बाद एक बार फिर नवम्बर में स्नेचिंग होना सामने आय है।

नगर निगम परिषद में विरोध के बाद अलग-अलग ठेका देना का निर्णय हुआ था.....

मात्र साढ़े तीन दिन शेष कार्तिक मेला टेंडर डालने के लिए

19 झूला क्षेत्र निविदा से पूर्ववत अलग-अलग दिए जाएंगे,कांग्रेस ने एक व्यक्ति एवं संस्था को देने का विरोध किया था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक सदी पुराने कार्तिक मेला में झूलों को लेकर इस बार एमआईसी ने एक ही व्यक्ति एवं एक ही संस्था को 19 झूलों का ठेका देने के निर्णय को परिषद ने बदल दिया था। परिषद ने इसे पूर्ववत अलग-अलग झूले वालों को देने का निर्णय कांग्रेस के विरोध के बाद लिया था। इसको लेकर अल्पकालीन निविदा 7 दिन की जारी कर दी गई है। 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक इसकी निविदा डाली जाएगी। इसके साथ ही पूर्व निविदा से शेष बची दुकानों के टेंडर भी आमंत्रित किए गए हैं।

नगर पालिक निगम उज्जैन के हाल ही के सम्मेलन में कार्तिक मेला क्षेत्र में इस बार के झूलों को लेकर कांग्रेस पक्ष की और से एक ही संस्था एवं व्यक्ति को इसका ठेका देने का भारी विरोध



दर्ज करवाया गया था। परिषद में विरोध की स्थितियों को लेकर सम्मेलन में 30 अक्टूबर को आयोजित बैठक में शेष रहे विचारार्थ प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा के पश्चात सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई, सम्मेलन के एजेंडा क्रमांक 04 के अंतर्गत कार्तिक मेला एवं प्रदर्शनी 2026 की सैद्धांतिक स्वीकृति अन्तर्गत 03 अक्टूबर की एमआईसी द्वारा पारित ठहराव क्र. 98 को निरस्त किया जाकर विगत वर्ष अनुसार ही निविदा आमंत्रित करते हुए कार्तिक मेला आयोजन की व्यवस्था किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति सदन की सर्वानुमति से प्रदान की गई।

पहले निविदा में एक भी टेंडर नहीं आया

नगर निगम के सूत्रों का कहना है कि पूर्व में एमआईसी के पारित ठहराव के आधार पर 19 झूला क्षेत्र को एक व्यक्ति एवं संस्था को देने के लिए निविदा जारी कर दी गई थी। उसमें एक भी टेंडर नहीं आ सका था। नगर निगम परिषद के निर्णय के आधार पर पूर्व-पूर्ववर्ती वर्षों की तरह से अलग-अलग 19 झूला क्षेत्रों के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसमें पिछले वर्ष की आय के अनुसार ही रखा गया है। झूलों की निविदा के साथ ही कार्तिक मेला में प्रथम निविदा से शेष बची दुकानों के लिए भी द्वितीय निविदा का आमंत्रण दिया गया है।

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2026 के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

धार। सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुक्रम में धार जिले की जनपद पंचायत सरदारपुर के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-1 (दसाई) में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2026 को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री राजीव रंजन मीना ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए जिला स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन कार्य के प्रभावी संचालन के लिए अधिकारियों को अलग-अलग व्यवस्थाओं एवं दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें मानव संसाधन प्रबंधन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अखिलेश जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल कुमार चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेन्द्रसिंह सरत्या तथा सांख्यिकी अधिकारी कृषि विभाग कालुसिंह जमरे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन प्रशिक्षण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अखिलेश जैन एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती पारुल व्यास जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय धार के प्राध्यापक सुभाष कामदार, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार के भगवानसिंह पटेल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 धार के आशीष शर्मा, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय धार के श्री अनुप मण्डलोई तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धार के कमलसिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं, प्रबंधन एवं मतदाता जागरूकता गतिविधियों के लिए भी श्री अखिलेश जैन को नोडल अधिकारी तथा संबंधित जनपद पंचायत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भोजन, स्वल्पाहार एवं पीओएल व्यवस्था के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आनंद गोले को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कानून व्यवस्था एवं आदर्श आचरण संहिता के पालन के लिए अपर कलेक्टर राजीव केशव पाण्डेय को नोडल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं तहसीलदार को भी इस कार्य में दायित्व सौंपे गए हैं।

पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2026 का कार्यक्रम जारी

धार। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि प्रदेश में पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धार जिले सहित संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 4 दिसंबर 2026 को मतदान कराया जाएगा। उप निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र 12 नवंबर 2026 से प्राप्त किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 19 नवंबर निर्धारित की गई है। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जांच 20 नवंबर को की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 23 नवंबर निर्धारित की गई है।

शांति की खोज किसलिए



जब मन अपनी ही पीड़ाओं, आशाओं और डर को लेकर व्यस्त रहता है, तब उनसे मुक्त होने के लिए कोई जगह नहीं रहती। स्वयं को घेरे में बंद करने वाली विचार की प्रक्रिया मन को केवल अधिक पंगु बनाती है और एक दुश्चक्र गतिशील हो जाता है। व्यस्तता मन को घिसा-पिटा, क्षुद्र, उथला बना देती है। एक व्यस्त, चिंतातुर रहने वाला मन मुक्त मन नहीं होता।

मुक्ति को लेकर जो व्यस्तता है, वह भी क्षुद्रता उत्पन्न करती है। मन क्षुद्र ही होता है, जब यह ईश्वर, राज्य, सद्?गुणों के साथ अथवा अपने ही शरीर को लेकर व्यस्त रहता है। शरीर के साथ मन की यह व्यस्तता वर्तमान से समायोजन में, जीवंतता और क्रियाशीलता में- भले ही वह सीमित हो- रुकावट बन जाती है। यह अहं अपनी ही व्यस्तताओं द्वारा पीड़ाओं और समस्याओं को जन्म देता है और इसका शरीर पर असर पड़ता है; शारीरिक व्याधियों की चिंता करना शरीर के लिए केवल और अधिक बाधक ही होता है। इसका अर्थ यह नहीं कि स्वास्थ्य को अनदेखा किया जाए; परंतु इसे लेकर व्यस्तता मन को अपनी क्षुद्रता में स्थापित कर देती है। एक व्यस्त मन और एक सक्रिय मन में बड़ा भारी अंतर है। एक सक्रिय मन मौन, जागरूक और चयन-मुक्त होता है। क्या मौन को विकसित, सावधानी से पोषित कर-के पुष्ट किया जाता है? और विकास करने वाला कौन है? क्या वह आपके अस्तित्व की समग्रता से भिन्न है? क्या तब मौन, एक स्थिर मन होता है, जब एक इच्छा अन्य सभी इच्छाओं पर हावी हो अथवा उनके खिलाफ प्रतिरोध खड़ा करे? जब मन को अनुशासित, नियंत्रित किया जाता है, क्या तब उसमें मौन प्रकट होता है? क्या इन सबमें एक काट-छांट करने वाला, तथाकथित उच्चतर अहं निहित नहीं है, जो नियंत्रण, निर्णय और चयन कर रहा है? स्वयं को उच्च और निम्न, स्थायी और अस्थायी रूप में विभाजित करता हुआ विचार अब भी अतीत का, परंपरा का, समय का परिणाम ही है। इस विभाजन में उसकी अपनी सुरक्षा है। विचार अथवा इच्छा को अब मौन में संरक्षण की तलाश है और इसलिए उसकी मांग किसी ऐसी विधि या प्रणाली के लिए है, जो उसे वह प्रदान करे, जो उसकी चाह है। अब उसे सांसारिक वस्तुओं के स्थान पर मौन के सुख की लालसा है। अतः वह ह्यजो हैह्व और ह्यजो होना चाहिएह्व के बीच द्वंद्व को जन्म देती है। जहां द्वंद्व, दमन और प्रतिरोध है, वहां मौन संभव नहीं है। आपके भीतर सवाल उठेगा, तो क्या हमें मौन, शांति की खोज नहीं करनी चाहिए? जब तक कोई खोज है, मौन संभव नहीं है। स्थिर मन के इस मौन का आगमन तभी होता है, जब कोई खोज, कोई इच्छा शेष नहीं रहे।

सम्पादकीय

प्रदूषण से संघर्ष

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दीपावली की रात बहुत चिंताजनक बीती। समग्रता में प्रदूषण के आंकड़े बहुत स्पष्ट नहीं हैं, पर साल 2021 से देखें, तो दिल्ली में दीवाली के दौरान प्रदूषण का बेहद खराब स्तर दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के रिकॉर्ड से पता चलता है कि दीपावली की रात दिल्ली के कई वायु निगरानी केंद्रों पर पीएम2.5 का स्तर 1,000 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के करीब पहुंच गया था। पिछली दीपावली पर 39 में से 29 मौसम केंद्रों ने कम से कम एक घंटे के लिए 1,000 से ऊपर का स्तर दर्ज किया था, जिसमें एनएसआईटी द्वारका में प्रदूषण का उच्चतम स्तर 2,224 आंका गया था। इस दीपावली की रात एक बजे दिल्ली में एक्यूआई 1,760 तक पहुंच गया था। वायु गुणवत्ता मापने का काम सरकार के अलावा अनेक संगठन या संस्थाएं करती हैं, अतः अलग-अलग आंकड़ों की चर्चा सामान्य है। असामान्य बात यह है कि ये आंकड़े बार-बार चिंता में डाल रहे हैं। क्या वायु प्रदूषण का पुख्ता हल सरकारों के पास नहीं है?

दीपावली मनाने पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता, लेकिन इसके आसपास होने वाले प्रदूषण पर पूरी गंभीरता से विचार करना चाहिए। दिल्ली में वायु गुणवत्ता को 200 से 500 अंक छूने से रोकना एक बड़ी चुनौती है। दिल्ली पर जिस तरह का जन-दबाव है, उसके मद्देनजर यहां ज्यादा पाबंदियां लगाना उचित नहीं होगा। अंततः सरकारों को ही अपने स्तर पर जागरूकता और सक्रियता बढ़ानी पड़ेगी। आंकड़ों से मुंह चुराने से हालात नहीं सुधरेंगे। जब मौसम विज्ञान से जुड़ी संस्थाएं कोई भी आंकड़ा छिपाने की कोशिश करती दिखती हैं, तब आम लोगों का संदेह बहुत बढ़ जाता है। बात केवल दीपोत्सव की नहीं है, उसके बिना भी दिल्ली में प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। दिल्ली ही क्यों? दीपावली पर पटना और लखनऊ में भी एक समय एक्यूआई 1,000 अंक पार कर गया था, तो रांची में 700 पार पहुंच गया था। ऐसे में, दिल्ली में वायु प्रदूषण के चरम समय में एक्यूआई का 1,760 अंकों तक पहुंचना कतई चकित नहीं करता है। समस्या हमारे चलते बढ़ रही है और उसका समाधान भी हमें ही करना है। अचरज नहीं, सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप का आह्वान किया है। न्यायालय ने उचित ही दिल्ली तथा तीन पड़ोसी राज्यों से जवाब-तलब भी किया है।

आरोप केवल जुबानी न हो

तथ्यात्मकता कम थी राहुल के भाषण में



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

पिछले एक साल से देश का विपक्ष मोदी सरकार को सत्ता से हटाने की कोशिश में जुटा है लेकिन लोकतांत्रिक तरीके से 2029 से पहले ऐसा होना वर्तमान में तो संभव नहीं दिखाई देता क्योंकि मोदी की लोकप्रियता, अंतरराष्ट्रीय छवि और देश की विकासात्मक राह ने मोदी की भारतीय जनमानस में जो साख बनाई है वह विपक्ष के थोथे आरोपों और प्रदर्शनों से धूमिल हो जाएगी ऐसा संभव नहीं। आज जब विपक्ष ने अपने पत्ते रिजीम चेंज के बयानों के साथ खोल ही दिए हैं तो भारतीय मतदाता ज्यादा सतर्क हो गया दिख रहा है। आज के दौर में ना तो देश में इमरजेंसी लगी है और ना हालात खराब हुए हैं और न जनता कष्टमय दौर से गुजर रही है तब रिजीम चेंज जैसे नेपाल और बांग्ला देशी अलोकतांत्रिक तरीके से मोदी सरकार गिर जाएगी ऐसा सोचना भी किसी मूर्खता से कम नहीं। देश की सभी विपक्षी पार्टियां अपने प्रचार से जनता को अपने पक्ष में करने की सारी कोशिशें कर रही हैं किंतु जनता में इसका असर बहुत अधिक दिखाई नहीं देता। देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस बहुत बेचैन है क्योंकि पिछले 12 सालों से वह सत्ता से बाहर है। उसके नेताओं को लगता है कि देश पर राज करने का एकमात्र अधिकार गांधी परिवार को है जिसे भाजपा ने छीन लिया है और उस अधिकार को वापस पाने के लिए भले ही झूठ फरेब और भ्रम फैलाया जाए इसमें कोई बुराई नहीं क्योंकि युद्ध और प्रेम की तरह राजनीति में भी सब कुछ जायज है। यही कारण है कि वह लगातार वोट चोरी का आरोप मढ़कर जनता को अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटी है। इस मुहिम में उसका साथ देने में वे सब हारे हुए राजनेता लगे हैं जिन्हें जनता ने उनके राज्यों में नकार दिया है। चाहे वह अखिलेश यादव हों या ममता बनर्जी या तेजस्वी यादव हों ये सब इसलिए कांग्रेस के साथ हैं क्योंकि इनके पास अन्य कोई विकल्प नहीं है। जो ममता बनर्जी कांग्रेस को फूटी आंखों पसंद नहीं करती थीं और सत्ता के स्वर्णिम काल में दूरी बनाकर चल रही थीं वे आज गांधी परिवार की चिरौरी करती नजर आ रही हैं। राहुल गांधी की वोट चोरी की नरेटिव वाली सियासत का असली पटाक्षेप एक नवंबर को रामलीला मैदान वाली रैली में हुआ और 31 अक्टूबर की मॉक पार्लियामेंट के रूप में जो भड़ास थी वह भी निकल गई। सच्चाई तो यह है कि ये सारे प्रदर्शन और कवायदें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए भले ही आयोजित किए गए लगते हैं लेकिन इनका असली मकसद मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करना है। आश्चर्य तो इस बात का है कि विपक्ष इस प्रचार के सहारे कि उसके पास वोट चोरी के प्रमाण हैं जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है लेकिन जनता जान रही है कि यदि इनके पास ठोस और पुख्ता प्रमाण होते तो ये सब अपने पक्ष के सर्वश्रेष्ठ वकीलों की फौज के साथ सुप्रीम कोर्ट में मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करने में संकोच नहीं करते। आश्चर्य तो इस बात का है कि इन सब प्रदर्शनों के सर्वमान्य मुखिया राहुल गांधी गैर तथ्यात्मक आरोपों के साथ मंच पर यह कहते दिखाई दिए कि 2024 में यदि ज्ञानेश कुमार ना होते तो ना तो मोदी प्रधानमंत्री होता और ना अमित शाह गृहमंत्री होता। जबकि सच्चाई यह है कि ज्ञानेश कुमार 31 जनवरी 2024 को भारत के सहकारिता सचिव पद से सेवा निवृत हुए और 19 फरवरी 2025 को वे भारत के 26 वे मुख्य चुनाव आयुक्त बने थे। 18वीं लोकसभा के चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून 2024 के बीच सात चरणों में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के कार्यकाल में हुए। मतगणना 4 जून 24 को हुई थी और 7 जून को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। तब राहुल गांधी का यह बयान एक झूठ से ज्यादा क्या समझा जा सकता है। रामलीला मैदान से जितने भी वक्ताओं ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया उन सब ने मोदी सरकार पर यही आरोप मढ़ा कि उनकी सरकार वोट चोरी से बनी है और उसके पीछे ज्ञानेश कुमार हैं इसलिए ज्ञानेश कुमार को जाना ही होगा। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि चुनाव आयोग ने देश के 13 करोड लोगों के नाम काट दिए लेकिन यह नहीं बता रहा कि ये 13 करोड लोग कौन थे। इन 13 करोड लोगों का ब्यौरा भाजपा सांसदों ने दिया। उन्होंने बताया कि जिन 13 करोड लोगों के नाम काटने की बात विपक्ष कर रहा है इनमें 9.5 करोड़ अर्थात 71.5 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो वेरिफिकेशन के दौरान अपने पते पर नहीं मिले या अन्यत्र चले गए। लगभग 2.8 करोड़ नाम ऐसे लोगों के थे जो अब इस दुनिया में नहीं हैं और एक करोड़ ऐसे मतदाता हैं जिनके नाम पर फर्जी वोटर आईडी कार्ड बने हुए थे। लेकिन विपक्ष का मानना है कि ये मतदाता बीजेपी विरोधी थे इसीलिए इनके नाम काट दिए गए। वस्तुतः 13 करोड़ वोटरों के नाम काटने का नरेटिव जनता को कितना प्रभावित करेगा देखने वाली बात होगी। लेकिन सच्ची बात तो यह है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया भारत में कोई पहली बार नहीं हो रही इसके पहले कांग्रेस शासन काल में भी यह होती रही है लेकिन वर्तमान विपक्ष इस पर लगातार रोक लगाने की वकालत कर रहा है जबकि देश में बड़ी संख्या में ऐसे घुसपैठिये मौजूद हैं जो फर्जी तौर पर सूचियों में दर्ज हैं। इसका सबसे ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले देखने को मिला था जब बांग्लादेशी घुसपैठिए कानूनी कार्रवाई के डर से खुद ही राज्य छोड़कर बांग्लादेश चले गए थे । देश के सीमावर्ती राज्यों में रह रहे घुसपैठियों को देश से निकाला जाना क्या अनुचित है। लेकिन क्योंकि ये घुसपैठिए बीजेपी विरोधी दलों के समर्थक होते हैं इसलिए विपक्ष इसे मुद्दा बनाए हुए है। हालांकि चुनाव आयोग आज भी यही कह रहा है यदि किसी वास्तविक मतदाता का नाम गलती से कट गया है तो वह फॉर्म 6 भरकर निर्वाचन नामावली में अपना नाम जुड़वा सकता है। रामलीला मैदान की रैली से विपक्ष के प्रति जनता का रुख कैसा होगा यह तो चुनावों में मालूम चलेगा लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस की एक बड़ी चिंता अवश्य दूर हुई कि आम आदमी पार्टी को छोड़कर लगभग देश भर का पूरा विपक्ष जिसमें लगभग 28 पार्टियां थीं उसके साथ खड़ा हुआ दिखाई दिया। आरोप प्रत्यारोप के दौर में यह कहा जाना की रैली सफल हुई या फ्लॉप कोई मायने नहीं रखता। मायने यह रखता है कि इसका जनता के ऊपर प्रभाव सकारात्मक रहा या नकारात्मक जो चुनाव के बाद ही मालूम चलेगा। राहुल गांधी पर अक्सर यह आरोप रहते हैं कि वे विदेशों में जाकर भारत की छवि को धूमिल करते हैं। यह उनके विदेश की धरती पर दिए गए भाषणों से स्पष्ट भी होती है जिस पर सत्ता पक्ष उन पर हमेशा हमलावर रहा है इसके उलट राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर यह आरोप मढ़ा है कि वे विदेशी सहायता से ही भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल ने आरोप लगाया है कि पीएम मोदी का पूरा फाइनेंशियल सिस्टम विदेशियों के कंट्रोल और सपोर्ट में चल रहा है।

वृद्धाश्रम

उस पॉश वृद्धाश्रम के स्वागत कक्ष की मटमैली दीवार पर टंगे ताखे पर रखी वह पीली पड़ चुकी पुरानी चिट्ठी पिछले बीस सालों से इस बात का जीता जागता सबूत थी कि रिश्तों की कीमत अब सिर्फ एप्रूवल पेंडिंग फाइलों की तरह धूल फांकने के लिए रह गई है। उस खत के मुड़े हुए कोने पर वक्त की इतनी परतें जम चुकी थीं कि अब उस पर उंगलियों के निशान ढूंढने से ज्यादा आसान किसी कॉरपोरेट दफ्तर में ईमानदार संवेदना ढूंढना लगता था। उस कागज के टुकड़ा बन चुके अतीत को देखकर ऐसा लगता था मानो वह किसी बहरी दुनिया से यह पूछ रहा हो कि भाईसाहब जब तुम्हारे अपने घर के बुजुर्ग तुम्हारे एसी कमरों के रास्ते में रोड़ा बनने लगे थे, तब तुमने चैरिटी और एनजीओ के नाम पर कौन सा वाला फाइव स्टार ड्रामा रचा था। उस पर सूखे फूलों की एक ऐसी माला टंगी थी जैसे कोई मरा हुआ सिस्टम खुद अपनी ही अर्थी पर श्रद्धांजलि के दो फूल चढ़ाकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा हो। उस कक्ष के बाहर हर सुबह सात बजते ही वृद्ध रामप्रसाद अपनी लाठी के सहारे ऐसे टिककर बैठ जाते थे जैसे वे इस आधुनिक समाज के लोकतंत्र के आखिरी चौकीदार हों जिन्हें खुद उनके ही खून ने नौकरी से निकाल दिया हो।

खद्दर का मैला कुर्ता पहने रामप्रसाद दिन भर उस चिट्ठी को ऐसे निहारते रहते थे जैसे कोई प्रेमी बरसों पहले बिछड़ी हुई अपनी उस महबूबा का इंतजार कर रहा हो जो किसी मल्टीनेशनल कंपनी में वाइस प्रेसिडेंट बनकर इसे हमेशा के लिए भूल चुकी है। तभी राजधानी से नए-नवेले निदेशक बनकर आए साहब विकास मल्होत्रा अपनी चमचमाती गाड़ी से उतरते हैं और उनका पहला टारगेट यह तय होता है कि इस फटेहाल बुजुर्ग को यहाँ से खदेड़ दिया जाए क्योंकि एक लाचार बाप का अपनी औलाद की बेईमानी के सामने इस तरह ताखे को निहारना उनकी कॉरपोरेट और सेटल्ड ऑफिस की फितरत के बिल्कुल खिलाफ था।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11नवंबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:34सूर्यास्त 17:44
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि -द्वितीया 14:00 उपरांत त्रतिया
नक्षत्र - अनुराधा 10:59 उपरांत ज्येष्ठा
योग - अतिगण्ड 03:51 उपरांत सुकर्मा
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 30मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपका पराक्रम और उत्साह देखने लायक रहेगा। हनुमान चालीसा का पाठ करें।

वृषभ- नए समझौतों से व्यापारिक गति बढ़ेगी, लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

मिथुन- वित्तीय मामले हल होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, स्फूर्ति महसूस करेंगे।

कर्क- दफ्तर में ध्यान केंद्रित करके काम करें, चूक न हो। संकटमोचन हनुमान स्तोत्र का पाठ करें।

सिंह- लेन-देन में पूरी सावधानी बरतें, जोखिम न लें। परिजनों के साथ धैर्य से बातचीत करें।

कन्या- वित्तीय मामलों में बजट बनाकर चलना उचित होगा। थकावट महसूस हो सकती है।

तुला- सहकर्मियों के सहयोग से लंबित काम निपटाएंगे। व्यावसायिक यात्राओं से नया काम मिलेगा।

वृश्चिक- भाई-बहनों से प्रेम और सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, रुका पैसा मिलेगा।

धनु- स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा, ताजगी महसूस करेंगे। बहते जल में गुड़ प्रवाहित करें या दान करें।

मकर- आपकी योजनाएं दफ्तर में सफल होंगी, पद बढ़ेगा। व्यापार में बड़ा मुनाफा होने की संभावना है।

कुंभ- प्रियजनों के साथ खुशनुमा समय बीतेगा। वित्तीय लाभ की अच्छी स्थिति बनेगी।

मीन- सेहत अच्छी रहेगी, स्फूर्ति बनी रहेगी। बजरंग बाण का पाठ करें। बार पाठ करें।

व्यंग्य

खुश करना नहीं, सही पुश करना जरूरी

खेल की दुनिया भी बड़ी निराली है। यहां खिलाड़ी बल्ले से रन बनाते हैं और चयनकर्ता अपने फैसलों से सुर्खियां बटोरते हैं। कभी किसी खिलाड़ी को टीम से बाहर किया जाता है तो कभी किसी को लगातार मौके देकर भी उसका प्रदर्शन देखने की प्रतीक्षा की जाती है। मजे की बात यह है कि जब सवाल उठते हैं तो जवाब में सिद्धांतों की ऐसी झड़ी लगती है कि आलोचक भी सोच में पड़ जाते हैं।



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

आजकल अकड़वाली डायलॉगबाजी का जमाना है। अगर किसी ने जबर्दस्त आलोचना कर दी है तो भाई साहब अंदर तक चोट लग जाती है। चोट खाया वह इंसान यह सोचता है कि आज मैं ऐसा कोई डायलॉग दूं जिससे सब आलोचकों का मुंह बंद हो जाए। क्रिकेट के मैदान में जितने दर्शक अंदर रहते हैं उससे कई गुना दर्शक बाहर देखते हैं। ऐसे में किसी खिलाड़ी का फॉर्म जबरदस्त चल रहा हो और उसका सिलेक्शन ना हो तब सोशल मीडिया पर तो आलोचनाओं की झमाझम बरसात हो जाती है। लंबे समय से आलोचकों का दंश झेल रहे एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति ने बड़ा नुकीला जवाब दे दिया। उन्होंने कहा-मेरा काम सबको खुश रखना नहीं है, बल्कि सही फैसले लेना है। यानि सही पुश करना वे जरूरी समझते हैं। असल में कोई चोटिल होगा, किसी की तबीयत खराब होगी तो किसी की कोई घरेलू समस्या होगी; अवसर तभी तो दूसरे को मिल पाएगा। भइये बात तो यह भी सही है। आखिर जिम्मेदारी का मतलब ही है कि लोकप्रियता की चिंता छोड़कर निर्णय लिए जाएं। लेकिन सवाल यह है कि सही फैसला कौन तय करेगा? फैसला लेने वाला स्वयं या मैदान में प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी?

हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं है। कमी है तो शायद प्रतिभा को पहचानने और उसे पर्याप्त अवसर देने की। किसी को एक-दो मैच में ही कसौटी पर कस दिया जाता है, तो किसी को लगातार असफलताओं के बाद भी उम्मीदों की ऑक्सीजन मिलती रहती है। चयन का तराजू भी कभी-कभी ऐसा दिखाई देता है, जिसमें प्रदर्शन से ज्यादा परिस्थितियों का वजन रखा जाता है। ड्रेसिंग रूम में सुरक्षा, खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और टीम का अनुशासन बेहद जरूरी हैं। मगर यह भी ध्यान रखना होगा कि अनुशासन के नाम पर सवाल पूछने की आजादी समाप्त न हो जाए। आलोचना को दुश्मनी समझना भी उचित नहीं है।

वैसे लोकप्रियता के पीछे भागना गलत है, लेकिन जनता की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं। आखिर खेल जनता के लिए भी होता है, केवल फैसले लेने वालों की प्रतिष्ठा के लिए नहीं। अब देखना यह है कि आने वाले मुकाबलों में फैसले सही साबित होते हैं या फिर सही फैसलों को साबित करने के लिए नए-नए तर्क तलाशे जाते हैं। क्योंकि खेल में असली जवाब प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं, स्कोरबोर्ड देता है! खेल में जीत मिलती रहेगी तभी तो जिम्मेदारी की प्रीत भी मिलती रहेगी।

अग्निपथ से अब हैं पक्कापथ...

वो चार साल की राह, अब छह साल का अवसर,
युवाओं के ख़्वाबों को मिला, उम्मीदोंभरा सफर।
अग्निपथ की तपती राहों पे, कितने अरमान चले,
देश रक्षा करने के खातिर, कितने नौजवान ढले।
कभी कहा था 25 प्रतिशत, शेष को जाना होगा,
चार साल की सेवा करके, नव रास्ता पाना होगा।
अब पक्की राह खुली है तो, चेहरे पे मुस्कान रहे,
मेहनत करनेवाले युवाओं, सपनों का सम्मान रहे।
वर्दी केवल कपड़ा नहीं है, यह गौरव की पहचान,
सीने में देशभक्ति का जज्बा, भारतीयों की शान।

बढ़ते प्रदूषण से बचने अस्थमा पेशेंट अपनाएं यें टिप्स



सर्दियों के मौसम में प्रदूषण का लेवल लगातार बढ़ता रहता है। कहा जा रहा है कि बढ़ते प्रदूषण में सांस लेने का मतलब सिगरेट पीने जैसा है। प्रदूषण में मौजूद छोटे कण फेफड़ों में इंफेक्शन करते हैं और इनके काम करने की क्षमता पर असर डालते हैं। ऐसे में अस्थमा पेशेंट को गंभीर परेशानियां हो रही है।

प्रदूषण में मौजूद एलर्जन अस्थमा के मरीजों की एलर्जी को बढ़ा देते हैं। प्रदूषण के छोटे कण सांस की नली में रहते हैं और इससे सांस लेने में परेशानी होती है। वहीं, प्रदूषण के बड़े कण फेफड़ों के वायुमार्ग में जमा हो जाते हैं। रिपोर्ट्स कहती हैं कि इस दौरान अस्थमा विकसित होने की संभावना ज्यादा होती है वहीं जिन लोगों को ये समस्या पहले से है उनमें इसके लक्षण गंभीर हो जाते हैं।

स्मोकिंग वाली जगहों से दूर रहें

अस्थमा के मरीजों को स्मोकिंग के धुएं से सतर्क रहना चाहिए क्योंकि यह उनके फेफड़ों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। कुछ लोग अस्थमा के पेशेंट होने के बावजूद स्मोकिंग करते हैं ये गलत है, इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। वहीं ऐसी जगहों पर खड़े न हों जहां पर स्मोकिंग की जा रही हो ताकि सांस की तकलीफ से बचा जा सके।

प्रदूषण वाली जगहों परो जाने से बचें

सर्दियों के मौसम में प्रदूषण का लेवल भी ज्यादा होता है। ऐसे में अस्थमा के मरीजों को ज्यादा सतर्क रहना चाहिए। ऐसे में कोशिश करें कि भीड़भाड़ और ज्यादा प्रदूषण वाले इलाकों में जाने से बचें ताकि सांस की तकलीफ और अस्थमा अटैक से बचा जा सके। दर्दसे राहत पाएं

न भूलें मास्क

प्रदूषण से भी बचने के लिए मास्क सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे में जब भी घर से बाहर निकलें तो मास्क पहनें, ताकि धूल और अन्य हानिकारक कण आपके फेफड़ों तक न पहुंचें। मास्क ऐसा चुनें जो नाक को अच्छी तरह से कवर कर सकते हैं।

घर में रखें इस बात का ध्यान

प्रदूषण से बचाव करने के लिए कुछ चीजों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन आप हमेशा ध्यान रखें। घर के अंदर के प्रदूषण पर नजर रखना भी बहुत जरूरी है। मच्छर कॉइल, अगरबत्ती, धूप या कभी-कभी कीटनाशक स्प्रे या मच्छर स्प्रे घर के अंदर प्रदूषण में योगदान कर सकते हैं।

धर्म-आस्था

म्हारी भाई दूज : मालवा का अपनापन और भाई-बहन का अटूट स्नेह

दीपावली की जगमगाहट और गोवर्धन पूजा का उल्लास जब धीरे-धीरे थमने लगता है, तब हमारे घर-आंगन में भाई दूज का पर्व दस्तक देता है। राजस्थान और मालवा की धरती पर त्योहार केवल पूजा-पाठ की परंपरा नहीं हैं, बल्कि परिवार, संस्कार और रिश्तों की मिठास को जीवंत बनाए रखने का माध्यम भी हैं। भाई दूज ऐसा ही एक पर्व है, जहां बहन का स्नेह, भाई का मान-सम्मान और बचपन की अनगिनत यादें एक साथ साकार हो उठती हैं। मारवाड़ी समाज में कहा जाता है कि भाई-बहन का स्नेह गंगाजल से भी अधिक निर्मल होता है। सचमुच, भाई-बहन का रिश्ता जीवनभर की ऐसी पूंजी है, जिसका मूल्य धन-दौलत से नहीं आंका जा सकता। बचपन में रूठना-मनाना, मिठाई के लिए झगड़ना, एक-दूसरे की शिकायत करना और फिर कुछ ही देर में साथ खेलने लगना, ये छोटी-छोटी यादें उम्रभर मन में बसी रहती हैं।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

पौराणिक कथाओं में वर्णित यमराज और यमुना की कथा भाई दूज की धार्मिक मान्यता का आधार है। मान्यता है कि यमुना ने अपने भाई यमराज को घर आमंत्रित कर उनका आदर-सत्कार किया और भोजन कराया। इसी प्रसंग से भाई दूज पर बहन के घर भाई के भोजन करने की परंपरा जुड़ी मानी जाती है। राजस्थान और मालवा के अनेक परिवारों में आज भी बहन भाई को घर बुलाकर तिलक करती है, भोजन कराती है और उसकी लंबी आयु तथा सुखी जीवन की मंगलकामना करती है।

पुराने समय में भाई दूज की तैयारियां कई दिन पहले शुरू हो जाती थीं। घर की लिपाई-पुताई, आंगन में गेरू से चौक बनाना, चावल के आटे से मांडने सजाना और पूजा की थाली तैयार करना, इन सबमें बहनों का विशेष उत्साह रहता था। लकड़ी के पाट पर भाई को बैठाकर कुमकुम, अक्षत और दीपक से तिलक किया जाता था। थाली में नारियल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री सजाई जाती थी। आज भले ही घरों में आंगन की जगह आधुनिक बैठक और फ्लैट संस्कृति ने ले ली हो, लेकिन इन परंपराओं का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान लोकगीतों, लोककथाओं और पारिवारिक रीति-रिवाजों से भी जुड़ी है। कहीं बहन भाई के लिए मंगलगीत गाती है, तो कहीं परिवार के बुजुर्ग यमराज और यमुना की कथा सुनाते हैं। मारवाड़ी परिवारों में बहन द्वारा भाई को तिलक करना केवल धार्मिक विधि नहीं, बल्कि उसके प्रति स्नेह, सम्मान और मंगलभाव व्यक्त करने का अवसर है। अब बात अपने मालवा और इंदौर की हो, तो त्योहारों में खान-पान का रंग अपने आप चढ़ जाता है। इंदौर में बिना पकवानों के कोई त्योहार पूरा हो सकता है भला! भाई दूज पर कहीं दाल-बाटी, कहीं बाफला, कढ़ी, चूरमा, गुड़ के लड्डू और घी से भरपूर मिठाइयां बनती हैं। मारवाड़ी घरों में दाल-बाटी-चूरमे की थाली सजती है, तो मालवा में बाफला, कढ़ी और चूरमे का स्वाद अलग ही आनंद देता है। जब बहन अपने हाथों से भाई को भोजन कराती है, तो भोजन का स्वाद ही नहीं, रिश्तों की मिठास भी बढ़ जाती है।

कहावत है कि जिस घर में प्रेम की रसोई होती है, उस घर का भोजन अमृत समान होता है। भाई दूज पर बने पकवानों में घी और गुड़ से कहीं अधिक बहन का अपनापन घुला होता है। इंदौर की छप्पन दुकान और सराफा की खान-पान संस्कृति के बीच भी घर की रसोई में बहन के हाथों से बना भोजन अपनी अलग पहचान रखता है। एक समय था, जब विवाहित बहन भाई के आने की राह देखा करती थी। भाई दूर गांव में रहता हो या दूसरे शहर में, इस दिन बहन के घर पहुंचना अपनी जिम्मेदारी समझता था। दरवाजे पर भाई को देखकर बहन की खुशी देखते ही बनती थी। तिलक लगाना, आरती उतारना, भोजन कराना और फिर घंटों बैठकर मन की बातें करना, यही तो इस पर्व का वास्तविक आनंद था। कभी बचपन की शरारतें याद आतीं, कभी माता-पिता की सीख और कभी पुराना घर-आंगन आंखों के सामने घूम जाता। आज समय बदल गया है। रोजगार, व्यापार और शिक्षा के कारण परिवार अलग-अलग शहरों में बस गए हैं। कोई जयपुर में है, कोई जोधपुर में, कोई मुंबई में तो कोई बेंगलुरु में। अपने इंदौर में भी निपानिया से लेकर विजय नगर तक ऐसे अनेक परिवार हैं, जिनका मायका और ससुराल अलग-अलग शहरों में है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,45,500 रवा- 1,45,200 चांदी-टंच- 1,89,000 पाट- 1,88,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85,



गोबर से बनाए गोवर्धन, महिलाओं ने की पूजा अर्चना

जगोटी। सोमवार व मंगलवार को गांव की महिलाओं ने कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की पड़वा को विभिन्न स्थानों पर गोबर से गोवर्धन बनाकर विधिवत पूजा अर्चना करते हुए घर में सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना करते हुए दीप जलाकर मीठी थूली का भोग लगाया। गांव में साठ से अधिक स्थानों पर गोवर्धन पूजा की गई। किसान परिवारों में गो वंश की पूजा करते हुए उन्हें सैली फुंदे बांधे गए। चारभुजा नाथ मंदिर के पुजारी पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि गोवर्धन पूजा सनातन संस्कृति का अहम हिस्सा है यह पर्व हमें धर्म, अध्यात्म के साथ प्रकृति से सीधे जोड़ने के प्रति प्रेरित करता है। वृंदावन गौ शाला में सरपंच राहुल मुकाती व गणमान्य नागरिकों ने गो सेवा की। जगोटी सहित आसपास के गांवों में भी गोवर्धन पूजा पारंपरिक रूप से की गई।

शिवगढ़ में एक ही दिन दुनिया से विदा हुए दो दोस्त

कानड़। मित्रता की मिसाल ऐसी कि जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने वाले दो मित्रों ने दुनिया से भी एक ही दिन विदा ली। समीपस्थ ग्राम शिवगढ़ के दो बुजुर्ग मित्र भेरूलाल प्रजापत और बिहारीलाल बैरागी की गहरी मित्रता पूरे गांव में चर्चा का विषय रही। दोनों मित्र सामाजिक, धार्मिक, वैवाहिक और अन्य किसी भी आयोजन में हमेशा साथ नजर आते थे। उनकी दिनचर्या भी साथ ही गुजरती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपावली पर्व पर जब पूरा गांव खुशियां मना रहा था, उसी दौरान दोनों मित्रों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन दोनों को बचाया नहीं जा सका।

पड़वा पर हुई गोवर्धन पूजा व पशुधन पूजा

नलखेड़ा। दीपोत्सव पर्व अंतर्गत परंपरानुसार पड़वा पर गोवर्धन पूजा व पशुधन पूजा हुई। महिलाओं द्वारा गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजा की गई। इसी दौरान गोमाता की पूजा भी की गई। किसानों द्वारा परंपरानुसार पशुओं को मेहंदी लगाकर एवं विभिन्न सज्जा सामग्रियों से सजाकर उनकी पूजा की गई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। पड़वा पर तहसील क्षेत्र की विभिन्न गोशालाओं में नागरिकों व ग्रामीणों द्वारा गोमाता की पूजा की गई।

अकोदिया में हार्डवेयर गोदाम में आग

अकोदिया। वार्ड क्रमांक 7 में वर्धमान हार्डवेयर के गोदाम में आग लग गई। आग से लाखों रुपए का सामान जलने की आशंका है। फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम वर्धमान हार्डवेयर के संचालक अभय जैन का है। जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम गोदाम में आग लगनी शुरू हुई। शुरूआत में आग कम थी। गोदाम में सामान ज्यादा था। आग अंदर ही अंदर फैलती रही। सोमवार शाम करीब 5 बजे आग तेज हो गई। गोदाम से धुएं के गुबार निकलने लगे। आसपास के लोगों को पता चला। मौके पर भीड़ जमा हो गई। गोदाम में बरसाती, ग्रीन नेट, प्लास्टिक की सामग्री, नल-फिटिंग का सामान, पाइप, हार्डवेयर से जुड़ी अन्य चीजें रखी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे तक कोशिश की। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। शॉर्ट सर्किट या किसी दूसरी वजह की पुष्टि नहीं हुई। नुकसान और कारणों का पता जांच के बाद चलेगा।

घर-आंगन में सजी रंगोली

आगर मालवा। आगर मालवो दीपोत्सव पर रविवार को शहर में घर-आंगन रंगों से सज उठे। महिलाओं और बच्चों में पर्व को लेकर खास उत्साह नजर आया। मुख्य द्वार और आंगन में विभिन्न रंगों से आकर्षक रंगोली सजाई गईं। किसी ने रंगोली में भगवान श्रीकृष्ण और माता लक्ष्मी के चित्र उकेरे तो किसी ने अपनी कला को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया। कई घरों में पारंपरिक डिजाइन के साथ आकर्षक कलाकृतियां भी बनाई गईं।

दीपों की आभा से दमका शहर, आतिशबाजी से गूंजा आसमान

घर-प्रतिष्ठानों में महालक्ष्मी पूजन, ग्रामीण अंचलों में पशुधन का किया श्रृंगार और पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

दीपों की रोशनी, रंगोलियों की सजावट और आतिशबाजी के उल्लास के बीच नगर सहित अंचल में दीपावली का पर्व परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। अमावस्या की रात घर-आंगन से लेकर बाजार और प्रतिष्ठान विद्युत सज्जा से जगमगाते रहे। शुभ मुहूर्त में महालक्ष्मी का पूजन कर नागरिकों ने सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शाम ढलते ही शुरू हुआ आतिशबाजी का दौर देर रात तक जारी रहा और आसमान सतरंगी रोशनी से नहा उठा।

दीपावली को लेकर सुबह से ही घरों और प्रतिष्ठानों में तैयारियां चलती रहीं। घरों के आंगन में आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं तो मुख्य द्वारों पर दीप जलाकर मां लक्ष्मी के स्वागत की तैयारियां की गईं। बाजारों में दिनभर खरीदारों की आवाजाही बनी रही। मिठाइयों, फू ल-मालाओं और पूजन सामग्री की दुकानों पर विशेष रौनक दिखाई दी। गेंदे की मालाओं की मांग के चलते 30 से 50 रुपए तक में मालाएं बिकीं। वहीं गन्ने की भी अच्छी खरीदारी हुई। शाम को शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। संदेशों और फ ोन के माध्यम से भी बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। नगर के देवालयों में भी आकर्षक साज-सज्जा की गई।

दीपावली पर नागरिकों के उत्साह के बीच सुरक्षा और व्यवस्थाओं को



लेकर विभिन्न विभागों का अमला भी सक्रिय रहा। नगर पालिका का दमकल विभाग तीन दिनों तक अलर्ट रहकर सेवाएं देता रहा। विद्युत विभाग के कर्मचारी भी बिजली वितरण केंद्रों पर तैनात रहकर व्यवस्था पर नजर रखे रहे। पुलिस बल ने भी क्षेत्र में सक्रियता बनाए रखी। पर्व के बाद सोमवार सुबह नगर पालिका के सफ ई कर्मचारियों ने बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सफाई अभियान चलाया। आतिशबाजी और उत्सव के चलते सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक कचरा जमा हुआ, जिसके उठाव और परिवहन में सफाई अमले को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ी।

गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजन की

नगर में अमावस्या पर दीपावली मनाई गई, जबकि ग्रामीण अंचलों में पड़वा पर भी उत्सव का उल्लास दिखाई दिया। इस वर्ष कुछ स्थानों पर दो दिन पड़वा मनाई जा रही है। सोमवार को ग्रामीणों ने पशुधन का आकर्षक श्रृंगार कर पूजन किया। कई स्थानों पर पशुओं को सजाकर उनका प्रदर्शन भी किया गया और आतिशबाजी के साथ खुशियां मनाई गईं। नगर में सोमवार को गोवर्धन पूजा हुई। इसके लिए महिलाएं घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजन की।



सतगांव की मां नर्मदा गौशाला में विधायक भीमावद ने की गोवर्धन पूजा

शाजापुर। समीपस्थ ग्राम सतगांव स्थित मां नर्मदा गौशाला में सोमवार को विधायक अरूण भीमावद ने विधि-विधान के साथ गोवर्धन पूजा की। इस दौरान उन्होंने गौमाता का पूजन कर जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की। विधायक भीमावद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गोवर्धन पूजा को शासकीय स्तर पर मनाने की पहल का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को प्रोत्साहन देने के साथ समाज को गौसेवा और गौसंरक्षण से जोड़ना है। शासन द्वारा गौशालाओं के निर्माण एवं संचालन के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है, लेकिन समाज की सहभागिता से ही इनका बेहतर संचालन संभव हो रहा है। विधायक ने पुरानी व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में एक-एक परिवार के पास 10 से 20 तक गायें होना सामान्य बात थी, जबकि कई परिवारों के पास 50 या उससे अधिक गाय-भैंस भी होती थीं। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार था। दूध उत्पादन से परिवारों को हर 7 से 10 दिन में नियमित आमदनी प्राप्त होती थी, जिससे घरेलू खर्च पूरे होते थे और खेती की आय बड़े कार्यों में उपयोग होती थी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि समय के साथ पशुपालन में कमी आई है। गोचर भूमि की उपलब्धता में कमी सहित कई कारणों से परंपरागत गोपालन प्रभावित हुआ है। हमें पुनः गोपालन को बढ़ावा देने और गौवंश के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। शासन की भी यही मंशा है कि सरकार के साथ समाज भी आगे आकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बने। उन्होंने गौशालाओं को सामाजिक सहभागिता का केंद्र बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों से गौसेवा से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसडीएम मनीषा वास्कले सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कब्रिस्तान की जमीन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 20 घायल

पथराव के साथ लाठी, फरसा, तलवार से हमले के आरोप, महिलाओं और बच्चों को भी आई चोटें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

दीपावली की सुबह ग्राम टपका बसंतपुर में कब्रिस्तान की करीब पौने दो बीघा जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पथराव हुआ। लाठी-डंडों के साथ फरसा, तलवार और लोहे की रॉड से हमला किए जाने के आरोप हैं। संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब 20 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफ र किया गया। घटना शुजालपुर से करीब 12 किलोमीटर दूर रविवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार गांव में कब्रिस्तान की जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि जमीन से जुड़े दस्तावेजों में हेराफेरी कर भूमि को अपनी बताने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी



इलियास अली रविवार सुबह अपने पिता की कब्र पर फातिया पढे कब्रिस्तान पहुंचे थे। आरोप है कि वहां दूसरे पक्ष के लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों और बीच-बचाव करने आए लोगों के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत में फरसा, तलवार और लोहे की रॉड से हमला करने, दो मोटरसाइकिलों में तोड़-फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं।

दूसरे पक्ष के फरियादी रिजवान ने शिकायत में आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडे, फ रसा और तलवार लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए परिवार के सदस्यों को भी चोटें आईं। शिकायत में घर के सामान, ट्रैक्टर, दो मोटरसाइकिलों और गेट में तोडफोड़ करने के साथ परिवार की एक महिला का मंगलसूत्र तोड़ने का आरोप भी लगाया गया है। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई है।

वहीं दूसरे पक्ष के घायल सलामुद्दीन ने शुजालपुर सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान आरोप लगाया कि कुछ लोग दस्तावेजों में हेराफेरी कर कब्रिस्तान की जमीन को अपनी बताने का प्रयास कर रहे हैं। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

एसडीओपी का कहना

एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख ने बताया कि कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ है। इसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है।



गोवर्धन पूजा पर बच्चों को गोबर के पर्वत पर लिटाकर अच्छे स्वास्थ्य की कामना की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

दीपावली के अगले दिन सोमवार को पड़वा पर गवली मोहल्ले में गवली समाज ने गोवर्धन पूजा की। इस दौरान एक से पांच साल तक के बच्चों को गोबर से बने गोवर्धन पर्वत पर लिटाया गया।

बच्चों के शरीर पर गोबर लगाया और उनके अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की। समाज में मान्यता है कि इस परंपरा से बच्चों का स्वास्थ्य सालभर अच्छा रहता है। सोमवार सुबह 11 बजे से समाज के लोग मोहल्ले में जुटने लगे। अलग-अलग जगहों पर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाए गए। महिलाओं ने इन्हें सजाया, पूजा की और पकवानों का भोग लगाया।

परिवार अपने छोटे बच्चों को गोवर्धन पर्वत के पास लेकर आए। बच्चों को पर्वत पर लिटाया गया और उनके शरीर पर गोबर लगाया गया। परिवार के बड़े-बुजुर्गों ने उनके स्वस्थ रहने और लंबी उम्र की कामना की।

समाज के हर परिवार में खास पकवान बनाए गए। पूजा में चढ़ाया गया दूध बच्चों को भी पिलाया गया। इसके पीछे भी बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की मान्यता है। पूजा के बाद समाज के लोग एक जगह जुटे और आतिशबाजी की। ढोल-धमाके के बीच उत्सव मनाया।

पीढ़ियों से निभा रहे परंपरा

समाज के नंदकिशोर यादव ने बताया कि गोवर्धन पर बच्चों को लिटाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। समाज के रामदयाल यादव ने बताया कि वर्षों पुरानी इस परंपरा को आज भी प्रत्येक परिवार पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाता है। खास बात यह है कि नई पीढ़ी भी इस परंपरा से जुड़ रही है। दीपावली के बाद पड़वा पर होने वाला यह आयोजन समाज को एकजुट करने और पुरानी परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी बना हुआ है।

कुत्तों ने दो बच्चों पर हमला किया, 2 साल के बच्चे का हाथ मुंह में खींचा, 5 साल की बच्ची को भी काटा



देवास। आवारा कुत्तों का हमला लगातार बच्चों के लिए खतरा बन रहा है। सोमवार को दो अलग-अलग कॉलोनियों में घर के बाहर खेल रहे दो मासूम बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर दिया। दोनों घायल बच्चों को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया है। पहली घटना दोपहर करीब 2 बजे राजीव नगर क्षेत्र में हुई। यहां शबनम का 2 साल का बेटा अरमान घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ता बच्चे का हाथ मुंह में दबाकर उसे खींचने लगा। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। हमले में बच्चे के हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर दांत के निशान आए हैं। दूसरी घटना इटावा के त्रिलोक नगर क्षेत्र में हुई। यहां घर के बाहर खेल रही 5 साल की हर्षिता कुशवाह पर कुत्ते ने हमला कर दिया। पड़ोसी ने बच्ची को जमीन पर गिरा देखा तो तुरंत दौड़कर कुत्ते को भगाया और उसे बचाया। इसके बाद हर्षिता की मां माया उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचीं। माया ने बताया कि उनकी बेटी दुकान जा रही थी, तभी कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर सुशील सोनगरा ने बताया कि दोनों बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया है। फिलहाल दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

दिगंबर जैन समाज ने मनाया महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण महोत्सव

नलखेड़ा1। दिगंबर जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर, अहिंसा एवं करुणा के प्रतीक भगवान महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण महोत्सव श्रद्धा, भक्ति, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के दोनों दिगंबर जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। समाजजनों ने भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं विधान कर निर्वाण लाडू समर्पित किया। महोत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल चौक बाजार स्थित श्री 1008 सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं नीमा कॉलोनी स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान के कलशाभिषेक, शांतिधारा, विशेष पूजन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही निर्वाण कांड पाठ, जयमाला एवं संपूर्ण अर्घ्य समर्पित कर भगवान महावीर स्वामी के चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर दोनों मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। चौक बाजार स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम कलशाभिषेक का सौभाग्य नितिन माणकचंद पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य नाथूलाल जैन परिवार को मिला। द्वितीय शांतिधारा का सौभाग्य सौरभ, आयुषी एवं शोभा पांडिया परिवार को मिला। वहीं प्रथम निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य अजय सोगानी एवं रूपेश पांडे परिवार को प्राप्त हुआ।

गोवर्धन पूजा कर मांगी समृद्धि, गांवों में निभाई छेड़ा खेल परंपरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

धन की देवी मां लक्ष्मी से समृद्धि की कामना के बाद नगरवासियों ने सोमवार को गोवर्धन भगवान का पूजन कर सुख-शांति की कामना की। गोबर से बने गोवर्धन का विधि-विधान से पूजन कर मान्यता अनुसार गाय के द्वारा कुचला गया। उल्लेखनीय है कि दीपोत्सव के अगले दिन प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया जाता है, जिसके चलते शहर के मंदिरों में गोवर्धन पर्वत स्वरूप गोबर से पर्वत का निर्माण कर उसकी पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। गोर्वधन पूजा के साथ ही लोगों ने गोवंश की पूजा-अर्चना भी की। इस दिन पशुओं का विशेष श्रंगार किया गया और उनकी पूजा कर आतिशबाजी कर लोगों ने अपने उत्साह का परिचय दिया। साथ ही घरों की दहलीज पर महिलाओं ने रंगोली सजाकर दीपक जलाए।

गवली समाज ने निभाई परंपरा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गवली समाज द्वारा गोबर से बने गोवर्धन की पूजा अर्चना की गई। वहीं पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए बच्चों को गोबर में लेटाया गया। समाजजनों ने बताया कि इस तरह बच्चों को गोबर से बने गोवर्धन पर्वत पर लेटाने से वह वर्ष भर स्वस्थ्य रहते हैं।

दीपावली पर्व के बाद ग्रामीण अंचलों में आज भी परंपरागत ढंग से छेड़ा खेलने की रस्म निभाई जाती है। इसीके चलते ग्राम साप्टी सहित आसपास के गांवों में गोवंशों के साथ युवाओं के द्वारा छेड़ा खेला गया। ग्रामीणों ने बताया कि परंपरानुसार लाठी पर चमड़ा और हरी झाड़ी लगाकर गोवंश को छेडकर जोर आजमाईश की जाती है। इसी अनूठी रस्म को इस वर्ष भी निभाया गया। इस आयोजन को देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ गांवों में जमा रही।

गोकुल को बचाया...वैसे ही देश की रक्षा करना-सिलावट

जिला जेल की गोशाला में गोवर्धन पूजा की, जीव-जंतुओं की रक्षा का संदेश दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में गोवर्धन पूजा के मौके पर सोमवार को जिला जेल परिसर की गोशाला में कार्यक्रम हुआ। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भगवान गोवर्धन और गायों की पूजा की।

गायों के अच्छे स्वास्थ्य और संरक्षण की कामना के साथ मंत्रों के बीच उन्हें तिलक लगाया गया। फूलमाला पहनाई गई और आरती की गई। इसके बाद गौ-ग्रास और भोग चढ़ाया गया। सिलावट ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति, पर्यावरण और गायों के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुल के लोगों और उनके पशुधन की रक्षा की थी।

यह प्रसंग प्रकृति और जीव-



जंतुओं को बचाने का संदेश देता है। उन्होंने देवास और पूरे प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

विकसित भारत का संकल्प हमारी धर्म, संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। हमने गोवर्धन पूजा की और भगवान कृष्ण से प्रार्थना करते हैं कि जैसे आपने उस समय गोकुल की रक्षा की थी, वैसे ही पूरे राष्ट्र, मध्य प्रदेश और हमारे देवास की रक्षा करें। मैं फिर से उन्हें प्रणाम करता हूं।

गायों के संरक्षण के लिए योजनाएं चलाई

सिलावट के मुताबिक, गौशालाओं को मजबूत बनाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, दूध उत्पादन बढ़ाने और गायों के संरक्षण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा- हम जानते हैं कि पूरे मध्य प्रदेश में और मुझे लगता है कि पूरे देश में गोवर्धन पूजा हो रही है। सीएम का गोवर्धन पूजा कराने का संकल्प था।

सेमली में राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा समारोह में 9 गौपालक सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया के ग्राम सेमली स्थित श्री हाटकेश्वर धाम में सोमवार दोपहर राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा समारोह हुआ।

संत कमल किशोर नागर के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल हुए। उन्होंने गोवर्धन महाराज और गौमाता का पूजन किया। मंत्री परमार ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति, पशुधन और किसान के प्रति आभार जताने का पर्व है। गौवंश का संरक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खेती के लिए जरूरी है। गौपालक भी गौसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेती के साथ पशुपालन करने से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के अवसर मिलते हैं। लोगों को केवल त्योहारों पर ही नहीं, बल्कि पूरे साल गौसेवा और गौवंश संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

समारोह में जिले की तीनों



विधानसभा क्षेत्रों से चुने गए 9 गौपालकों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार के तहत प्रथम स्थान पर 1 लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर 50 हजार रुपए और तृतीय स्थान पर 25 हजार रुपए दिए गए।

हर घर में होनी चाहिए एक गाय- नागर

संत कमल किशोर नागर ने कहा कि हर घर में कम से कम एक गाय होनी चाहिए। गाय परिवार और ग्रामीण जीवन का हिस्सा है। उसका दूध पौष्टिक आहार देता है और गोबर से जैविक खाद बनाई जा सकती है। इससे खेती में रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री सुरेश शर्मा पिता श्री सुन्दरलालजी शर्मा निवासी-15/4, हनुमान नाका चोराहा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का एक भवन भूखण्ड क्रमांक-12 ब्लाक नम्बर-19 स्थित राज रायल एन्क्लेव, ग्राम कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन में हैं जिसकी पेमाईश लम्बाई 15.25 मीटर एवम चौड़ाई 6.10 मीटर होकर भवन भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 93.25 वर्गमीटर होकर जिसके पूर्व में सड़क कालोनी, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक-07 ब्लाक नम्बर-19, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 11 ब्लाक नम्बर-19, दक्षिण में : भूखण्ड क्रमांक-13 ब्लाक नम्बर-19, मिला हैं, को तल भूमि से लगाकर हवाई हक्क सहित रिक्त हालत में क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, अब शेष विक्रय मूल्य राशि देकर विक्रय-पत्र का सम्पादन व पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति भवन को लेकर किसी प्रकार का कोई वाद विवाद या लेन देन प्रायवेट अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, अथवा किसी अन्य वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का कय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि 7 (सात) दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार शेष विक्रय मूल्य राशि अदाकर अपने हित में विक्रय-पत्र का सम्पादन एवम पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी ! सूचित हो ! इति दिनांक 10-11-2026, ई.

अमितेष जैन एडवोकेट
बी-4, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. नं.-9827015929, 9098085783

अचानक ब्रेक लगने से कार में जा घुसी बाइक

शाजापुर। नेशनल हाईवे-52 पर ग्राम नैनावद के समीप आगे चल रही कार के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही एक बाइक अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसी। इस टक्कर में बाइक सवार पिता और पुत्र घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चापनी के रहने वाले दिनेश 40 वर्ष मंगलवार को अपने 7 वर्षीय बेटे विवेक के साथ बाइक पर सवार होकर तराना की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 10:30 से 11 बजे के आसपास, जब वे नैनावद के करीब पहुंचे, तभी उनके आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। रफ्तार में होने के कारण दिनेश बाइक पर से अपना नियंत्रण खो बैठे और सीधे कार के पिछले हिस्से से जा टकराए। इस दुर्घटना में मासूम विवेक के सिर पर चोट आई, जबकि दिनेश को मामूली चोटें लगी हैं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

पड़वा पर्व पर गौरक्षा सेना ने किया गौ-पूजन

शाजापुर। दीपावली के पश्चात पड़वा पर्व पर गौरक्षा सेना द्वारा लालपुरा स्थित गौ-उपचार केंद्र कांजी हाउस में विधि-विधान से गौमाता का पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने गौमाता को तिलक लगाकर और आरती उतारकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की, साथ ही गौ-सेवा व संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर गौरक्षा सेना के संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि गौमाता की सेवा केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि हमारा निरंतर संकल्प है। उन्होंने बताया कि संस्था विगत 17 वर्षों से घायल, बीमार एवं असहाय गौवंश की सेवा में निरंतर जुटी हुई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक धर्मेन्द्र बना, वीरेन्द्र सिंह टेवा, अध्यक्ष अशोक खींची, उपाध्यक्ष लोकेश दरिया, नगर अध्यक्ष सुमित गोस्वामी, वरिष्ठ सदस्य शिवम बिरथरे, राजकुमार गुर्जर और नगर महासचिव हर्षित परमार मौजूद रहे।

परंपरा के नाम पर भिड़े राजा और पठान

शाजापुर। दीपावली पर्व के उल्लास के बीच शहर में वर्षों पुरानी एक अनूठी परंपरा फिर जीवंत हो उठी। पड़वा पर्व के उपलक्ष्य में शहर के बापू की कुटिया स्थित मैदान में पारंपरिक पाड़ों की रोमांचक लड़ाई का आयोजन किया गया। इस बहुप्रतीक्षित और पारंपरिक मुकाबले में राजा और पठान के बीच ऐसा कड़ा संघर्ष हुआ कि मैदान में मौजूद दर्शक रोमांच से भर गए। मैदान में उतरते ही राजा और पठान नाम के दोनों विशालकाय पाड़ों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देना शुरू कर दिया। दोनों के बीच काफी देर तक जोरदार आजमाइश चलती रही और कोई भी एक-दूसरे के सामने पीछे हटने को तैयार नहीं था। जब काफी मशक्कत के बाद भी मुकाबला किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंच सका, तो अंततः दोनों के मालिकों ने आपसी सहमति से हस्तक्षेप कर उन्हें अलग किया और इस जोरदार लड़ाई को बराबरी पर समाप्त करवाया।

श्री हिंगलाज माता को लगाया अन्नकूट का भोग

बड़नगर। प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगारसेरी में दीपावली रविवार को माता हिंगलाज का हरि पोशाक से विशेष श्रृंगार किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मधुर भजनों से माता की आराधना कर दीपों से माता लक्ष्मी की आरती की, पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि सोमवार को माता की पूजा अर्चना कर अन्नकूट का भोग लगाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन का प्रतीक चिन्ह बनाकर पूजन किया पश्चात माता के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।

सेना के अफसर की बेटी से छेड़छाड़, 5 दिन बाद गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता में सेना के एक अधिकारी की बेटी से छेड़छाड़ के आरोप में जवान गिरफ्तार हुआ है। घटना मिलिट्री रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में 5 नवंबर को हुई। हेस्टिंग्स पुलिस स्टेशन ने रविवार रात जवान को गिरफ्तार किया। लड़की की मां के मुताबिक उनकी बेटी कॉम्प्लेक्स के अंदर पार्क में दूसरे बच्चों के साथ खेलने गई थी। जवान वहीं सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। मौका पाकर वह बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने लगा। उसने बच्ची के होंठ काट लिए। पुलिस ने फुटेज और पार्क में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों के बयान के आधार पर उसकी पहचान कर ली है, आरोपी का नाम मोहित पठान है। सोमवार को उसे बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को 16 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

10 हजार विदेशी गोवर्धन परिक्रमा करने पहुंचे

मथुरा। मथुरा में मंगलवार को गोवर्धन पूजा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने लेट-लेटकर गोवर्धन पर्वत की 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा की और गिरिराज जी को 56 भोग अर्पित किए। 40 देशों से 10 हजार से ज्यादा विदेशी श्रद्धालु भी पहुंचे। भजन-कीर्तन के साथ ढोल-नगाड़ों पर नाचते नजर आए। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के बाहर 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। वहीं, इस्कॉन की गोशाला में 2 हजार किलो सूजी के हलवे से गिरिराज जी की आकृति बनाई गई। अमेरिका से आईं गौरा मणि देवी दासी ने 250 किलो हलवा तैयार किया। उन्होंने भजन सुनाते हुए कहा कि यहां आकर मन को सुकून मिलता है।मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर 7 दिन तक ब्रजवासियों की रक्षा की थी। उन्होंने इंद्र का मान भंग किया था। तभी से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है।

रवींद्रपुरी महाराज के साथ महाकाल मंदिर में हुई अभद्रता के मामले ने पकड़ा तूल

महंत ज्ञानेश्वरी पुरी ने जनसुनवाई में पहुंचकर की शिकायत मंदिर प्रशासक को बर्खास्त करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन के दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज के साथ हुई अभद्रता का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। मंगलवार को हुई जनसुनवाई में निरंजनी अखाड़े की महंत साध्वी ज्ञानेश्वरी पुरी ने रवींद्रपुरी महाराज के साथ हुई अभद्रता के मामले में आवेदन दिया है। साध्वी ने कहा कि 13 अखाड़े के अध्यक्ष के साथ मंदिर में हुई बदसलूकी से मंदिर के साथ ही सीएम की भी छवि खराब हो रही है। साध्वी ने कहा साधु संतों के साथ मंदिर में इस तरह का बर्ताव हो रहा है तो फिर आम श्रद्धालुओं के साथ दर्शन के दौरान किस तरह का व्यवहार होता होगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि 7 दिनों में अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह आमरण अनशन पर बैठ जाएगी।

महंत साध्वी ज्ञानेश्वरी पुरी ने आरोप लगाया कि दर्शन के दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के साथ अभद्रता होने के बावजूद भी मंदिर समिति ने अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया है और ना ही अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है। मंदिर प्रशासक कर्मचारियों की गलती मानने को तैयार नहीं है। साध्वी ने कहा है कि इससे यह प्रतीत होता है कि पूरी घटना मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के आदेश पर हुई थी।

पहले भी संतो के साथ हो चुकी है अभद्रता- साध्वी ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है इसके पहले भी महाकाल मंदिर में दर्शन के दौरान कई बार साधु संत अपमानित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ मेले को देखते हुए मंदिर की व्यवस्था अहम है। ऐसे में मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक को पद से तत्काल हटा देना चाहिए। महंत साध्वी ज्ञानेश्वरी पुरी ने कहा कि महाकाल मंदिर में जब संतो के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है तो आम श्रद्धालुओं के साथ मंदिर में किस तरह का व्यवहार होता होगा। आए दिन संतों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायते सामने आती रहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उनके गुरु भाई जैसे हैं। लेकिन मंदिर प्रशासक के कार्यकाल में हो रही इन घटनाओं से मुख्यमंत्री की छवि भी खराब हो रही है। साध्वी ने आवेदन में आईएएस अधिकारी प्रथम कौशिक को मंदिर प्रशासक पद से हटाने के साथ ही बर्खास्त करने की मांग भी की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि अखाड़ा परिषद के समन्वय से किसी योग्य और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को मंदिर प्रशासक नियुक्त करने का सुझाव दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के अंदर शिकायत पर कोई अमल नहीं किया गया तो वह आमरण अनशन पर बैठ जाएगी।

गुना में अन्नकूट महोत्सव की धूम



गुना। दीपावली पर्व के उल्लास के बाद अब शहर में गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट महोत्सव की धूम शुरू हो गई है। गोवर्धन पूजा के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। मंदिरों में भगवान को छप्पन भोग के साथ तरह-तरह के पकवानों और पारंपरिक व्यंजनों का भोग अर्पित किया जा रहा है। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जा रही है।

दरअसल अन्नकूट महोत्सव को लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। कहीं भगवान के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तो कहीं विभिन्न प्रकार के पकवानों से अन्नकूट का भोग तैयार किया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से धार्मिक स्थलों का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का सनातन परंपरा में विशेष धार्मिक महत्व है। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा करने की लीला का स्मरण किया जाता है। अन्नकूट के रूप में भगवान को विभिन्न प्रकार के अन्न और व्यंजनों का भोग लगाकर प्रकृति एवं अन्न के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। भारतवर्ष में गोवर्धन पूजा के साथ ही विभिन्न स्थानों पर अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गुना में भी मंदिरों में आयोजित हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों के चलते दीपावली के बाद तक उत्सव की रौनक बनी हुई है। इन आयोजनों में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता और परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है।

आज मनाई जाएगी भाई दूज

दीपावली पर्व की श्रृंखला के तहत अब बुधवार भाई दूज का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करेंगी। इसके साथ ही दीपावली के पांच दिवसीय पर्व का समापन होगा। गोवर्धन पूजा के अवसर पर घरों के बाहर गाय के गोबर से महिलाओं के द्वारा गोवर्धन पर्वत की आकृति उकेरी जाती है। इसके बाद सनातन परंपरा के अनुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इसके बावजूद भी किसी सिर फिरे व्यक्ति द्वारा गोवर्धन की आकृति पर किसी फिर व्हीलर वाहन का पहिया चढ़ा दिया जिससे लोगों की आस्था को काफ़ी ठेंस पहुँची।

पड़वा पर दोस्त भी दुश्मन बन जाता ऐसी है प्रथा

भौरासा। हर वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाबा भवनाथ महाराज की नगरी में दीपावली पर्व पर गोवर्धन पूजन के पश्चात भगवान श्री कृष्ण की परंपरा को निभाते हुए गाय माता का श्रृंगार कर ढोल धमाके के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस के पूर्व पुलिस प्रशासन ने दल बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला जिससे कुछ समय के नगर में सन्नाटा छा गया। पुलिस प्रशासन ने ड्रोन कैमरे ओर टूव्हीलर फोर व्हीलर मोबाइल से गली गली में घूम कर सतर्कता के साथ कही पर घातक आतिशबाजी न हो इस पर कड़ी निगरानी रख रखी थी साथ ही पुलिस अधिकारीयो की उपस्थित में जुलूस प्रारंभ हुआ यह जुलूस पिछले कई सालों से आतिशबाजी के साथ निकलता हे एक दूसरे पर आतिशबाजी से कभी भी एक भयानक दुर्घटना का कारण बन सकती थी दीपावली पर्व के पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

एनएफआर के महाप्रबंधक ने परखी गुवाहाटी-न्यू हाफलंग सेक्शन की संरक्षा

स्टेशनों के पुनर्विकास की भी की समीक्षा



मालीगांव/गुवाहाटी,। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक श्री विवेक खरे ने मंगलवार को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का दौरा कर गुवाहाटी से न्यू हाफलंग तक विंडो-ट्रेलिंग निरीक्षण किया। लामडिंग-बदरपुर पहाड़ी सेक्शन पर सुरक्षा और ट्रेन परिचालन की समीक्षा के लिए निर्धारित उनके दो दिवसीय कार्यक्रम का यह पहला दिन था। इस निरीक्षण के दौरान लामडिंग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के साथ एनएफआर मुख्यालय और लामडिंग मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

गुवाहाटी स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन व सफाई पर जोर निरीक्षण की शुरुआत में महाप्रबंधक श्री खरे ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालयों, विश्रामालयों और प्लेटफार्मों का मुआयना किया। उन्होंने टिकटिंग सुविधाओं और यात्री क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था जांची। यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा के मद्देनजर प्रवेश और निकास द्वारों पर भीड़ प्रबंधन, प्लेटफार्मों पर सुरक्षित आवाजाही तथा स्टेशन कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की समीक्षा की।

पहाड़ी सेक्शन के ट्रैक, पुलों और सुरंगों का लिया जायजा न्यू हाफलंग की ओर जाते समय श्री खरे ने पहाड़ी सेक्शन पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए रेल पटरियों, पुलों और सुरंगों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ट्रैक निरीक्षण ट्रॉली की भी जांच की और रेल कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को देखा। सुरक्षित व विश्वसनीय यात्री और माल परिवहन सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने चल रहे संरक्षा कार्यों और रखरखाव व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इसी क्रम में उन्होंने मन्दरडिसा रेलवे स्टेशन पर भी रुककर यात्री सुविधाओं और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

न्यू हाफलंग में अमृत भारत योजना की प्रगति देखी न्यू हाफलंग रेलवे स्टेशन पहुंचकर महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने जोर दिया कि प्रस्तावित सुधारों से यात्रियों को प्लेटफार्मों और अन्य सुविधाओं तक पहुंचने में आसानी होगी और स्टेशन के भीतर उनका आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम बनेगा।

जिला अस्पताल में प्रसूता और नवजात की मौत पर हंगामा,फर्श पर दिया बच्चे को जन्म

शाजापुर। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और आपातकालीन सेवाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। सोमवार रात अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही की दो अलग-अलग तस्वीरें सामने आई। एक ओर जहां इलाज में कथित देरी के चलते एक प्रसूता और उसके नवजात की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर लापरवाही का आलम यह रहा कि एक अन्य गर्भवती महिला को अस्पताल परिसर के फर्श पर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। जानकारी के अनुसार, ग्राम सिमरोल निवासी मोनिका पति हंसराज परमार को प्रसव संबंधी परेशानी ब्लीडिंग और गर्भ में बच्चे की हलचल न होने के चलते बोलाई स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। परिजनों का सीधा आरोप है कि गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचने के बावजूद डॉक्टर और कर्मचारी मोबाइल फोन चलाने में व्यस्त रहे। समय पर इलाज न मिलने के कारण प्रसूता और उसके नवजात दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए। उसी शाम इसी अस्पताल परिसर में बदइंतजामी का एक और वाकया हुआ। डिलीवरी के लिए लाई गई एक अन्य महिला का अस्पताल के फर्श पर ही प्रसव हो गया। जब मरीजों के परिजनों ने शोर मचाया, तब जाकर अस्पताल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और महिला व नवजात को भीतर ले गए। गनीमत रही कि दोनों की हालत फिलहाल स्वस्थ बताई जा रही है।

कैलाशम होटल एवं मैरिज गार्डन का पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया शुभारंभ

गुना। शहर में नए प्रतिष्ठान के रूप में कैलाशम होटल एवं मैरिज गार्डन का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। यह प्रतिष्ठान केशर गैस एजेंसी परिसर, गुना में शुरू किया गया है। इस मौके पर उनके सुपुत्र रजनीश शर्मा पिंकू ने बताया कि उनके माता पिता स्वर्गीय कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक एवं पूज्य माता स्वर्गीय श्रीमती शिवकुमारी शर्मा, पूर्व प्रोफेसर के आशीर्वाद एवं स्मृति को समर्पित इस नए प्रतिष्ठान की शुरुआत श्रीमती रश्मि शर्मा एवं रजनीश शर्मा (पिंकू) द्वारा की गई है। शुभारंभ समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी और शहर के गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर शर्मा परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा होटल एवं मैरिज गार्डन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चीनी व्लॉगर्स ने ढाका की झुग्गी-बस्ती को दिल्ली का बताया-भारत ने नाराजगी जताई

नई दिल्ली। बांग्लादेश में कुछ चीनी व्लॉगर्स ढाका की झुग्गी-बस्तियों में जाकर वीडियो बना रहे थे। आरोप है कि वे इन इलाकों को भारत की राजधानी दिल्ली बताकर चीनी सोशल मीडिया पर लाइव दिखाते थे। भारत ने मंगलवार को इस पर नाराजगी जताई और कहा कि कुछ लोग विदेशी नागरिकों को पैसे देकर ढाका को दिल्ली बताने की कोशिश कर रहे हैं।

इस तरह झूठी बातें फैलाने से कोई उन पर विश्वास नहीं करेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने इस बारे में मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। किसी भी देश की गलत तस्वीर पेश करने की ऐसी कोशिशें दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मैं बांग्लादेश के अधिकारियों से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील करूंगा। मामला बांग्लादेश के अखबार प्रथम आलो की एक जांच रिपोर्ट के बाद सामने आया था। अखबार के मुताबिक ढाका में 150 से ज्यादा चीनी नागरिक गरीब बस्तियों के वीडियो बना रहे थे।

भाई दूज पर बहनों के स्नेह और भाइयों की दीर्घायु की कामना का पर्व, यम द्वितीया आज

नागदा। दीपोत्सव के पांच दिवसीय पर्व के समापन अवसर पर बुधवार, 11 नवंबर को भाई दूज अर्थात यम द्वितीया का पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास, स्नेह और पारिवारिक आत्मीयता का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन बहनें अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक कर उनकी सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करती हैं, वहीं भाई अपनी बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सहयोग का संकल्प लेते हैं।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, सूर्यदेव के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना भाई-बहन थे। माता यमुना अपने भाई यमराज को बार-बार अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित करती थीं। कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे। यमुना ने उनका आदर-सत्कार किया, तिलक लगाया और भोजन कराया। बहन के स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। इस पर यमुना ने वरदान मांगा कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर उससे तिलक करवाए और भोजन ग्रहण करे, उसे सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त हो। यमराज ने यह वरदान स्वीकार किया। तभी से कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यम द्वितीया एवं भाई दूज मनाने की परंपरा प्रचलित हुई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भाई दूज पर मध्यान्ह एवं अपराह्न काल में तिलक करने का विशेष महत्व है।

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती मनीषा बैरागी पिता श्री भगवानदास बैरागी पति श्री मनोज बैरागी निवासी वर्धमान नगर, बाफना पार्क कॉलोनी, आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य का भूखण्ड़ क्रमांक 13 का पूर्व दिषावाला भाग व भूखण्ड क्रमांक 14 का पश्चिम दिशावाला भाग वर्तमान म्यु. क्रमांक 13 व 14/1 का भाग ''वर्धमान नगर'' कानीपुरा रोड़ कस्बा उज्जैन में स्थित है, जिसकी पैमाईश- लम्बाई- उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 12.19 मीटर चौडाई- पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 4.57 मीटर अनुबंधित भवन का कुल क्षेत्रफल 55.70 वर्गमीटर है। को उस पर किये दो मंजिला आर.सी.सी. व टीनपोश निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्र्स एवं मय तला व हवाई हक सहित खाली हालत में क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 10/11/2026

श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)
एम.ए.एल.एल.बी.
61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन
मो. 98264-44002

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता मूल भूमि स्वामी ईश्वर पिता श्री बद्रीलाल जाति राजपूत निवासी ग्राम नजरपुर तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 572/2/1/1/1/2/1/1, 577/3/1/2/3 रकबा 0.06 0.03 कुल किता 02 कुल विकित रकबा 0.09 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम नजरपुर तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आफ्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो ।

दिनांक 10-11-2026

मोहित पाटीदार (सर्विस प्रोवाईडर)
तहसील कार्यालय घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र.
मो. 7999640229, 9669092880

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता 01. सचिन अग्रवाल पिता श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल, निवासी- 28, संत नगर, सांवेर रोड़, उज्जैन 02. सुविज्ञ सोलंकी पिता श्री रविन्द्र सोलंकी, निवासी 33, ब्रजधाम, शिवाजी पार्क, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि, ग्राम रामवासा, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका खसरा क्रमांक 538 रकबा 0.330 हेक्टर है। उक्त भूमि की चर्तु:सीमा उत्तर में-भूमि सर्वे नम्बर 525 (शासकीय भूमि), दक्षिण दिशा में भूमि सर्वे नम्बर 539, पूर्व दिशा में- काकड़, पश्चिम दिशा में भूमि सर्वे नम्बर 537 है, उक्त भूमि उज्जैन इंदौर मुख्य मार्ग से लगभग 200 मीटर की दूरी स्थित है। जिसको क्रय करने बाबत् दोनों पक्षों के मध्य सहमती हो गयी है। यदि उक्त कृषि भूमि को विक्रय अनुबंध / हस्तांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति हो, बैंक लोन, गिरवी, बंधक, दान, वसीयत, जमानत, हस्तांतरण, किसी व्यक्ति से अनुबंध से ग्रसित हो, न्यायालय में प्रकरण लंबित हो तो अपनी आपत्ति असल दस्तावेजों के साथ इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात दिन) के अन्दर मेरे कार्यालय के कार्यालयीन समय में स्वंय / एडवोकेट/ एजेंट उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत करें। उक्त नियत समयावधि पश्चात् मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि का अनुबंध रजिस्ट्री / आवश्यक दस्तावेज निष्पादित करा लेगा। तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति विचारणीय नही होगी। अत: सूचित हो।

दिनांक-10/11/2026, उज्जैन

मोनिका सिंह, एडवोकेट
ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन मो. 9826342244

न्यूज-कॉलम

गोशाला में गोवर्धन पूजा कर गौ माता को कराया लापसी का भोग

मंदसौर। गोवर्धन पूजा के पावन पर्व के अवसर पर स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला भालोट में गौ माता की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन पूर्ण विधि-विधान और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गौ माता का पूजन किया तथा समिति की ओर से 1 क्विंटल 10 किलो दलिये की लापसी व भात का भव्य भोग लगाकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष राजू ढोला, विश्व हिंदू परिषद भालोट खंड गौ रक्षा प्रमुख व सचिव गोपाल गूंगावन, कोषाध्यक्ष हर्ष कोठारी तथा भालोट खंड अखाड़ा प्रमुख राजू टॉक ने विशेष रूप से उपस्थित होकर गौ सेवा का संकल्प दोहराया। साथ ही सरपंच नानालाल मेगरिया, भूतपूर्व सरपंच श्यामलाल जैन, उदयलाल पड़ियार, गोपाल गोयल और भारत सिंह भाटी सहित अनेक ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जनसुनवाई में सुनी गई समस्याएं, आठ आवेदन हुए प्राप्त

मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल आठ आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान ग्राम खिलचीपुरा निवासी गोविन्द ने रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर तहसीलदार मंदसौर को तुरंत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सगवाली निवासी गोकुल ने अपनी निजी भूमि से बिजली लाइन हटाने या उचित मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार दलौदा को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में रास्ता विवाद सुलझाने, पेंशन का लाभ दिलवाने, ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान करवाने तथा रास्ता खुलवाने एवं अतिक्रमण हटवाने जैसे विविध प्रकार के मामले भी पहुंचे जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की बात कही गई।

उत्तराखंड ले जाई जा रही मिर्च-टमाटर की खेप रास्ते में गायब

रतलाम। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ट्रांसपोर्ट संचालक के साथ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। आरोपी वाहन चालक ने व्यापारी की सब्जियों से भरी गाड़ी को उत्तराखंड के ज्वालापुर पहुंचाने के बजाय रास्ते में ही माल खुर्द-बुर्द कर दिया और अपना मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता भगत बैरागी (निवासी ग्राम जड़वासा कलां, थाना नामली) ने पुलिस को आवेदन देते हुए बताया कि वह सावलिया रोड लाइन्स के नाम से ट्रांसपोर्ट का संचालन करता है। उसने रतलाम से अन्य राज्यों में माल भेजने के लिए चालक कृष्ण कुमार (निवासी ढाणी गोपाल भुना, फतेहाबाद, हरियाणा) को किराए पर अनुबंधित किया था। गत 17 सितंबर 2026 को व्यापारी मो. फैजल शेरानी की मिर्च और टमाटर की कुल 206,877 रुपये (दो लाख छह हजार आठ सौ सत्तर रुपये) कीमत की खेप वाहन में लोड कर उत्तराखंड के ज्वालापुर भेजी जानी थी।

संकल्प पत्र की डायरेक्टरी का पूर्णाहूति पर होगा विमोचन

खंडवा। छैगांव माखन स्थित बलखड़ सुरा हनुमान मंदिर वाटिका परिसर में विश्व शांति एवं सभी के कल्याण हेतु 22 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां जहां भव्य रूप ले रही हैं, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ के लिए इस महायज्ञ में नागपुर से संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं केंद्रीय परिवहनमंत्री नितिन गडकरी को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया।

5.51 लाख रूपए के नोटों से सजा भादवामाता जी मंदिर गर्भ ग्रह

दीपावली पर माता रानी का नोटों से किया अदभूत श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर नीमच-मनासा मार्ग पर स्थित मालवा की वैष्णोदेवी के नाम से प्रसिद्ध आरोग्य तीर्थ महामाया भादवामाता मंदिर में दीपावली के अवसर पर माता रानी का ऐसा भव्य और अनूठा श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को आकर्षित कर लिया। माता का पूरा दरबार ५ लाख 51 हजार रुपए के नए नोटों से सजाया गया। रंग-बिरंगे नोटों से तैयार आकर्षक लड़ियों और कलात्मक सजावट के बीच माता रानी का दिव्य स्वरूप देखते ही बन रहा था। दीपोत्सव पर आस्था, भक्ति और आकर्षक सजावट का यह संगम मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बना रहा।

इस विशेष श्रृंगार में सभी तरह 10,20,50, 100, 200 और 500 रुपए के नए नोटों का इस्तेमाल किया गया। अलग-अलग मूल्यवर्ग के नोटों को बेहद आकर्षक तरीके से सजाकर माता के दरबार को भव्य रूप दिया गया। नोटों से तैयार की गई लड़ियां और विभिन्न कलाकृतियां मंदिर की सजावट में चार चांद लगा रही थीं। माता रानी के दरबार की यह सजावट श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बनी रही। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु माता के इस अनूठे स्वरूप को निहारते रहे। माता के इस विशेष श्रृंगार की पूरी जिम्मेदारी मंदिर के पुजारी अर्जुन चौहान एवं जगदीश चौहान ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर निभाई। उन्होंने पूरे दरबार को आकर्षक रूप देने में विशेष मेहनत की गई । दीपावली के पावन अवसर पर सजे माता रानी के इस भव्य दरबार ने भादवामाता मंदिर की धार्मिक आभा को और बढ़ा दिया। श्रद्धालुओं के लिए यह श्रृंगार माता के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण का अनूठा प्रतीक बना।

वृंदावन गौशाला चल्दू में मनाई जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ गोवर्धन एवं गौ-माता का पूजन,गौवंश को खिलाया चारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन तथा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम चल्दू स्थित वृंदावन गौशाला में जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक गोवर्धन एवं गौ-माता का पूजन किया गया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने गौ-माता का पूजन-अर्चन कर गौवंश को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया।

इस अवसर पर भोपाल के रवीन्द्र भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा और सुना।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान ने कहा कि गौ-पालन एवं पशुपालन हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। शासन द्वारा पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणजनों से इन योजनाओं का लाभ लेकर पशुपालन को आजीविका का सशक्त माध्यम बनाने का आह्वान किया।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिलेवासियों को दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार जिले में पशुपालकों एवं गोपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नीमच जिले से दो वर्ष पूर्व प्रारंभ हुए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान को राज्य स्तर पर भी संचालित किया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पशुपालकों को विगत वित्तीय वर्ष में लगभग 48 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए हैं।



टायर की दुकान में आग एक कार भी जली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

फोरलेन किनारे जैन ढाबे के पास एक पुराने टायर की दुकान में मंगलवार को तड़के आग लगने से हड़कंप मच गया ।लाखों रुपए के टायर व एक अर्टिगा कार भी जलकर खाक हो गई। कई दमकलों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। टायर की दुकान में पुराने एवं कुछ नए टायर भी थे जिनमे अचानक मंगलवार को अल सुबह आग लग गई टायर दुकान के समीप नूर हुसैन का गैरेज भी चपेट में आ गया। जहां पर रखी वाहनों की बेटरियां एवं अन्य सामान के अलावा अर्टिगा कार भी जलकर राख हो गई। आगयय इतनी भयानक थी कि जावरा नगर पालिका की दमकल में खराबी आने से रतलाम नामली पिपलोदा एवं अन्य स्थानों की दमकलों से एवं विशेष केमिकल के उपयोग पश्चात आग पर काबू पाया गया ।औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने आग लगने के मामले में जांच प्रारंभ की है। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

टायरों में इतनी भीषण आग थी कि आपकी लपेट एवं धुएं से आसपास में कालापन छा गया ।रतलाम से आई दमकल में उपलब्ध विशेष केमिकल के बाद आग पर काबू पाया जा सका ।वही जलते हुए टायरों एवं मलवे को फैलाने के लिए दो जेसीबी मशीनों की मदद ली गई ताकि अंदर तक आग सुलग रही हो तो बुझ सके। घटनास्थल पर तहसीलदार पंकज पवैया पटवारी पंकज राठौर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस की टीम एवं नगर पालिका का अमला भी मौके पर पहुंचा।

कलेक्टरेट मे जनसुनवाई,मे आवेदकों की समस्याएं सुन दिये अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

नीमच। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव एवं अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में फसल बीमा, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि एवं अतिक्रमण, पट्टा, राजस्व अभिलेख, नामांतरण, बंटवारा, पशुपालन ऋण, रोजगार तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, भूमि विवाद, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने, पेंशन भुगतान एवं राजस्व अभिलेखों में ऑनलाइन प्रविष्टि संबंधी समस्याएं भी आवेदकों ने प्रस्तुत कीं। कलेक्टर श्री चंद्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा में राहत उपलब्ध कराएं और निराकरण की नियमित समीक्षा भी करें।

अ.भा. पोरवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 15 नवम्बर को मंदसौर में आयोजित होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

अखिल भारतीय पोरवाल महासभा चेरिटेबल ट्रस्ट (रजी.) शामगढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे आडिटोरियम मे 15 नवम्बर को पोरवाल प्रतिभा सम्मान समारोह व छात्रवृती, सिलाई व पापड़ मशीन वितरण का आयोजन रखा गया है!

इस सम्बन्ध मे अधिक जानकारी देते हुवे अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश पोरवाल नीमच ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश चोधरी मन्दसौर करेंगे इस वर्ष 210 प्रतिभाओ जिनमे 12 वी सहित उच्च शिक्षा मे 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओ ,राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र मे सम्मानित प्रतिभाओ को मुख्य अतिथियोंद्वारा सम्मानित किया जाएगा शील्ड के दानदाताओं स्व.लालचंद गुप्ता की स्मृति मे सत्यनारायण लालचंद गुप्ता (बिजली वाला) झालरा पाटन ,स्व. बसंतीलालजी व स्व. सीताबाई मजावदिया की स्मृति मे अनिल मजावदिया परिवार मन्दसौर , रामदयाल फरक्या अध्यक्ष पोरवाल समाज इंदौर ,स्व. बद्रीलालजी डबकरा (पूर्व अध्यक्ष पोरवाल कुटुंब सहायक संस्था)की स्मृति मे डबकरा परिवार (रामपुरा वाला) मन्दसौर ,स्व. कन्हैयालाल व स्व.देवकन्या धनोतिया की स्मृति मे बी.एल. धनोतिया नीमच (कर सलाहकार) ,स्व.शिवदयाल चौधरी व स्व.दशरथ चौधरी की स्मृति मे हेमंत चौधरी व आयुष चौधरी गरोठ , स्व. बद्रीलाल भगवान रत्नावत की स्मृति मे संजय रत्नावत मल्हारगढ़, स्व.मंजुला संघवी की स्मृति मे शिवकुमार संघवी देवास, स्व. राधेश्याम मोदी सुवासरा वाला की स्मृति मे धर्मपत्नी शांता बाई मोदी व सुपुत्र कृष्णकांत मोदी मन्दसौर के सौजन्य से दी जावेगी !वही लगभग 7.35 लाख रुपए की छात्रवृती वितरण 165 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पोरवाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जावेगा अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने सभी छात्र छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

युवाओं ने शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ठोस संकल्प लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

सकल ब्राह्मण युवा संवाद 2026 के अवसर पर समाज के युवाओं ने शिक्षा, करियर मार्गदर्शन, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार, स्वास्थ्य जागरूकता, आर्थिक सशक्ति करण और सामूहिक सहयोग को समाज की प्रमुख प्राथमिकताएं बताया। संवाद में भाग लेते हुए सुश्री कृतिका जोशी, सृष्टि जोशी, खुशबू शर्मा,मोक्षी शर्मा ,खुशी शर्मा डा गार्गी , डा दुबे ,प्राजल शुक्ला ,यश व्यास, सर्वज्ञ डोरिया ,देवांश जोशी,नरेश शर्मा,विवेक पालीवाल,शुभम सिखवाल, अथर्व ओझा,नंदन नागर ,केपटन प्रयास जोशी,डा स्वर्णिम, सूर्यांश तिवारी , रक्षित मेहता आदि ने विभिन्न विषयों को रखते हुए कहा कि यदि युवा पीढ़ी को समय रहते सही दिशा, उचित मार्गदर्शन, आवश्यक कौशल और समान अवसर मिले, तो वह न केवल अपने परिवार की प्रगति कर सकती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा सकती है।

युवाओं ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षिक योग्यता पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता, भविष्य के अवसरों और समाज की आवश्यकताओं को समझते हुए अपना करियर चुनना होगा। इसके लिए परिवार, शिक्षक, समाज और अनुभवी पेशेवरों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। युवाओं ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही अपनी रुचि और क्षमता को पहचानने का अवसर मिलना चाहिए। स्कूली शिक्षा के दौरान ही उन्हें विभिन्न विषयों, व्यवसायों, तकनीकों और रोजगार के अवसरों से परिचित कराया जाए, ताकि वे भविष्य में अंधेरे में निर्णय न लें।

विशेष रूप से कक्षा 10 के बाद विषय चयन और कॉलेज स्तर पर कोर्स चुनने का समय छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ होता है। युवाओं ने कहा कि इस समय छात्रों को केवल अभिभावकों की इच्छा या समाज में चल रही परंपराओं के आधार पर निर्णय नहीं लेना चाहिए, बल्कि अपनी रुचि, योग्यता और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर सही विषय चुनना चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूल और कॉलेज स्तर पर करियर काउंसलिंग, मोटिवेशनल सत्र, व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा प्रतिभाओं की पहचान हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इससे छात्र अपनी क्षमता के अनुसार सही क्षेत्र चुन सकेंगे और अपने भविष्य को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार कर सकेंगे।युवाओं ने मांग की कि समाज के अनुभवी, शिक्षित और सफल सीनियर्स के माध्यम से छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाए।

नीलगायो की समस्या का समाधान करने में विफल रही सरकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी



क्षेत्र सहित जिले में लाखो की संख्या में खुले रूप से विचरण करने वाली नीलगाय (रोजड़ो)कि गम्भीर समस्या के समाधान करने में भाजपा सरकार पूर्णरूप से विफल रही है।कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला वन अधिकारी संजय रायखेरे से मिला जिसमे जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,छोटेलाल सैनी, भेरूपप्पू गुर्जर,प्रहलाद पाटीदार आदि ने नीलगाय की गम्भीर समस्या के समाधान के साथ ही नीलगाय से टकराकर मृत्यु होजाने पर पीड़ित परिजनों को बंद कीगई 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता योजना को भी पुनः शुरू करने की मांग की।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि भाजपा की मोहन सरकार ने एक आदेश के तहत शासन द्वारा वन्यप्राणियों से जनहानि होने पर क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किए जाने का प्रावधान था।किन्तु अब किसी वाहन,मोटरसाइकिल से वन्यप्राणी टकराने के कारण हुई दुर्घटनाओ में आम जन की मृत्यु होने पर भुगतान करने का प्रावधान नही है ऐसे प्रकरण प्राप्त होने पर नियमानुसार प्रारूप 5 में निरस्त करे। शर्मा एवं मालेचा ने कहा कि पहले नीलगाय टकराने से मृत्यु होजाने पर पीड़ित परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलती थी पर अब यह सहायता राशि बंद करना पीड़ित परिवारों के अधिकारों पर कुठाराघात है पहले घायल ओर गम्भीर घायलों को अच्छे इलाज के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता भी बंद करदी है यह अन्याय है,अगर यह योजना पुनः शुरू नही हुई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।नेता द्वय ने आरोप लगाया कि एक ओर तो सरकार नीलगाय की समस्या से निपटने में अक्षम रही है यह लहलहाती फसलों को 30 से 60 प्रतिशत तक नुकसान पहुचा रही है और दूसरी ओर इससे दुर्घटना में घायलों व मृतकों को मिलने वाली राशि भी बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है।नेताद्वय ने कहा कि नीलगाय की टक्कर से पीड़ितों को आर्थिक सहायता को लेकर मन्दसौर के विधायक विपिन जी जैन एवं नेता विपक्ष उमंग सिंगार जी को अवगत करवाकर यह आर्थिक सहायता पुनः शुरू कराई जाएगी।

न्यूज कालम



भगवान महावीर निर्वाण एवं गौतम स्वामी केवल ज्ञान दिवस हर्षोल्लास से मनाया

मंदसौर। स्थानीय पद्मावती नगर स्थित श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस एवं गुरु गौतम स्वामी जी के केवल ज्ञान दिवस के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ।इस विशेष अवसर पर श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन श्री संघ द्वारा परमात्मा महावीर स्वामी एवं गौतम स्वामी जी के समक्ष श्रद्धापूर्वक निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया तथा गौतम रास का पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नवकार महामंत्र के जाप और परमात्मा महावीर स्वामी की जय-जयकार के साथ हुई, जिसके बाद संघ के सदस्यों ने सपरिवार सामूहिक रूप से आरती और चैत्य वंदन किया। इस अवसर पर संघ की वरिष्ठ श्राविका मनोरमा देवी कंठाली ने गौतम रास के पाठ का अत्यंत रसप्रद वाचन किया, जिसे उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने पूर्ण तन्मयता के साथ श्रवण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन श्री संघ के अध्यक्ष सोनू पारख, सचिव अंकित जैन, कोषाध्यक्ष विनोद कंठाली, रमेशचंद्र डूंगरवाल, राजेश खारीवाल, प्रकाशचंद्र गुंदेचा, बगदीलाल बाफना, राजेंद्र खाबिया, कांतिलाल चोमेहलावाला, गौतमलाल बाफना, सुनील जैन बालावत, अनिल जैन बालावत, रजत खारीवाल सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

टीला खेड़ा बालाजी मंदिर सहित कई देवालयों पर अन्नकूट महोत्सव संपन्न



पिपलिया मंडी। नगर के सबसे अति प्राचीन श्री टीला खेड़ा बालाजी मंदिर पर आज गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर परंपरागत महा अन्नकूट का आयोजन मंदिर समिति अध्यक्ष श्री कचरमल जी राठौड़ एवं समस्त समिति प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में 10 नवंबर 26 मंगलवार को दोपहर साढ़े 12 बजे से अन्नकूट प्रसाद एवं पूड़ी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में पुरुषों महिलाओं और बच्चों ने लाइन में खड़े होकर के प्रसाद पावन किया। इसी तरह जीने वाले मंशापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में सायं 6 बजे अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी कड़ी में सेलिब्रेट वाटर पार्क स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर जोशी परिवार द्वारा आयोजित अन्नकूट का कार्यक्रम रखा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर अन्नकूट का लाभ लिया।

नारायणगढ़ पुलिस थाने का घेराव कर हुआ जोरदार प्रदर्शन किया

पिपलिया मंडी। नारायणगढ़ में युवक के साथ कथित पुलिस मारपीट के विरोध में ग्रामीणों एवं युवाओं ने आज सुबह पुनः थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। युवाओं के समर्थन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीत कुमठ, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष पाटीदार, मंडलम अध्यक्ष सुनील भगत, ब्लॉक महासचिव कैलाश बंगारिया एवं सचिव किशन परिहार सहित कांग्रेसजन मौके पर पहुंचे। कांग्रेसजनों ने युवाओं के साथ खड़े होकर दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई एवं संबंधित पुलिसकर्मी को नारायणगढ़ थाने से हटाने की मांग उठाई। थाना प्रभारी द्वारा संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल थाने से हटाने का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि पुलिस द्वारा किया गया अभद्र व्यवहार और मनमानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। युवाओं के सम्मान और न्याय की लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

खेतलपुर नाले पर अवैध सिंचाई के खिलाफ जिला प्रशासन का शिकंजा

रतलाम,। शहर के खेतलपुर नाले से अनधिकृत रूप से पानी खींचकर सिंचाई करने के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। नाले पर किसानों द्वारा लगाई गई पानी की मोटरों की शिकायत मिलने पर प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की।पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तीन नई विशेष ट्रेनें संचालित प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती सविता राठौर से मिली जानकारी के अनुसार, खेतलपुर नाले पर सिंचाई के उद्देश्य से स्थापित कुल चार मोटरों को निशाना बनाते हुए यह कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम ने एक मोटर को मौके से जब्त कर लिया, जबकि अन्य तीन मोटरों की विद्युत केबल काटकर उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया।इस पूरी कार्रवाई को विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के विशेष सहयोग से अंजाम दिया गया। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से नाले से अवैध रूप से पानी का उपयोग करने वालों में हड़कंप का माहौल है।

युवा उत्सव उमंग-2026के समापन और प्रमाण पत्र वितरण की तिथि में संशोधन

मंदसौर। युवा उत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं की तिथियों में संशोधन के चलते प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के महाविद्यालयीन युवा उत्सव उमंग-2026 के तृतीय एवं अंतिम दिवस की समस्त प्रतियोगिताओं तथा प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक परिवर्तन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संपूर्ण कार्यक्रम अब आगामी 14 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। प्रति योगिताओं का समय और स्थान पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार ही पूरी तरह यथावत रहेंगे।



उमा कारपेंटर ने बनाई मां लक्ष्मी की आकर्षक रंगोली

सुसनेर। दीपावली पर्व पर नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगर की मेकअप व मेहंदी आर्टिस्ट उमा कारपेंटर ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मां लक्ष्मी की आकर्षक रंगोली बनाई। रंग-बिरंगे रंगों से सजी रंगोली में मां लक्ष्मी की सुंदर आकृति उकेरी गई, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उनकी इस कलाकृति की सराहना की जा रही है।

गोबर से बनाई गोवर्धन जी की आकृति, किया पूजन

सुसनेर। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का पर्व नगर में पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने घरों के आंगन में गोबर से भगवान गोवर्धन जी की आकर्षक आकृति बनाई और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने गोवर्धन जी की आकृति को सजाकर रोली, चावल, पुष्प एवं दीपक से पूजन किया। इसके बाद परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और पशुधन की रक्षा की कामना की।

एमडी ड्रग सप्लाई मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार



शुजालपुर। एमडी ड्रग की अवैध सप्लाई के मामले में शुजालपुर सिटी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी साकिब को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि साकिब ने यूसुफ खान के जरिए दानिश खान तक एमडी ड्रग पहुंचाई थी। इस मामले में पुलिस दानिश और यूसुफ को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार गत 14 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तालाबपुरा कब्रिस्तान के समीप दबिश देकर दानिश खान निवासी टीला मोहल्ला शुजालपुर को पकड़ा गया था। उसके पास से 8.4 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई थी। दानिश सिटी सब्जी मंडी में कपड़ों की दुकान संचालित करता है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने दानिश से पूछताछ की तो उसने एमडी ड्रग यूसुफ खान से प्राप्त करना बताया। इसके आधार पर यूसुफ को गिरफ्तार किया गया। यूसुफ से मिली जानकारी और विवेचना में सप्लाई की अगली कड़ी साकिब के रूप में सामने आई। पुलिस ने अब साकिब को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मादक पदार्थ की सप्लाई से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने सेवा बस्ती में मनाई दिवाली

शाजापुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने रविवार को शाजापुर की सेवा बस्ती में बच्चों और उनके परिवारों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मिठाई और अन्य उपहार सामग्री वितरित की।

छप्पन भोग का आयोजन



महिदपुर। जवाहर मार्ग, स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर पर अशोक मधु राठौर के द्वारा छप्पन भोग का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में गिरीश जोशी , रजत व्यास के द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई।

ग्रामीणों ने उत्साह से लिया भाग, मन्नतधारियों का निकला जुलूस, एक दिन पहले मन्नतधारियों ने मंदिर में किया रतजगा

गाय गोहरी : तीन गांवों में 26 मन्नतधारियों को पैरों तले रौंदते हुए निकली सैकड़ों गाय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम लोहारिया, 12 किलोमीटर दूर ग्राम भिड़ावद क्रमांक 2 और 13 किलोमीटर दूर रावदियाकलां में दीपावली के चौथे दिन सोमवार को गांव के सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों की उपस्थिति में ग्रामवासियों नै उत्साहपूर्वक गाय गोहरी पर्व मनाया।

तीनों गांव के 26 मन्त्रतधारियों ने अपनी मन्नतें पूरी होने पर गांव की गलियों में जमीन पर औंधे लेटे और सैकड़ों गायें उन मन्त्रतधारियों को पैरों तले रौंदते हुए निकलीं। सभी सकुशल मन्त्रतधारियों का ग्रामवासियों ने साफा बांध कर स्वागत किया और ढोल-ढमाकों के साथ गांवों में जुलूस निकाल कर मंदिर में दर्शन करने के लिए लेकर गए। यहां मन्नतधारियों ने भगवान के दर्शन किए। सुहाग पड़वा होने के - बावजूद कार्यक्रम स्थलों पर गलियों और भवनों पर पुरुषों, महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ रही।

139 साल पहले से चली आ रही - आस्था से जुड़ी इस परंपरा को - निभाने में ग्रामवासी उत्साहित नजर आ रहे थे। ग्राम लोहारिया में 10 व ग्राम रावदियाकलां में 10 और - भिड़ावद क्रमांक-2 में 6 मन्त्रतधारियों की मन्नतें पूरी होने से भगवान देवनारायण, भगवान श्री राम और माता मंदिरों में रतजगा किया। सुबह सभी



मन्त्रतधारी दीपक रखी थालियां हाथों में लेक लेकर मंदिर से बाहर निकले। इन सभी मन्त्रतधारियों को ढोल-ढमाकों के साथ हीड गीत गाते हुए गांवों में घुमाया। मन्त्रतधारियों ने गांव के बाहर गोये (कांकड़) में पूजन किया। इसके बाद सभी मन्त्रतधारी ग्राम लोहारिया में अंबा माता चौक, भिड़ावद में भवानी माता मंदिर व रावदिया कलां में राम मंदिर की गलियों में जाकर औंधे होकर लेट गए। गांव में एक छोर पर एकत्रित गायों को गुड़ खिलाया गया। इसके बाद ग्रामवासियों ने गायों के झुंड को मनतधारियों की ओर धकेल दिया। गायों के झुंड दौड़ते हुए

मंगल कार्यों के लिए लोग लेते हैं मन्नतें

ग्राम रावदियाकलां के महेश शुक्ला ने बताया कि 139 वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। मन्त्रतधारी गांव में सुख-समृद्धि, खुशहाली, संतान प्राप्ति और अन्य मंगल कार्यों के लिए मन्नत लेते हैं। उनकी मन्नतें पूरी होने पर वे गाय गोहरी पर्व के एक दिन पहले मंदिरों में रतजगा करते हैं। सूर्योदय होने के साथ ही गाय के पैरों तले लेटकर संकल्प पूरा करते हैं।

जमीन पर औंधे लेटे मनतधारियों को पैरों तले रौंदते हुए निकल गई। उसके बाद सभी मन्त्रतधारियों को ग्रामवासियों ने उठाया और नाचने लगे।

दीपावली पूजन के दूसरे दिन

दिनभर चलता रहा मुलाकात का दौर, मंदिरों एवं मोहल्लों में हुई गोवर्धन पूजा

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

रविवार की रा त्रि में दीपावली पूजा के बाद नगर वासियों ने आतिशबाजी की सोमवार को सुबह लोगों ने मंदिरों में जाकर देव दर्शन कर एक दूसरे को दीपावली पर्व की एक दूसरे को बधाई दी।

नगर पोरवाल समाज के कारा परिवार द्वारा परंपरागत रूप से दीपावली के अगले दिन पडवी को रखे जाने वाला दीपा वली मिलन समारोह इस बार भी रखा जिसमें विधायक दिनेश जैन बोस पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप फ्रेंड्स क्लब के संयोजक थाना प्रभारी आनंद भाभौर पूर्व सरपंच कमल सिंह पंवार संतोष



विश्वकर्मा बालकृष्ण विश्व कर्मा अनिल कांठेड पत्रकार दिनेश मंडोवरा गोपाल उपाध्याय प्रकाश जैन पोरवाल समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल पूर्व अध्यक्ष शिवना रायण पोरवाल सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख तथा पत्रकार आदि शामिल हुए आयोजन में बड़ी संख्या में नगर की मातृशक्ति भी मौजूद रही सभी ने इस दौरान एक दूसरे को बधाई देते हुए कारा परिवार की इस परंपरा को प्रशंसा की सोमवार को ही नगर के विभिन्न मंदिरों तथा गाय के गोबर से गोवर्धन जी प्रतिकृति बनाकर पूजा स्थापना कर उनकी पूजा की।

गोवर्धन पूजा के साथ गोशाला में विभिन्न आयोजन सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

श्री गोपाला गोशाला झारडा कटन पर दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के साथ विभिन्न कार्यक्रम समिति अध्यक्ष अनिल कुमार भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित किये गये। गोशाला समिति के सचिव प्रभुदयाल शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गोशाला में सभी गायों की पूजा कर आरती उतारी गई पश्चात गायों को लापसी व पुड़ी का भोजन पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार दुबे, समिती उपाध्यक्ष भगवानसिंह पंवार, सहसचिव सदस्य शम्भूशरण तिवारी, शंकरलाल विश्वकर्मा, गिरधारी लाल उथरा, दिलीप कुमार इंनानी, शांतिलाल छजलानी, विरेन्द्र सोनी, मनोज शर्मा, अमरसिंह ठाकुर, पारस लूणावत, पं. भरतदासजी, रमेश,



जगदीश ने उपस्थितजनो के साथ कराया। गोशाला, धर्मशाला आदि संस्थाओ मे कार्यरत कर्मचारियो का स्वागत कर गोवर्धन पूजा के अवसर पर वस्त्र आदि भेट किये। कर्मचारियो के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उपस्थितजनो ने कहा कि आपको गोसेवा का आशिर्वाद आपके जीवन मे हमेशा मिलता रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यो कार्यकर्त्ताओ का आभार सचिव प्रभुदयाल शर्मा ने व्यक्त करते हुए भविष्य मे भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की।

भूमि की रजिस्ट्री के बाद महिला ने तहसीलदार से लगाई न्याय की गुहार

■ जमीन के नामांतरण को लेकर मचा विवाद!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर सुसनेर में जमीन की हिस्सेदारी और नामांतरण को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। भूमि की रजिस्ट्री होने के बाद अब एक महिला ने राजस्व विभाग के दरवाजे पर दस्तक देते हुए तहसीलदार के समक्ष आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया है। महिला ने स्पष्ट मांग की है कि जब तक भूमि के स्वामित्व और हिस्सेदारी का विवाद सुलझ नहीं जाता, तब तक संबंधित जमीन का नामांतरण नहीं किया जाए।

मामला कस्बा सुसनेर स्थित सर्वे नंबर 1821, रकबा 0.2820 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है। आवेदिका आमना बी का दावा है कि उक्त भूमि में उनका 1/6 हिस्सा है, वहीं उनके पति अब्दुल अजीज का भी 1/6 हिस्सा दर्ज था। आवेदन के अनुसार, पति का नाम भूमि रिकॉर्ड से विलोपित हो जाने के चलते उन्होंने इस संबंध में धारा 115 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के तहत अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर रखा है।

तहसीलदार से सुनवाई तक रोक की मांग

महिला ने अपने आवेदन में प्रशासन से मांग की है कि पहले भूमि की वास्तविक हिस्सेदारी और स्वामित्व से जुड़े विवाद की जांच की जाए। सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाए और विवाद का उचित निराकरण होने तक भूमि के नामांतरण की कार्रवाई पर रोक रखी जाए।

खाचरौद-नागदा समाज व ग्रामवासियों ने की भक्ति

श्री 1008 नेमीनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र भीकमपुर में चढ़ाया निर्वाण लाडू



दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

श्री 1008 नेमीनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र भीकमपुर में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि यहां 10 वर्ष पूर्व भूगर्भ से प्राचीन दिगंबर प्रतिमाएं निकली थीं, जिनके सान्निध्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खाचरौद एवं नागदा दिगंबर जैन समाज द्वारा संयुक्त रूप से यह महोत्सव आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई। शांतिधारा एवं मंगल आरती करने का पुण्यार्जन नागदा के रितेश कुमार, मुन्नालाल जैन परिवार ने बोली लेकर प्राप्त किया। इसके पश्चात दोनों नगरों के समाजजनों एवं भीकमपुर के ग्रामवासियों ने जयकारों के बीच भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाया और क्षेत्र पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य को गति देने का संकल्प लिया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नागदा से पंकज जैन, अशोक जैन, शरद जैन, अनिल जैन, चंद्रशेखर जैन, हर्ष जैन, मनोज जैन, रितेश जैन तथा खाचरौद से विजय सेठी, विमल सेठी, सुनील बड़जात्या, संजय बड़जात्या, सम्यक बड़जात्या, विजय जैन, नित्य जैन, वैभव सेठी, संकेत बड़जात्या, हर्ष बड़जात्या, जूली जैन आदि मौजूद थे, जिनका क्षेत्र विकास एवं धर्मप्रभावना में सराहनीय योगदान रहा।

भाजपा नगर मंडल ने मनाया दीपावली मिलन, दी बधाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

दीपावली की पड़वा एवं गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा के साथ दीपावली मिलन कर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस दौरान श्री राम जानकी मंदिर, पालिया कला एवं कीलकीपुरा स्थित श्री अंबे माता मंदिर में आयोजित आरती में सहभागिता कर धर्मलाभ लिया तथा क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, महामंत्री दौलतराम प्रजापत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, गोपाल यादव, कमलेश प्रजापत, निलेश प्रजापत, हरिकिशन लोहारवाड,राम सिंह अंजना, यशवंत आर्य, रविंद्र राणावत, पार्षद नरेंद्र कोठारी, अमर सोलंकी, देव कंवर पटेल, रितु पांडे, आशा पोरवाल, गरिमा कोठारी, सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक हुए शाामिल

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 21 में विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल के निवास पर आयोजित गोवर्धन पूजा में सहभागिता की। यहां विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ गोवर्धन पूजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की गई।

राधा कृष्ण मुंगड मंदिर में दिवाली पर्व मनाया



तराना। राधा कृष्ण मुंगड मंदिर में दिवाली पर्व पर भगवान का अभिषेक सिंगार किया गया सभी भक्त लोगों ने दर्शन कर लाभ प्राप्त किया भगवान का आकर्षक श्रंगार किया गया रात को लक्ष्मी पूजन किया ब्राह्मणों के द्वारा पूजन संपन्न कराया गया रवि सोनी राजेश सोनी लखन शर्मा नमन शर्मा आदि भक्त लोग उपस्थित होकर दर्शन लाभ लिए ब्राह्मणों के मुख्य द्वारा श्री सूक्त गोपाल सहस्त्रनाम का वचन हुआ भक्त लोगों ने हर्ष के साथ दीपावली पर बनाया जानकारी मंदिर की पुजारी देवकरण शर्मा।

गुर्जर समाजजन दीपावली पर्व पर श्राद्ध और तर्पण की निभा रहे परम्परा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

गुर्जर समाज में दीपावली पर मनाई जाने वाली श्राद्ध एवं पितृ तर्पण की यह परंपरा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध, अनूठी और सामाजिक एकजुटता का अनुपम प्रतीक है। गुर्जर समाज की लोक-संस्कृति, पितृ-ऋण उतारने की भावना और प्रकृति तथा पशुधन (गौ-माता) के प्रति अगाध श्रद्धा को सुंदर रूप से दर्शाती है।

एक वर्ष के भीतर दिवंगत हुए परिजनों को पितृ श्रेणी में



सम्मिलित करने की यह अत्यंत संवेदनशील प्रक्रिया है। पूरा समाज एकत्र होकर ओजी झाड़/पेड़ के साथ जल स्त्रोतों (नदी, तालाब, पोखर) में जल-तर्पण करता है। सामूहिक रूप से धूप-ध्यान देकर परिजनों को पूर्वज रूप में स्वीकार करने की यह प्रार्थना समाज के पारस्परिक विश्वास और साझा संवेदना को प्रकट करती है।

इस दिन पालिया और सती पूजन के बाद अपने ही गोत्र (गोती) के पांच परिजनों को परस्पर घर बुलाकर भोजन कराने की प्रथा बहुत ही विशिष्ट है। विशेषकर असमय हुए निधन की स्मृति में आत्मशांति के लिए यह अनुष्ठान सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करता है। नये साल के आरंभ पर एक-दूसरे के घर जाकर धोक अरज (प्रणाम/आशीर्वाद करना और पारंपरिक गुर्जर लोक-गाथा हीड़ गाकर गायों को छेड़ा खिलाना इस पर्व को विशुद्ध लोक-उत्सव का रूप देता है।

समय के साथ इसमें लक्ष्मी पूजन, दीपदान और आतिशबाजी

गुर्जर संस्कृति में पशुधन का सर्वोच्चा महत्व

दीपावली की सुबह संपूर्ण समाज का एक साथ जल स्त्रोत पर जाकर सभी पूर्वजों का सामूहिक तर्पण करना और वर्षभर के लिए निरोग, सुख-समृद्धि का आर्शीवाद मांगना इसकी मुख्य कड़ी है। इसके पश्चात गौ-माता को लक्ष्मी रूप में पूजना गुर्जर संस्कृति में पशुधन का सर्वोच्च महत्व को स्थापित करता है।


जैसे तत्व जुड़े हैं, जो परंपरा और आधुनिक उत्सव का सुंदर मेल प्रस्तुत करते हैं।



श्री महावीर स्वामी भगवान का निर्वाण दिवस एवं गौतम स्वामी का केवल ज्ञान दिवस मनाया

महिदपुर। श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक तपागच्छ श्री संघ महिदपुर के श्री शांतिनाथजी मंदिर में नगर में विराजित प. पु. साध्वीवर्या श्री तत्वलताश्री जी म सा आदि ठाणा 4 के सानिध्य में लड्डू चढ़ाया गया जिसमें महावीर स्वामी जी के निर्वाण लड्डू चढ़ाने का लाभ सिरेमल विमल कुमार, कपिल कुमार, पीयूष कुमार सकलेचा परिवार एवं गौतम स्वामी जी के लड्डू चढ़ाने का लाभ कनकमल विजय कुमार सुरेंद्र कुमार कोचर सराफ परिवार एवं आरती का लाभ केसरीमल प्रकाशचंद्र, जयंत कुमार, जय कुमार सुराणा परिवार एवं मंगल दिवो का लाभ चम्पालाल नास्कावाला परिवार ने लिया। इस अवसर पर महावीर स्वामीजी एवं गौतम स्वामीजी की भव्याती भव्य अंगरचना का लाभ केसरीमल प्रकाशचंद्र सुराणा परिवार एवं प्रभावना का लाभ जुहारमल हेमंत कुमार आंचलिया परिवार ने लिया। सभी लाभार्थी परिवारों की श्री संघ महिदपुर द्वारा अनुमोदना की गई। संचालन ट्रस्टी मुनींद्र कुमार मंडलेचा सोनी एवं आभार सचिव ललित नास्कावाला गार्डी ने माना।

श्री द्वारकाधीश मंदिर पर सुहाग पड़वा के पर्व पर श्री गोवर्धन पूजा अर्चना की गई



महिदपुर। जवाहर मार्ग, स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर पर सुहाग पड़वा के पर्व पर श्री गोवर्धन पूजा की गई। इस अवसर पर प्रतिभा तिवारी ,हर्षा तिवारी उषा लखेरा, पिंकी लखेरा, मीना लखेरा ,मधु राठौर आदि महिलाए उपस्थित रही।

श्री गुजराती रामी माली समाज में अन्नकूट दर्शन एवं गोवर्धन पूजन सम्पन्न



बड़नगर। दीपावली पर्व के अंतर्गत पडवा के दिन शाम को श्री गुजराती रामी माली समाज, बड़नगर द्वारा अन्नकूट दर्शन एवं गोवर्धन पूजन तथा बेल पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा भाव और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समाज के मंदिर प्रांगण में भगवान श्री गोवर्धन नाथ जी का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग का अन्नकूट सजाया गया। शाम को समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं द्वारा गोवर्धन पूजन और गौ माता के प्रतीक रूप में बेल पूजा की गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। पूजन के पश्चात सभी को अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया।

दीपावली और नूतन वर्ष की शुभकामनाएं के साथ समाज की सुख-समृद्धि की कामना की



सुसनेर। ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से मनाया गया सामूहिक छोड़ा उत्सव, ग्राम पायली में गायों को सजाकर निभाई परंपरा सुसनेर। दीपावली के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से सामूहिक छोड़ा उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पायली में ग्रामीणों ने अपनी गायों को आकर्षक रूप से सजाया तथा सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन किया। उत्सव के दौरान ग्रामीणों ने गायों को सजाकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की। इस दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस परंपरा में भाग लेकर अपनी धार्मिक आस्था और संस्कृति के प्रति जुड़ाव प्रदर्शित किया। ग्रामीण परंपराओं में गायों को विशेष महत्व दिया जाता है। इसी मान्यता के चलते दीपावली के दूसरे दिन छोड़ा उत्सव मनाकर गौवंश के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की जाती है। ग्राम पायली में भी ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इस परंपरा का पालन किया।

लेटेस्ट शू ट्रेंड्स से पाएं स्टाइलिश लुक

अगर आप नया फुटवियर खरीदना चाहते हैं, तो कौन सा ट्रेंड चुनें...

हर साल जब बड़े फैशन ब्रैंड्स अपने फाल/विंटर कलैक्शन पेश करते हैं, तब लगता है कि इन ट्रेंड्स को आने में अभी बहुत वक्त है। लेकिन देखते ही देखते अगस्त खत्म होता है और सितंबर आते ही वही रनवे ट्रेंड्स बाजार और सोशल मीडिया पर छा जाते हैं। अगर आप भी इस फाल सीजन में अपने लुक को अपग्रेड करना चाहती हैं तो जान लीजिए फाल/विंटर 2026 के सब से बड़े शू ट्रेंड्स जो इस बार फैशन की दुनिया में खूब चर्चा बटोर रहे हैं।

कौन सा ट्रेंड चुनें

अगर आप सिर्फ एक नया फुटवियर खरीदना चाहती हैं तो लेस अप बूट्स या पौइंटेड टो हील्स सब से बेहतर विकल्प हो सकते हैं। वहीं पार्टी और फैस्टिव सीजन के लिए सैटिन शूज शानदार चौइस रहेंगे।

पूरा फैशन स्टेटमैंट

फाल/विंटर 2026 में फुटवियर सिर्फ आराम तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि पूरा फैशन स्टेटमैंट बनेंगे। लेसअप बूट्स, सैटिन शूज, जेब्रा प्रिंट, कलर ब्लौकिंग और ऐक्स्ट्रा पौइंटेड टो जैसे ट्रेंड्स इस सीजन हर फैशन लवर के वौर्डरोब का हिस्सा बनने वाले हैं। अगर आप आने वाले सीजन में ट्रेंड के साथ चलना चाहती हैं तो अभी से इन स्टाइल्स को अपनी शौपिंग लिस्ट में शामिल कर सकती हैं।

लेसअप शूज की वापसी

इस सीजन लेसअप शूज एक बार फिर ट्रेंड में हैं। घुटनों तक जाने वाले लेसअप बूट्स से ले कर छोटे लेस वाले फुटवियर तक, हर स्टाइल फैशन रनवे पर देखने को मिला। अगर आप को थोड़ा यूनीक लुक पसंद है तो कटआउट लेसअप डिजाइनें भी इस साल काफी पसंद किए जा रही हैं।



नए अंदाज में पहनें डेनिम और नजर आएं आधुनिक

डेनिम हम सभी की वॉर्डरोब का ऐसा हिस्सा बन चुका है, जिससे हमें बेहद प्यार है। इसे अपने आउटफि ट में नए अंदाज में शामिल करें, ताकि डेनिम और आपके बीच का प्यार थोड़ा और बढ़ जाए।।।

आसान और खूबसूरत

अपनी फ़्लोर लेंथ स्कर्ट के साथ एक शर्ट पहनें और आप गर्मियों के खूबसूरत, आरामदेह लुक के साथ तैयार हैं! हाथ से बुना कॉटन ब्लाउज, मूल्य आग्रह पर, चमनलाल प्रेमजी सिजु, मनीषा मेलवानी ऐंड जूही मेलवानी, आर्टिजेन ऑफ कच्छ; विस्कस स्कर्ट, रु 2,999, डब्ल्यू; मिक्स मेटल स्टोन रिंग, रु 3,500, ब्रास ऐंड मेटल रिंग, रु 3,800, दोनों स्टेटमेंट बाय एफआर; मेटल बैंगल, रु 1,545, ऐक्सेसराइज; सिल्वर नेकलेस, रु 7,000, ट्राइबल .फ ट ा ू श ा न ा कलेक्शन, मिनरली; सिल्वर नोजपिन, रु800, क्वर्कस्मिथ; फॉक्स लेदर सैंडल्स, रु2,299, वेरो मोदा

साड़ी का साथ

पैंट्स के साथ साड़ी पहनें और अपने आउटफि ट में मस्तमौला मिजाज को घुल जाने दें

विस्कस शर्ट, रु1,799, ऐंड; हाथ से बुनी कॉटन की साड़ी, रु9,500, चमनलाल प्रेमजी सिजु, मनीषा मेलवानी ऐंड जूही मेलवानी, आर्टिजेन ऑफ कच्छ; डेनिम ट्राउशर्स, मूल्य आग्रह पर, फराह संजना; सिल्वर ईयरिंग्स, रु4,400, रितिका सचदेव, मिनरली; सिल्वर बीड्स नेकलेस, रु9,600, प्रेर्टो, मिनरली; गोल्ड प्लेटेड हैंड कफ, रु890, क्यूरिओ कॉटेज; सिल्वर नोजपिन, रु800, क्वर्कस्मिथ; फॉक्स लेदर सैंडल्स, रु1,999, ग्लोबल देसी; फॉक्स लेदर बेल्ट, रु699, ऐंड


कफ़्तान का कमाल


कफ़्तान पर लिया गया स्कार्फ. आपके लुक को आधुनिकता से भरपूर दिखाएगा

कॉटन ब्लेंड कफ़्तान, रु1,299, रंगमंच, पैंटालून्स; फ़्लेयर्ड डेनिम, मूल्य आग्रह पर, गैप; मेटल नेकलेस, रु1,545, ऐक्सेसराइज; सिल्वर नेकलेस, रु1,890, क्यूरिओ कॉटेज; ब्रास गोल्ड प्लेटेड ईयरिंग्स, रु1,500, स्टेटमेंट्स बाय एफआर; सिल्वर नोजपिन, रु800, क्वर्कस्मिथ; फॉक्स लेदर बेल्ट, रु699, ऐंड; कॉटन स्कार्फ, रु3,000, इंडिजेन

वर्कवेयर के लिए ट्राय करें कुर्ता

जब हमें यह समझ में नहीं आता कि क्या पहनना है, तो हमारी वॉर्डरोब में रखे कुर्ते हमारा साथ निभाते हैं और इन्हें कैरी करके हम आसानी से खुद की परेशानी का हल खोज लेते हैं। कुर्ता को ट्रेडिशनल वेयर के रूप में देखा जाता है पर जरूरी नहीं है कि आप इसे किसी फेस्टिवल या ट्रेडिशन इवेंट के मौके पर पहनें। आप अपनी वॉर्डरोब में आराम फरमा रहे इस आरामदायक पहनावे को अपने वर्क प्लेस के लिए भी चुन सकती हैं। आठ घंटे के वर्किंग आवर्स के लिए फॉर्मल शर्ट और ट्राउजर्स को कुर्तों के साथ स्वैप करके अपना एक शानदार लुक तैयार कर सकती हैं। कुर्तों के साथ कुछ प्रयोग हमारी बॉलिवुड अभिनेत्रियों ने भी किया है, जिसमें करिश्मा कपूर और जाह्नवी कपूर सहित कई अभिनेत्रियां शामिल हैं।





चिकनकारी एम्ब्रॉयडरी पर जरूर नजर डालें

बेहतरीन बुनाई और दस्तकारी की बात चलने पर चिकनकारी एम्ब्रॉडरी का नाम लिया जाता है. लखनवी चिकनकारी की तो पूरे देश में शान है.

भारत के पारंपरिक पहनावों और फैब्रिक्स में चिकनकारी को बहुत ऊंचा दर्जा मिला हुआ है. सादे डीटेल्स वाली चिकनकारी एक बेहद रिच लुक देती है। आप कुर्ता से लेकर शानदार लहंगे तक चिकनकारी को अपनी वॉर्डरोब में जगह दे सकती हैं।

सोनम कपूर, दीपिका पादुकोन जैसी फैशनिस्टा सेलेब्स कई अवसरों पर चिकनकारी को आजमाते देखी जाती हैं। इतना ही नहीं यह मनीष मल्होत्रा, अबु जानी और संदीप खोसला जैसे डिजाइनर्स का पसंदीदा भी है। उन्होंने अपने कलेक्शन में चिकनकारी का खुले हाथों से और बेहद शानदार इस्तेमाल किया है। तो क्या हम सभी को डीटेलिंग वाली ड्रेसेस पसंद नहीं आतीं? आती हैं ना! तो नीचे की तरफ स्क्रोल करके कुछ सेलेब्रिटीज और उनकी चिकनकारी वाली ड्रेसेस से इस फेस्टिव सीजन के लिए प्रेरणा लें।

एथनिक ड्रेसेस को स्टाइल करने में भला दीपिका पादुकोन को कौन टक्कर दे सकता है। उनका यह क्लासिक वाइट हैंडीक्राफ़्ट लुक उन्हें स्वप्न सुंदरी जैसा लुक दे रहा है। इस बारीक डीटेलिंग वाले परिधान में आलिया भट्ट की खूबसूरती कई गुना अधिक निखर गई लगती है। त्यौहारों के लिए इस तरह की ड्रेसेस लेने का फैसला एकदम सही रहेगा।



Sport

टॉस हुआ लेकिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी, भारत अब सीरीज नहीं हार सकता

भारत-न्यूजीलैंड तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द

एजेंसी ▸▸ हैमिल्टन

बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला तीसरा वनडे मैच रद्द कर दिया गया। हैमिल्टन में मंगलवार को सिर्फ टॉस हो सका। तय किया गया कि मुकाबला 40-40 ओवर का होगा। लेकिन, लगातार बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया। यह मैच धुल जाने से इतना तय हो गया है कि टीम इंडिया अब यह सीरीज नहीं हार सकती। पांच मैचों की सीरीज के पहले दो मुकाबले भारत जीत चुका है। अब अगर न्यूजीलैंड आखिरी दो मैच जीत भी लेता है तो भी सीरीज बराबर ही होगी। वनडे क्रिकेट में बारिश सहित अन्य कारणों से सबसे ज्यादा मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत और न्यूजीलैंड के नाम ही दर्ज है। भारत ने अब तक 1086 वनडे खेले हैं। इनमें से 44 रद्द हुए हैं। न्यूजीलैंड के 860 वनडे में से 44 रद्द हुए हैं। हैमिल्टन में लगातार बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे रद्द हो गया। मैच रद्द होने के साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ी हाथ मिलाते नजर आए।



घर में लगातार 11 वनडे सीरीज जीत चुका है न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड ने 2019 में भारत से सीरीज हारने के बाद से अपने घर में लगातार 11 द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती हैं। सेडन पार्क में न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड भी मजबूत है। यहां दोनों टीमों के बीच 8 वनडे खेले गए हैं। न्यूजीलैंड ने 6 और भारत ने 1 मैच जीता है, जबकि एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द हुआ। न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर अपने पिछले 12 पूरे हुए वनडे मुकाबले भी जीते हैं। उसे यहां आखिरी हार फरवरी 2017 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच में मिली थी। रोहित ने साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में 4987 रन बनाए हैं। इसमें 17 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। 13 रन बनाते ही वे इन चारों देशों में 5000 इंटरनेशनल रन बनाने वाले पहले भारतीय ओपनर बन जाएंगे। दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन ने शुभमन गिल को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया था। हैमिल्टन में गिल के पास इस गेंदबाजी का जवाब देने का मौका होगा। यह सीरीज में उनका आखिरी वनडे भी हो सकता है। इसके बाद वे टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए वनडे टीम से अलग हो जाएंगे। उनकी जगह उपकप्तान श्रेयस अय्यर टीम की कप्तानी करेंगे।

पंत का फिटनेस टेस्ट 12 नवंबर को

नई दिल्ली। ऋषभ पंत का आखिरी फिटनेस और सिमुलेशन टेस्ट 12 नवंबर को आईसीसीस के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में होगा। टेस्ट पास करने के बाद वे न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए रवाना होंगे।

पंत ने सीओई में बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस की है। इन सेशन में वे सहज नजर आए हैं। पंत को ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया और जम्मू-कश्मीर के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान साइड स्ट्रेन हुआ था।

इसके बाद उन्हें न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज से पहले होने वाले इंडिया-अ के तीनों मुकाबलों के लिए चुना गया था, लेकिन सीओई से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण वे एक भी मैच नहीं खेल सके। उन्हें इंडिया-अ टीम से वापस बुला लिया गया और उन्हें में उनका रिहैबिलिटेशन जारी रहा

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोला- सैंडपेपर विवाद की जांच दोबारा नहीं

सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के उएड टॉड ग्रीनबर्ग ने 2018 के सैंडपेपर विवाद की जांच दोबारा शुरू करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- बोर्ड के पास जांच फिर से खोलने की कोई ठोस वजह नहीं है। हम पहले की जांच के नतीजों से संतुष्ट है।

यह विवाद फिर से चर्चा में है और इसकी वजह हैं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा। उन्होंने अपनी बायोग्राफी बुक 'सब्र' में दावा किया कि 2018 के साउथ अफ्रीका दौरे पर पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को गेंद से छेड़छाड़ की जानकारी थी।

नैनो न्यूज

- **बारिश से रद्द हुआ भारत-न्यूजीलैंड तीसरा वनडे-** हैमिल्टन में भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द हो गया। भारत पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है और सीरीज पर अजेय बढ़त बना चुका है।
- **वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने जड़ा 160 रन-** भारत अंडर-19 टीम के बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग ने यूएई के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में 168 गेंदों पर 160 रन बनाए। उनकी पारी में 17 चौके और 7 छक्के शामिल रहे।
- **भारतीय महिला बैडमिंटन जोड़ी की शानदार जीत-** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने जापान मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरूआत की। भारतीय जोड़ी ने जापानी खिलाड़ियों को सीधे दो गेम में हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।
- **न्यूजीलैंड दौरे पर पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम-** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम न्यूजीलैंड पहुंच गई है। टीम 12 नवंबर से दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले खेलेगी। यह भारतीय टीम का न्यूजीलैंड का पहला दौरा है।

पाकिस्तान ने पहली पारी 434 रन पर घोषित की

सऊद शकील 7 रन से शतक चूके, डेब्यूटेंट साकिब ने 2 विकेट लिए; श्रीलंका 114/3

एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी

पाकिस्तान ने रावलपिंडी टेस्ट की पहली पारी 434 रन पर घोषित कर दी। टीम ने 106.3 ओवर में 9 विकेट गंवाए। सऊद शकील शतक से 7 रन दूर रह गए। डेब्यू कर रहे तैयब आरिफ, बाबर आजम और मोहम्मद ताहा ने अर्धशतक लगाए।

जवाब में श्रीलंका ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी में 27.1 ओवर में 3 विकेट पर 114 रन बनाए हैं। टीम अभी पाकिस्तान से 320 रन पीछे है। कामिंदु मेंडिस 40 और धनंजय डी सिल्वा 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

पाकिस्तान के लिए डेब्यू कर रहे साकिब खान ने 2 विकेट लिए। खराब रोशनी के कारण दूसरे दिन खेल समय से पहले रोकना पड़ा। पाकिस्तान ने 253 रन पर पांचवां विकेट गंवा दिया था। इस समय टीम के सामने चुनौती थी कि निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर बड़ा स्कोर खड़ा किया जाए। सऊद शकील ने विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी घोरी के साथ छठे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। दोनों ने 149 गेंदों तक बल्लेबाजी की। गाजी ने 72 गेंदों पर 48 रन बनाए। वे अर्धशतक से सिर्फ 2 रन दूर थे, तभी दिलशान मदुशंका की गेंद पर पसिंदु सूरियाबंदर ने उनका कैच पकड़ लिया। इसके बाद भी शकील ने पारी आगे बढ़ाई। वे 199 गेंदों पर 93 रन बनाकर असिथा फर्नांडो की गेंद पर आउट हुए। उनकी पारी में 9 चौके शामिल रहे।



सऊद शकील और गाजी घोरी ने पारी को संभाला

पाकिस्तान ने 253 रन पर पांचवां विकेट गंवा दिया था। इस समय टीम के सामने चुनौती थी कि निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर बड़ा स्कोर खड़ा किया जाए। सऊद शकील ने विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी घोरी के साथ छठे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। दोनों ने 149 गेंदों तक बल्लेबाजी की। गाजी ने 72 गेंदों पर 48 रन बनाए। वे अर्धशतक से सिर्फ 2 रन दूर थे, तभी दिलशान मदुशंका की गेंद पर पसिंदु सूरियाबंदर ने उनका कैच पकड़ लिया। इसके बाद भी शकील ने पारी आगे बढ़ाई। वे 199 गेंदों पर 93 रन बनाकर असिथा फर्नांडो की गेंद पर आउट हुए।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

नलावदा गांव के तालाब से पानी निकालने का आरोप

धार। जिले के तिरला ब्लॉक के ग्राम नलावदा में गांव के एकमात्र तालाब से कथित तौर पर अवैध तरीके से पानी निकालकर निजी तलाई में जमा करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से कुछ लोग मोटर लगाकर 24 घंटे तालाब का पानी खींच रहे हैं। इससे जलस्तर लगातार घट रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, इसी तरह पानी निकाला जाता रहा तो अगले 3 से 4 दिनों में तालाब सूख सकता है। उनका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभागों ने अब तक कार्रवाई नहीं की।

नागदा-गुजरी मार्ग का ओवरब्रिज एक साल से अधूरा

धार। नागदा-गुजरी मार्ग पर रेलवे विभाग द्वारा बनाया जा रहा ओवरब्रिज करीब एक साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। ओवरब्रिज निर्माण के लिए पुराना ब्रिज तोड़ने के बाद विभाग ने मुख्य मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया था। इसके बाद वाहनों की आवाजाही के लिए सुनारखेड़ी अंडरपास की ओर से वैकल्पिक रास्ता तैयार कर उसे डिवाइड किया गया था। लेकिन अब यह वैकल्पिक मार्ग भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। स्थिति यह है कि मार्ग को डिवाइड करने के महज एक महीने बाद ही सड़क उखड़ने लगी थी और धीरे-धीरे पूरी सड़क जर्जर हो गई।

151 साल पुराने गोवर्धननाथ मंदिर में गाय गोहरी

झाबुआ। आदिवासी अंचल का प्रसिद्ध गाय गोहरी पर्व जिले में सोमवार को मनाया गया। झाबुआ में 151 साल पुराने गोवर्धननाथ मंदिर की परिक्रमा में हजारों लोग शामिल हुए। मंदिर में गोवर्धन पूजा हुई। इसके बाद परिक्रमा पथ पर गोधन रखा गया। मन्नतधारी ग्वाले इस गोधन पर लेटे और परिक्रमा में शामिल गायें इनके ऊपर से गुजरी। ये परंपरा सदियों पुरानी है। माना जाता है, पूरे साल गायों के पालन-पोषण में किसी भी तरह से ग्वालों द्वारा उनसे बरती गई सख्ती की क्षमा के रूप में ग्वाले ये परंपरा निभाते हैं।

मकान से 222 पेटी अवैध शराब जब्त



9.89 लाख का माल बरामद, आरोपी गिरफ्तार, आबकारी एक्ट में केस

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बखतगढ़ पुलिस ने ग्राम बखतगढ़ के हरिजन मोहल्ले में एक मकान पर दबिश देकर 222 पेटी अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब की कुल मात्रा 1,976.52 बल्क लीटर है, जिसकी कीमत करीब 9 लाख 89 हजार 500 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से आरोपी अहमद मकरानी (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक समर वर्मा ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत 9 नवंबर को बखतगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बखतगढ़ के हरिजन मोहल्ले में अहमद मकरानी के घर पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखी गई है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और मकान में दबिश दी। यहां अहमद पिता रजक मकरानी (28), निवासी बाजार फलिया, ग्राम बखतगढ़ को पकड़ा गया। कमरे की तलाशी लेने पर अलग-अलग ब्रांड की शराब की पेटियां मिलीं।

नैनो न्यूज

- **धनतेरस पर इंदौर में एक हजार करोड़ का कारोबार-** इंदौर में धनतेरस पर करीब 1070 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में 400 करोड़, प्रॉपर्टी में 300 करोड़ और सराफा बाजार में 250 करोड़ रुपए की बिक्री का अनुमान रहा।
- **दीपावली की खरीदारी से बाजारों में लौटी रौनक-** राजवाड़ा, सराफा, बर्तन बाजार, सितलामाता बाजार और एमटी क्लॉथ मार्केट में दीपावली पर ग्राहकों की भारी भीड़ रही। कपड़े, आभूषण, सजावटी सामान और पूजन सामग्री की खरीदारी बढ़ी।
- **पुष्य नक्षत्र पर 850 करोड़ की खरीदारी-** इंदौर में रवि पुष्य नक्षत्र पर करीब 850 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। सराफा व्यापार में 15 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और रियल एस्टेट में भी ग्राहकों ने खरीदारी की।
- **धनतेरस पर ऑटोमोबाइल कारोबार में रिकॉर्ड बिक्री-** इंदौर में धनतेरस पर करीब 10 हजार दोपहिया और 2 हजार कारों की डिलीवरी हुई। ऑटोमोबाइल कारोबार का अनुमानित मूल्य 400 करोड़ रुपए रहा।
- **सराफा बाजार में ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद-** धनतेरस के बाद सराफा बाजार में ग्राहकी कुछ कमजोर हुई। व्यापारियों को आगामी विवाह सीजन में सोने-चांदी की मांग बढ़ने की उम्मीद है।

ग्वालियर हाईकोर्ट को खालिस्तानी संगठन के नाम से मेल, लिखा-कॉन्सर्ट को आईईडी से उड़ाएंगे

बम धमाकों की धमकी, दिलजीत बोले-पोहा खाने इंदौर जरूर आऊंगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

चार गानों पर रोक और लगातार मिल रही धमकियों के बीच पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने इंदौर आने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। उन्होंने छप्पन दुकान की पुरानी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मैं आऊंगा और सबसे पहले पोहा खाऊंगा।'

दिलजीत का इंदौर में 15 नवंबर को कॉन्सर्ट होना है। अब इसमें सिर्फ पांच दिन बाकी हैं। इससे पहले खालिस्तानी नेशनल आर्मी के नाम से ई-मेल के जरिए कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। शहर के तीन प्राइवेट स्कूलों, महापौर कार्यालय और ग्वालियर हाईकोर्ट के ईमेल पर धमकी भरे मैसेज मिले हैं। मेल में माता-पिता से कहा गया है कि वे अपने बच्चों को शो में न भेजें। इन मैसेज में कॉन्सर्ट और उसके मंच को बम और आईईडी से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पुलिस और एसआईटी अब तक मेल भेजने वाले की पहचान नहीं कर सकी है। कॉन्सर्ट की तारीख नजदीक आ रही है, लेकिन पुलिस के पास अब तक कार्यक्रम की अनुमति के लिए आवेदन नहीं पहुंचा है। ऐसे में आयोजन की मंजूरी, सुरक्षा व्यवस्था और धमकी भरे ईमेल की जांच को लेकर पुलिस की भूमिका अहम हो गई है। अब अगले पांच दिनों में पुलिस के सामने ईमेल भेजने वाले का पता लगाने और कॉन्सर्ट की सुरक्षा व्यवस्था तय करने की चुनौती है। वहीं, दिलजीत के फैंस को उनके इंदौर आने और लाइव परफॉर्मेंस का इंतजार है।



धमकियों के बीच कॉन्सर्ट की तैयारी

दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट 15 नवंबर को इंदौर के सी-21 मॉल में होना है। इसे लेकर ग्वालियर हाईकोर्ट और एक जज को धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। इससे पहले 2 नवंबर को इंदौर के महापौर कार्यालय और शहर के तीन निजी स्कूलों को भी कॉन्सर्ट को लेकर धमकी भरे ईमेल मिले थे। इनमें बम धमाके की चेतावनी दी गई थी। साथ ही कॉन्सर्ट के मंच को उड़ाने की बात कही गई थी। लगातार मिल रहे इन धमकी भरे ईमेल की जांच पुलिस और एसआईटी कर रही है। हालांकि, अब तक ईमेल भेजने वाले की पहचान नहीं हो पाई है।

दिलजीत के कॉन्सर्ट में 4 गानों पर रोक

कॉन्सर्ट को लेकर सुरक्षा के अलावा गानों और बच्चों की एंट्री का मुद्दा भी सामने आया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सी-21 मॉल प्रबंधन को पत्र लिखकर दिलजीत के चार गानों को कॉन्सर्ट में नहीं गाने देने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी का मानना है कि इन गानों के बोल बच्चों पर गलत असर डाल सकते हैं। जिन गानों पर रोक लगाने को कहा गया है, उनमें 'पटियाला पैग', '5 तारा ठेके', 'जेब विचों अफीम लभिया' और 'जट्ट उत्थे फायर करदा जित्थे पाबंदी हथियार दी' शामिल हैं।

दिल्ली और मुंबई में भी धमकियां

दिलजीत के कॉन्सर्ट को लेकर धमकियां सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं हैं। अक्टूबर में दिल्ली में होने वाले उनके कॉन्सर्ट को भी सुरक्षा कारणों से शुरूआत में पुलिस की मंजूरी नहीं मिली थी। हालांकि, बाद में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के बाद कार्यक्रम को मंजूरी दे दी गई।

इंदौर नगर निगम ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

खजराना में बिना अनुमति बन रही कॉलोनी ध्वस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर में अवैध कॉलोनियों के निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को निगम की टीम ने जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत खजराना में अवैध कॉलोनी निर्माण के उद्देश्य से किए जा रहे काम को हटाया।

यहां ड्रेनेज लाइन डालने के साथ कॉलम का निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलने पर निगम की रिमूवल गैंग मौके पर पहुंची और अवैध रूप से बनाई गई संरचना को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की गई।

मामला ग्राम खजराना स्थित खसरा नंबर 523/2 की जमीन का है। निगम को सूचना मिली थी कि यहां बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए ड्रेनेज लाइन बिछाने और कॉलम बनाने का काम चल रहा था।



अवैध निर्माण के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

सूचना मिलने के बाद निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण हटाने की कार्रवाई की। इसमें कॉलोनी सेल की एई टीना सिसोदिया, भवन अधिकारी सुनील जादोन और मुख्यालय के भवन निरीक्षक मौजूद रहे। रिमूवल गैंग ने मौके पर अवैध रूप से बनाई गई संरचना को हटाया।

अनादि तागड़े को इंडिया अंडर-19 बी की कप्तानी

चोट के कारण रजत पाटीदार इंडिया ए से बाहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर की तेज गेंदबाज अनादि तागड़े को भारतीय महिला क्रिकेट में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आगामी टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उन्हें इंडिया अंडर-19 बी टीम का कप्तान बनाया गया है।

टूर्नामेंट में इंडिया ए और नेपाल की अंडर-19 टीमें भी हिस्सा लेंगी। खास बात यह है कि इस श्रृंखला के लिए चुनी गईं मध्य प्रदेश की अनादि एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनके नेतृत्व में टीम बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेलेगी।

अनादि को यह जिम्मेदारी हाल ही में बिलासपुर में हुई महिला अंडर-19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर मिली है। उन्होंने टूर्नामेंट में 10 ओवर में 41 रन देकर 4 विकेट लिए। फाइनल में दबाव के बीच 4 ओवर में महज 18 रन देकर 3 विकेट झटके। उनकी इकोनॉमी 4.10 रही। गेंदबाजी के साथ उन्होंने बल्लेबाजी में भी 11 रन का योगदान दिया। आगामी आईसीसी अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से भी यह जिम्मेदारी अहम मानी जा रही है। वहीं, सीनियर बल्लेबाज रजत पाटीदार चोट के कारण इंडिया ए टीम से हट गए हैं। उन्हें आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए टीम का उपकप्तान बनाया गया था, लेकिन फिटनेस संबंधी समस्याओं के चलते उन्होंने बीसीसीआई से नाम वापस लेने का अनुरोध किया था।

डीजे बंद कराने पर पैरालिसिस मरीज को धक्का देने से हुई मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज आवाज में साउंड बजाने को लेकर हुए विवाद में 50 वर्षीय संदीप वर्मा की मौत हो गई। संदीप पैरालिसिस से पीड़ित थे। आरोप है कि उन्होंने पड़ोसी अनिल वर्मा से साउंड की आवाज कम करने को कहा तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान अनिल ने उनके साथ हाथापाई कर धक्का दे दिया। संदीप पीछे की ओर दीवार से टकराकर बेहोश हो गए। परिजन उन्हें एमवाय अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सेंट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान संदीप वर्मा (50), निवासी नॉर्थ तोड़ा के रूप में हुई है। वे पिछले कुछ समय से पैरालिसिस से पीड़ित थे। सोमवार शाम उनके घर के पास रहने वाला पड़ोसी अनिल वर्मा तेज आवाज में डीजी बजा रहा था।

संदीप ने आवाज कम करने को कहा तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर अनिल ने संदीप के साथ हाथापाई की और उन्हें धक्का दे दिया। परिजनों का आरोप है कि अनिल के धक्का देने से संदीप पीछे की ओर दीवार से टकरा गए और बेसुध होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। संदीप के परिवार में एक बेटी और एक बेटा है। बेटी निजी संस्थान में नौकरी करती है, जबकि बेटा पढ़ाई कर रहा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अनिल वर्मा ई-रिक्शा चलाता है और घटना के बाद से फरार है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में दबिश दे रही हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

चार बहनों के इकलौते भाई की सड़क हादसे में मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित सुपर कॉरिडोर पर बोहरा कॉलोनी के सामने मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार दूध टैंकर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के छात्र निहाल (19) की मौत हो गई।

एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान निहाल पुत्र विनय पांडे निवासी चौथी पलटन, इंदौर के रूप में हुई है। निहाल सेज यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। परिजनों ने बताया कि निहाल मंगलवार सुबह घर से यह कहकर निकला था कि वह घूमकर वापस आता है। लेकिन कुछ ही देर बाद हादसे की दुखद खबर घर पहुंच गई। टैंकर और बाइक की टक्कर इतनी भीषण थी कि निहाल को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में उसकी मौत हो गई। निहाल अपने परिवार में चार बहनों का इकलौता भाई था। उसकी असमय मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे इलाके में मातम छा गया।

कबूतरों की बीट से गांधी प्रतिमा बदहाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रीगल तिराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा दीपोत्सव के बीच बदहाल स्थिति में नजर आ रही है। शहर की व्यस्त सड़कों और भागदौड़ के बीच इस प्रतिमा पर कबूतरों की बीट और गंदगी जमा है। यहां सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में कबूतरों का जमावड़ा रहता है। वे प्रतिमा के सिर, कंधों और आसपास बैठते हैं। अब उनकी लगातार मौजूदगी प्रतिमा की सुंदरता और गरिमा को प्रभावित कर रही है।

खराब सड़क से रास्ते में बंद हुई फायर ब्रिगेड

दो मकानों में आग लगने से तीन बैल और 2 बकरियां जिंदा जलीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झाबुआ

झाबुआ जिले की रानापुर तहसील की ग्राम पंचायत समोई के मोद फलिया में मंगलवार अलसुबह करीब 3 बजे अज्ञात कारणों से दो मकानों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दोनों मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे में एक बड़ा बैल, दो छोटे बैल और दो बकरियों की जलने से मौत हो गई।

घरों में रखा अनाज, चांदी के आभूषण, नकदी, कपड़े, बिस्तर और घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया। इस दौरान आग बुझाने पहुंची नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते में ही बंद हो गई। ग्रामीणों को उसे दोबारा चालू कराने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। बाद में डीजल भी मंगवाना पड़ा।

आग में घरों का पूरा सामान जलकर नष्ट- आगजनी से प्रभावित परिवारों की गृहस्थी पूरी तरह उजड़ गई। हादसे में राकेश छितु वसुनिया को 2.50 लाख रुपए, दिलीप छितु वसुनिया को 60 हजार रुपए, दिनेश छितु वसुनिया को 1.70 लाख रुपए, सामजी रूपा वसुनिया को 1.80 लाख रुपए और जंगलीया सामजी वसुनिया को 1.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया।



कांग्रेस नेता और जिला पंचायत सदस्य पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता दिनेश वसुनिया रात में ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में मदद की। कुछ देर बाद जिला पंचायत सदस्य कमलेश सिंगाड़ भी घटनास्थल पर पहुंचे। मंगलवार दोपहर तहसीलदार राजेंद्र चौहान, टीआई श्रीराम मंडलोई और पटवारी कमल जामोद ने मौके का निरीक्षण किया। टीम ने नुकसान का आकलन कर पंचनामा तैयार किया। नगर परिषद की फायर ब्रिगेड की कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। 12 नवंबर 2023 को जोबट नाके पर फटाका दुकानों में आग लगने के दौरान फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची थी। इससे नाराज लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की थी। इस घटना में फायर ब्रिगेड के ड्राइवर को भी चोट आई थी।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा | आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर | महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com